www.anantgyaan.in

| | |
|---|---|
| सूर्योदय 7:14 | सूर्यास्त 5:47 |

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.00 न्यू | 14.05 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 18.00 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73128.77 |
| निफ्टी | 22032.30 |
| सोना 62,661 | चांदी 71,714 |


# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




धर्मशाला | बुधवार, 17 जनवरी 2024 | 4 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 30 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

जम्मू के रघुनाथ मंदिर में दर्शन मात्र से मोक्ष मिलने की मान्यता..पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में लगे भूकंप के झटके



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 मापी गई। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जानमाल के नुकसान की फिलहाल सूचना नहीं मिली है।

### कांग्रेस ने राजस्थान में टीकाराम जूली को बनाया नेता प्रतिपक्ष

**जयपुर।** कांग्रेस आलाकमान ने टीकाराम जूली को कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाया है। इसके अलावा राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी गोविंद सिंह डोटसरा को दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने टीकाराम जूली को कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाने का प्रस्ताव पास कर दिया है।

### देश में कोरोना से तीन की मौत, 180 नए मामले आए

**नई दिल्ली।** कोरोना के लगातार मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को भारत में सिर्फ एक दिन में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में संक्रमण से तीन लोगों की मौत हुई। नए वेरिएंट जेएन-1 के मामले आने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है।

## टॉप स्टोरीज


फर्जी विदेशी नंबर से फ्रॉड करने वाले गिरोह सक्रिय, हो जाएं सावधान ...पेज 2

राज्य में बिजली उत्पादन पर पड़ी सूखे की मार ...पेज 3

केंद्र सरकार ने शीरा उत्पाद पर लगाया 50 फीसदी निर्यात शुल्क ...पेज 12



## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर, प्रूफ रीडर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अपने सीवी भेजें
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065


# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान शुरू

## सरयू के जल से धोया मंदिर, आज होगा रामलला की मूर्ति का परिसर में प्रवेश

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** के राम मंदिर में विराजित होने वाली रामलला की नई प्रतिमा तय हो गई है। मंगलवार से प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं, जो 21 जनवरी तक चलेंगे। मंगलवार दोपहर एक बजे से भगवान रामलला की मूर्ति के निर्माण स्थल पर कर्मकुटी पूजा शुरू हुई। इससे पहले राम जन्मभूमि परिसर में सफाई की गई। वहीं, राम मंदिर को भी सरयू नदी के जल से धोया गया।






### 108 फुट लंबी अगरबत्ती जलाई

**रामनगरी** में 108 फुट की अगरबत्ती जलाई गई। इसे गुजरात से लाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की मौजूदगी में इसे जलाया गया।




- 18 जनवरी : तीर्थ पूजन जल यात्रा, जलाधिवास
- 19 जनवरी (प्रात:) : औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और धान्याधिवास
- 20 जनवरी (प्रात:) : शर्कराधिवास, फलाधिवास और पुष्पाधिवास
- 21 जनवरी (प्रात:) : मध्याधिवास और शय्याधिवास

**मकराना संगमरमर से निर्मित आसन पर ही रामजी की खड़े स्वरूप में प्रतिमा स्थापित होगी**

- सोलर बोट से सरयू यात्रा कराएगी योगी सरकार
- 30 पैसेंजर्स की सीटिंग कैपेसिटी युक्त होगी विशिष्ट बोट, यूपीनेडा करेगा सरयू में सोलर बोट का संचालन

### सोमनाथ से अयोध्या लाया आठ कुंडों का जल

**रामलला** की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ से आठ कुंडों का जल अयोध्या लाया गया है। साथ ही तीन करोड़ 50 हजार मंत्रों से अभिमंत्रित सोने और चांदी के पत्र से अंकित पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज को सौंपा गया। मंगलवार को सोमनाथ मंदिर के पुजारी ककुणाल कापणिया, प्रबंधक दिलीप चावडा, पी आर ओ धुव्र जोशी अयोध्या पहुंचे।



**सोने, चांदी और हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की अनुकृति**

### मुंबई में भी बनेगा अयोध्या की तरह राम मंदिर



**मुंबई** में भी अयोध्या की तरह राम मंदिर बनेगा। मुंबई के वर्सोवा में राम मंदिर की 50 फुट ऊंची प्रतिकृति तैयार की जाएगी। यह बिलकुल राम मंदिर की कॉपी होगी। इसका भूमि पूजन आज बीजेपी नेता नितेश राणे ने किया है। यह राम मंदिर 21, 22 और 23 जनवरी तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। ऐसे में जो लोग अयोध्या नहीं जा सकते, वो इस मंदिर के जरिए रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसे हुबहू अयोध्या की तरह बनाया जाएगा। इस भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति के लिए ठीक राम मंदिर जैसे ही खंभे लगाए गए हैं। इस पर देवी-देवताओं के चित्र भी बने हैं। इस मंदिर में सुंदरकांड और पूजा पाठ किया जाएगा, जैसे अयोध्या में पूजा की जा रही है। मुंबई के ओशिवारा में खासतौर पर इसके लिए तैयारी शुरू हो गई हैं।

## पीएम मोदी तीन दिन चौकी पर सिर्फ कंबल बिछाकर सोएंगे, फलाहार ही करेंगे

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराएंगे। ऐसे में उन्हें तमाम तरह के धार्मिक और वैदिक नियमों का पालन करना होगा। इस संबंध में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव महाराज ने बताया कि तीन दिन पीएम मोदी अपनी चौकी पर केवल कंबल बिछाकर सोएंगे। अंतिम तीन दिनों तक भोजन में सिर्फ फल का सेवन करेंगे। पीएम मोदी ने स्वयं पूछा था कि इसके लिए उनको क्या करना चाहिए। कठिन से कठिन जो भी होगा वह सब कुछ करने को तैयार हैं। उनको विशेष मंत्रों का जाप करना है, जो उनको बता दिया गया है।



### पीएम बोले, पूरा देश 'राममय' रामराज्य में जनता का राज

**राम** मंदिर उद्घाटन को लेकर जारी तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश में कहा कि आज पूरा देश राममय है औ रामराज्य में जनता ही राज है। महात्मा गांधी भी रामराज्य की बात करते थे। पीएम मोदी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 11 दिन पूर्व मेरा व्रत चल रहा है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा और आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है। प्रभु श्रीराम समाज जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं, जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कहा कि भगवान राम भरत से कहते हैं कि मुझे विश्वास है तुम कामों को बिना समय गंवाए पूरा करते हो, जिसमें लागत कम है। पिछले कई सालों में हमारे सरकार ने लागत पर ध्यान दिया है।

### राज्यपाल ने की सफाई



शिमला के जाखू मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

### मुख्यमंत्री सुक्खू बोले- जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना

## विधवा व एकल नारियों को घर बनाने के लिए मिलेंगे डेढ़-डेढ़ लाख

जय ठाकुर, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना शुरू करेगी।

इस योजना के तहत पात्र विधवा एवं एकल नारियों को घर निर्मित करने के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। सात हजार महिलाओं को घर निर्मित करने के लिए सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला उत्थान के लिए समर्पित इस योजना को हाल ही में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान की है। योजना की अंतिम रूपरेखा तैयार की जा रही है। आश्रय प्रदान इस योजना के तहत निर्मित घर में बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। (अनंत ज्ञान)



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### सरकार ने शुरू की कई योजनाएं

सीएम सुक्खू ने कहा कि सरकार समाज के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं और समाज के कमजोर वर्गों के दुःख और परेशानियों से भली-भांति परिचित हैं। प्रदेश सरकार राज्य का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करते हुए समाज के वंचित वर्गों को विकास की मुख्य धारा में शामिल कर रही है।

### चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बने चार हजार अनाथ बच्चे

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से चार हजार से अधिक अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाकर उनके लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक चार हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

### डीपफेक पर सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री बोले

## सात दिन में जारी होंगे संशोधित आईटी नियम

**नई दिल्ली।** डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार सात दिनों में नए आईटी नियम जारी करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हमने इस पर दो बैठकें की हैं। आईटी नियमों में गलत सूचना और डीपफेक के दो प्रावधान हैं, उसका पालन करना अनिवार्य है। हमने एक एडवाइजरी भी जारी की है। सात से आठ दिनों में नए आईटी नियम अधिसूचित करेंगे।



डीपफेक के मसले पर कहा कि इनोवेशन के हर फायदे के साथ चुनौतियां और नुकसान भी हैं। हमारी नीतियां, हमारे नियम और हमारा दृष्टिकोण खुले, सुरक्षित और जवाबदेह इंटरनेट का है। यह हमारा कर्तव्य है कि हर भारतीय इंटरनेट पर सुरक्षा और विश्वास का अनुभव करे। हम इसके लिए नियम और कानून बनाएंगे। पिछले कुछ महीने में देश में डीपफेक एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया है।

### माल्या-नीरव मोदी और संजय भंडारी को लंदन से लाने की तैयारी



**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी, संजय भंडारी और विजय माल्या के खिलाफ कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सूत्रों ने बताया कि भगोड़े कारोबारियों को भारत लाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय और राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों की एक उच्च-स्तरीय टीम लंदन जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के सीनियर अफसरों की टीम और ब्रिटेन स्थित भारतीय हाई कमीशन के बीच लंदन में मीटिंग शेड्यूल्ड है। इस मीटिंग में ब्रिटेन के अफसर भी शामिल होंगे। इसमें भारत के अधिकारी जानकारी जुटाएंगे कि इन भगोड़े अपराधियों ने लंदन और अन्य देशों में कौन सी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया और कहां-कहां ट्रांजेक्शन किया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह सर्वे पर रोक

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हिंदू पक्ष की मांग स्पष्ट नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के सर्वे के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ने अस्पष्ट अर्जी पर आदेश दिया।



कोर्ट ने हिंदू पक्ष की ओर से हाई कोर्ट में दाखिल अस्पष्ट आवेदन पर भी सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से कहा कि सर्वे कमिश्नर की नियुक्ति के लिए एक अस्पष्ट आवेदन दायर नहीं कर सकते हैं। इसका मकसद स्पष्ट होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर इस केस से जुड़े हुए हिंदू संगठन, भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और अन्य से जवाब मांगा है। इस केस पर अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सर्वे केस के अलावा ईदगाह से जुड़े अन्य सभी केस पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी।

### ज्ञानवापी परिसर के सील एरिया की सफाई को दी अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को काशी के ज्ञानवापी मामले में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर में मौजूद पानी की टंकी (वुजुखाना) की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि वाराणसी के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की निगरानी में सफाई की प्रक्रिया पूरी हो। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जिला प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेश को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को अंजाम दे। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने भी हिंदू पक्ष की इस मांग पर कोई ऐतराज नहीं जताया। गौरतलब है कि इसी वुजुखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने हिंदू पक्ष की याचिका पर यह निर्देश दिया। हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी, क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ीं थी। हिंदू पक्ष की याचिका का मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी की ओर से विरोध नहीं किया गया।

### खुशखबरी लंबे समय से विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने की शुरू होगी प्रक्रिया

# सुक्खू सरकार जल्द भरेगी 40 हजार रिक्त पद

अरविंद शर्मा, शिमला

**सुक्खू** सरकार एक साल से अधिक समय बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने की जल्द प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। सरकार की ओर से प्रदेश में करीब 40 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

राजस्व विभाग में जिला उपायुक्तों के माध्यम से 874 पटवारियों के पद भरे जाएंगे। इसके साथ ही 20 नायब तहसीलदार और आठ तहसीलदार के पद भरे जाने हैं। प्रदेशभर के क्लस्टर स्कूलों में प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापकों की कमी है, वहां पर गेस्ट टीचर के तौर पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। (अनंत ज्ञान)

- प्रदेश में भरे जाएंगे 874 पटवारी और 20 नायब और आठ तहसीलदारों के पद
- 167 आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसरों की भर्ती प्रक्रिया पूरी

### गेस्ट टीचर के तौर पर 2200 शिक्षकों के पद भरेगी सरकार

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**सुक्खू** सरकार ने प्रदेशभर में 2200 के करीब अध्यापकों को गेस्ट टीचर के तौर पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से जहां पर पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं, उन्हें अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को करने का भी मौका मिलेगा। हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से युवा वर्ग भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की इंतजार कर रहे हैं। पुलिस विभाग में पुरुष और महिला वर्ग के 1200 पद भरे जाएंगे।

### मेडिकल ऑफिसरों की होगी जल्द तैनाती

**प्रदेश** में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 167 आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसरों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द मेडिकल ऑफिसरों को तैनाती दी जाएगी। आयुर्वेद विभाग में मंत्रियों के पोर्टफोलियो के बदलने के बाद यह मामला नए मंत्री यादवेंद्र गोमा के पास पहुंचाया जाएगा। इसी तरह लोक निर्माण विभाग में भी रिक्त पड़े पदों को भरा जाएगा। अभी सरकार अधिकारियों से फीडबैक ले रही है। वहीं, लोक सेवा आयोग के माध्यम से ही कुछ भर्तियों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में बीते चार साल से किसी भी विभाग में बड़ी भर्ती अब तक नहीं हुई है। ऐसे में विभिन्न विभागों में भर्ती को लेकर सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार पहले से नई योजना तैयार कर रही है, जिससे विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू किया जा सके और राजस्व पर भी अतिरिक्त बोझ न पड़े।

> **राजस्व** विभाग में 874 पटवारी और 20 नायब तहसीलदार और आठ तहसीलदार के पद जल्द भरे जाएंगे। अन्य विभागों में भी भर्तियों को लेकर आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।
>
> -जगत सिंह नेगी, राजस्व मंत्री, हिमाचल प्रदेश।



## मैदानी इलाकों में सूखी ठंड ने तोड़ा रिकॉर्ड

### कोहरे की मार: प्रदेश में बढ़ी ठिठुरन, ऊना का न्यूनतम तापमान -1.0 डिग्री दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** में पड़ रही सूखी ठंड के कारण मैदानों सहित उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। राज्य के कई मैदानी क्षेत्रों में रात का तापमान माइनस शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। ऊना का न्यूनतम तापमान -1.0 डिग्री, मंडी में -0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।


- कुकुमसेरी में तापमान माइनस 11.1 डिग्री सेल्सियस

कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान माइनस 11.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। प्रदेश के अन्य मैदानी जिलों कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर सहित सोलन और सिरमौर के कई क्षेत्रों में मंगलवार सुबह कोहरा छाया रहा। इससे कई जगह वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, आगामी दो दिनों के दौरान सुबह के समय मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन के अलग-अलग हिस्सों में कोहरा छाए रहने की संभावना है।

### मैदानी क्षेत्रों में आज भी घने कोहरे का अलर्ट

मौसम विभाग ने बुधवार को प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्का हिमपात होने की संभावना जताई है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में अभी भी लोगों को कोहरे की मार का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने मैदानी क्षेत्रों में बुधवार को भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

### पांच स्थानों में शून्य डिग्री सेल्सियस तक गिरा तापमान



सुंदरनगर में न्यूनतम तापमान -0.1, भुंतर 0.1, कल्पा -1.8, धर्मशाला 5.2, ऊना -1.0, नाहन 6.1, पालमपुर 2.6, सोलन 0.6, मनाली 0.2, कांगड़ा 3.5, मंडी -0.2, चंबा 2.6, डलहौजी 4.5, जुब्बलहट्टी 5.2, कुफरी 2.0, कुकुमसेरी -11.1, नारकंडा 1.8, भरमौर 4.1, रिकांगपिओ 0.2, सेऊबाग 0.5, धौलाकुआं 3.4, बरठीं -0.5, समदो -2.0, पांवटा साहिब 6.0, सराहन 2.0 और देहरागोपीपुर में 8.0, शिमला में न्यूनतम तापमान 4.0, डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### आम लोगों से ठगी करने के लिए आजमा रहे नए-नए पैंतरे, अगर आप सचेत नहीं हुए तो अगले ही पल आपसे हो जाएगी ठगी


# फर्जी विदेशी नंबर से फ्रॉड करने वाले गिरोह सक्रिय, हो जाएं सावधान

**राजेश शर्मा, ऊना**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

फर्जी विदेशी नंबर से फोन कॉल करके ऑनलाइन ठगी करने वालों से सावधान! हो सकता है ऐसे गिरोह के अगले शिकार आप हों। इन दिनों ऐसा फर्जीवाड़ा करने वाले कई गिरोह सक्रिय हो चुके हैं। आम लोगों से ठगी करने के लिए ये गिरोह नए नए पैंतरे आजमा रहे हैं। अगर ऐसी किसी कॉल पर आप सचेत नहीं हुए तो अगले ही पल आपको ठगी का शिकार होना पड़ेगा।

कोई पुरानी पहचान का ड्रामा रचकर अज्ञात ठग आम लोगों को अपने जाल में फांसते हैं। स्थानीय कई लोगों को ऐसे ठग गिरोहों के लगातार फोन कॉल आ रहे हैं। सबसे पहले फर्जी विदेशी नंबर से कॉल आती है और दूसरी ओर से कोई व्यक्ति ऐसे परिचय देता है मानिए वे आपको बचपन से जानता हो। सबसे पहले वह आपसे विदेश में रहने वाले आपके दोस्तों, रिश्तेदारों के बारे में जानकारी जुटाएगा। फिर स्वयं को भी आपके किसी पुराने दोस्त बन कर बात शुरू करेगा। वह आपकी शुरुआती बात से समझ जाएगा कि




आप उसके आसानी से शिकार हो जाएंगे। आपको विदेश से कोई महंगी वस्तु भेजने का लालच देकर बात शुरू कर सकता है। ऐसे में वह मात्र उसकी एवज में कुछ पैसा भेजने की बात करेगा। दूसरा तरीका वह आपको अपनी बातों में फंसाकर आपके बैंक खाते में राशि भेजने की बात करेगा। इसमें आपसे बैंक डिटेल मांगकर उसमें लाखों की ट्रांजेक्शन कर देगा। उसकी फर्जी रसीद भी आपको तुरंत भेज दी जाएगी।

हैरत की बात है कि गिरोह का नेटवर्क इतना बड़ा होता है कि चंद मिनटों में आपके पास रसीद भेजकर विदेशी बैंक की फर्जी मुहर लगी रसीद के साथ फर्जी विदेशी नंबर से कन्फर्मेशन कॉल आएगी।

ऊना में कई लोगों के साथ हुई ऐसी घटना में यह भी सामने आया कि जब पैसे की रसीद आती है तो गिरोह का एक अन्य सदस्य संबंधित बैंक के मुख्य कार्यालय का प्रतिनिधि बनकर आपको कॉल करता है और पैसा मुख्य शाखा में पहुंच जाने का भरोसा देता है। इतने में फिर से आपके उस फर्जी दोस्त का फोन आता है और डिमांड की जाती है कि जो पैसा उसने भेजा है उससे कुछ राशि वे एजेंट को भिजवा दें। आपके खाते में जो राशि है उसको ही फिलहाल भेज दें चौबीस घंटे बाद पूरी राशि आपको मिलने जा रही है। हद तो उस समय हो गई जब मंगलवार को ऐसा ही फोन कॉल हमारे पास पहुंचा और उसे लोगों की जागरूकता के लिए रिकॉर्ड कर लिया गया। आप सभी सजग रहें और सतर्क रहें साथ ही अपने दोस्तों रिश्तेदारों को भी ऐसे फ्रॉड करने वालों से सावधान रहने को बोलें। (अनंत ज्ञान)

### वित्तीय लेनदेन में सावधानी जरूरी

डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर का कहना है कि ऐसे कई गिरोह सक्रिय हैं। वित्तीय लेनदेन में सावधानी जरूरी है। इसके अलावा बैंक की अपनी जानकारी किसी के साथ भूलकर भी शेयर नहीं करनी चाहिए। फ्रॉड कॉल से बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है।

# कांग्रेस सरकार की गारंटियां हो रही फेल, गेस्ट टीचर भर्ती गलत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस सरकार की एक-एक करके सभी गारंटियां फेल हो रही हैं। गत शुक्रवार को राज्य सचिवालय में प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा गेस्ट फेकल्टी और पीरियड के आधार पर 2600 शिक्षकों की भर्ती को मंजूरी दी है, जो कि प्रदेश के लाखों शिक्षित युवाओं के साथ एक भद्दा मजाक है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अजय चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में हमेशा से अंतर रहा है। कांग्रेस ने अपनी चुनावी गारंटियों में पहली कैबिनेट में एक लाख युवाओं तथा पांच साल में पांच लाख रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन एक वर्ष बीतने पर भी न तो एक लाख युवाओं को रोजगार मिला, उल्टा प्रदेश के युवाओं के साथ गेस्ट और पीरियड के आधार पर शिक्षकों की भर्ती को मंजूरी दे दी, जिससे जहां एक तरफ शिक्षा में गुणवत्ता का स्तर गिरेगा तथा दूसरी ओर शिक्षकों की जवाबदेही भी खत्म हो जाएगी। सरकार ने सत्ता में आते ही सरकारी स्कूलों में बैचवाइज और कमीशन के आधार पर शिक्षकों के खाली पदों को भरने की बात कही थी। अब अपने ही फैसले को सरकार ने होल्ड करते हुए गेस्ट तथा पीरियड के आधार पर शिक्षक रखने का फैसला लिया है।



# हिमाचल भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी, ऊना में बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत भाजपा ने अपने आक्रामक चुनाव अभियान का आगाज कर दिया है। इस संदर्भ में ऊना में मंगलवार को भाजपा के फ्रंटल आर्गेनाइजेशन का शीर्ष नेतृत्व ऊना में जुटा। दिनभर संगठन व मोर्चे के विभिन्न मुद्दो पर मंथन हुआ है और भविष्य के लिए रणनीति बनाई गई। पार्टी कार्यालय ऊना में यह बैठक सुबह से सायं तक चली। बैठक में कई मुद्दों पर मंत्रणा हुई। यह बैठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई और उचित दिशा-निर्देशों सहित जानकारी उपस्थित मोर्चा कार्यकर्ताओं को दी गई।

बैठक के उद्घाटन सत्र में डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश भाजपा 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक रूप से तैयार है। भाजपा संगठन बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक मोर्चाओं के गठन सहित पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की विकास यात्रा से अवगत करवाया और कहा की भाजपा ही एकमात्र राजनैतिक दल है जो सांस्कृतिक विकास, गरीब कल्याण व गौरवशाली इतिहास के निर्माण में लगातार जनसंघ के समय से वर्तमान कालखंड तक निरंतर गतिशील है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पिछले एक वर्ष से लगातार झूठ और भ्रामक ब्यानबाजी कर झूठी ग्रंटियों का ढोल पीट रही है।

### कांग्रेस सरकार ने झूठ का नया कीर्तिमान बनाया

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने झूठ का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। झूठ के सहारे राज्य सरकार हर वर्ग को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। ऐसा अधिक समय तक चलने वाला नहीं है। जनता एक साल में ही सरकार की कथनी और करनी में फर्क समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि देश में लगातार तीसरी दफा मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मोर्चा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी स्वयं पर लेकर संगठन के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के लिए आगामी समय में निरंतरता से अग्रसर रहना होगा। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं को भाजपा रूपी वट वृक्ष की सक्षम टहनियों के रूप में परिभाषित किया।



# सुक्खू और प्रतिभा की मौजूदगी में लोक सभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने किया मंथन

### लोकसभा चुनाव में एक साल के विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाएगी कांग्रेस : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अब प्रदेश के दोनों ही प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस ने कमर कस ली है। दोनों दल अब लोक सभा चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की नब्ज को टटोलने के साथ ही आगामी रणनीति तैयार कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को शिमला पार्टी कार्यालय राजीव भवन में सरकार और संगठन के पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सरकार में मंत्री, सीपीएस, विधायक और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला व ब्लाक अध्यक्ष मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आज सरकार और संगठन के बीच बैठक रखी है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी ने किस तरह से चारों सीटों पर जीत दर्ज करनी है, इसको लेकर सरकार और संगठन के बीच में रणनीति बनेगी। सरकार के एक वर्ष के कार्यों को किस तरह से जनता के बीच में ले जाना है, इसको लेकर बैठक में खाकर तैयार किया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने प्राकृतिक आपदा में बेहतरीन काम करते हुए प्रभावितों को मदद पहुंचाई है और राजस्व के मामलों को निपटाने में भी सरकार ने तेजी लाई है। इसके अलावा अब सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से भी लोगों की समस्याओं का निपटारा करने जा रही है। इन सभी तमाम मुद्दों को लेकर आज बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा हुई और लोकसभा चुनावों में चारों सीट पर कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। प्रत्याशियों के नाम को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के साथ चर्चा के बाद पार्टी हाईकमान उचित समय पर फैसला लेगी। कांग्रेस भवन में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की इस बैठक में हालांकि तीन मंत्री जगत सिंह नेगी, हर्षवर्धन चौहान, रोहित ठाकुर सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर, सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, सुंदर सिंह ठाकुर सहित कई विधायक और नेता नदारद रहे।



कांग्रेस भवन में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के दौरान मंच पर उपस्थित सीएम सुखविंद्र सुक्खू ,प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह,उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।



कांग्रेस भवन में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### प्रताप सिंह हिमाचल प्रदेश सचिवालय में अवर सचिव नियुक्त

**देहरा।** उपमंडल देहरा के गांव बड़ा गोपीपुर निवासी प्रताप सिंह को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में चार पदोन्नतियों के बाद अंडर सेक्रेटरी बनने पर जिला कांग्रेस महासचिव इंद्र शर्मा ने बधाई दी है। उन्होंने कहा प्रताप सिंह मिलनसार और नरम स्वभाव के व्यक्ति हैं और उनके नेतृत्व में सचिवालय के काम में और भी दृढ़ता आएगी। प्रताप सिंह 1989 में हिमाचल प्रदेश सचिवालय में बतौर लिपिक नियुक्ति हुई थी और पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करने पर लगातार चार पदोन्नतियां प्राप्त की और अब उन्हें फिर पदोन्नति देकर सचिवालय में अवर सचिव की नियुक्ति मिली है। इससे देहरा क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रताप सिंह इसका श्रेय अपने माता-पिता को देते हैं।



### गतका का प्रदर्शन




शिमला। सेना दिवस के अवसर पर रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गतका प्रदर्शन करते सिख रेजिमेंट के जवान।

# कीरतपुर में मिलीं अर्की से गायब दो नाबालिग

### घर से भागकर जंगल में गुजारी पहली रात, अगले दिन पहुंचीं बिलासपुर, वहां से नालागढ़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन/अर्की**

तीन दिन पहले घर के एक कमरे से गायब हुई दो बालिकाओं को पंजाब के कीरतपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है। उन्हें मंगलवार को अदालत में पेश करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने दोनों बालिकाओं के सकुशल बरामद होने की पुष्टि की है। गौरतलब है कि अनंत ज्ञान ने लड़कियों के गायब होने का मामला उठाया था। इसके बाद पुलिस हरकत में आई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अर्की के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी 13 वर्षीय भांजी और उनकी 15 साल की बेटी उनके घर के कमरे में पढ़ाई कर रही थीं, लेकिन रात लगभग साढ़े आठ बजे जब उनकी पत्नी दोनों बालिकाओं को खाना खाने के लिए बुलाने गई तो वे वहां नहीं थीं। इसके बाद सारी रात दोनों लड़कियों को ग्रामीणों ने तलाश किया लेकिन कहीं न मिलने पर अगली सुबह परिजन बालिकाओं के गायब होने की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज करते हुए लड़कियों की तलाश शुरू कर दी। शिकायतकर्ता के घर उसी दिन उनकी 13 वर्षीय भांजी पहुंची थी और उनके घर में उनकी 15 वर्षीय बेटी के साथ पढ़ने के लिए उसके कमरे में चली गई थी। यहीं से दोनों लड़कियां अचानक गायब हो गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल अचानक पंजाब के कीरतपुर से एक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को फोन करके बताया कि उनकी बेटियां उनके घर पर सुरक्षित हैं। बालिका के पिता ने अर्की पुलिस से संपर्क किया। सूचना पर पुलिस और बालिकाओं के परिजन कीरतपुर के लिए निकल पड़े। पुलिस के साथ गए परिजनों को कीरतपुर में बालिकाएं मिल भी गईं। देर रात बालिकाओं को लेकर पुलिस व परिजन अर्की लौट आए। आज बालिकाओं को कोर्ट में पेश करके उनके बयान दर्ज कराने के बाद उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया।



#### कमरे में पढ़ाई कर रहीं दो बहनें गायब

अर्की। अर्की पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव से दो बालिकाओं के गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद उनके परिजनों ने अर्की थाने में दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके बालिकाओं की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अर्की पुलिस थाने के अंतरगत आने वाले एक गांव निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शनिवार दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे उसकी 13 साल की भांजी उसके घर पर आई थी। इसके बाद वह उसकी बेटी के कमरे में पढ़ने के लिए चली गई, जहां दोनों पढ़ाई कर रही थी। रात को साढ़े आठ बजे के करीब जब उसकी पत्नी दोनों बेटियों को खाना खाने के लिए बुलाने गई तो दोनों लड़कियां कमरे में नहीं मिली। पुलिस ने दोनों लड़कियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। अर्की के डीएसपी संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

### घर से कैसे गायब हुई लड़कियां

पुलिस के सूत्रों के अनुसार दरअसल दोनों लड़कियां कई दिनों से शिमला घूमने की योजना बना रही थीं। इसके लिए उन्होंने बाकायदा योजना भी तैयार कर ली थी। लेकिन जिस दिन बड़ी लड़की के घर उसके बुआ की बेटी पहुंची तो उन्हें ध्यान आया कि उनके एक रिश्तेदार एचआरटीसी में नौकरी करते हैं। संभव है कि रिश्तेदार उन्हें कहीं देख लें। इसलिए ऐन वक्त पर उन्होंने शिमला के बजाए बिलासपुर जाने की तैयारी कर ली। लगभग छह बजे दोनों लड़कियां घर से तकरीबन आठ हजार रुपये लेकर निकल पड़ी। रात दोनों ने नजदीक के जंगल में बिताई और सुबह बिलासपुर जा पहुंची। यहां से दोनों नालागढ़ के पीरस्थान में चल रहे लोहड़ी मेले में पहुंची। मेले में दोनों ने कुछ खरीददारी भी की। यहीं उन्हें कीरतपुर की रहने वाली एक महिला मिली। जो उन्हें अपने घर कीरतपुर ले गई। जहां महिला के पति ने दोनों लड़कियों से बात की और उनके पिता का नंबर लेकर उन्हें फोन कर दिया।

**कार्यक्रम** — नालागढ़-अयोध्या, नालागढ़-वृंदावन, बद्दी-अमृतसर बस सेवा होगी आरंभ : उपमुख्यमंत्री

# धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी दर्शन सेवा योजना

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि महत्वाकांक्षी दर्शन सेवा योजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। यह योजना हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और धार्मिक पर्यटक स्थलों से सभी को रू-ब-रू करवाने में सहायक बनेगी। उपमुख्यमंत्री नालागढ़ उपमंडल की ग्राम पंचायत किरपालपुर में चार दिवसीय पीर स्थान लोहड़ी सभ्याचारक मेले की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि दर्शन सेवा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों से प्रदेश में स्थित एवं अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों के लिए भी लगभग 100 नए बस रूट आरंभ किए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं को प्रदेश व प्रदेश के बाहर स्थित धार्मिक स्थलों में आने-जाने की बेहतरीन सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि नालागढ़ से अयोध्या, नालागढ़ से वृंदावन तथा बद्दी से अमृतसर तक श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए बस सेवाएं आरंभ की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है और प्रदेश सरकार विभिन्न स्तरों पर यह सुनिश्चित बना रही है कि हमारी विरासत संरक्षित रहे और युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परम्पराओं के बारे में जान सके। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना हम सभी का कर्तव्य है और हमारी संस्कृति इस दिशा में सहायक बन सकती है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पीर स्थान लोहड़ी सभ्याचारक मेला समूचे क्षेत्र में विशेष पहचान रखता हैं। इस मेले की परंपरा का इतिहास लगभग 300 वर्ष पुराना है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संतुलित एवं एक समान विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ट्रक संचालकों को प्रदेश सरकार ने गुड्स टैक्स पर पेनल्टी और ब्याज माफ कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने ट्रक संचालकों का आह्वान किया कि वे 31 मार्च तक पुराना कर जमा कर लाभ प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि नई सरकार ने विभिन्न माध्यमों से प्रदेश की आय वृद्धि के लिए कार्य किया है। केवल परिवहन विभाग को ही नवीन योजनाओं के माध्यम से 800 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मेले को ज़िला स्तर का दर्जा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्य संसदीय सचिव (उद्योग, राजस्व एवं नगर नियोजन) राम कुमार ने मेला समिति को मेले के आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र को देश में अपने औद्योगिक विकास के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए समुचित धनराशि जारी की जा रही है। इस अवसर पर पंजाब के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासिचव एवं प्रदेश इंटक के अध्यक्ष हरदीप सिंह बावा, ग्राम पंचायत किरपालपुर की प्रधान सरोज देवी, ग्राम पंचायत किरपालपुर के उपप्रधान मुकेश सैणी, ग्राम पचांयत किरपालपुर के पूर्व प्रधान गुरु प्रताप सिंह, ज़िला कांग्रेस समिति के महासचिव प्रिंस शर्मा, खंड कांग्रेस समिति दून के अध्यक्ष कुल्तार सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रधान राजू पराशर, पीर स्थान मेला समिति के प्रधान मदन लाल, ज़िला परिषद के पूर्व सदस्य उजागर चौधरी, तहसीलदार नालागढ़ निशा आज़ाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।




किरपालपुर में चार दिवसीय पीर स्थान लोहड़ी सभ्याचारक मेले की सांस्कृतिक संध्या में लोगों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

# कांग्रेस के दो दिग्गजों की ताल से भाजपा आशावान

### सुधीर-राणा ने साझे मंच पर भरी हुंकार, गर्माई सियासत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश की कांग्रेस सरकार में इस बार के लोकसभा चुनावों से पहले आर-पार की लड़ाई देखने को मिल रही है। वहीं कई बार प्रदेश में ऑपरेशन लोट्स का दम भरने वाली बीजेपी अंदर ही अंदर गदगद है तथा वेट एंड वॉच की स्थिति में है। प्रदेश सरकार में मंत्री न बनाए जाने से नाराज कांगड़ा तथा हमीरपुर जिला के दो विधायकों की जुगलबंदी यहां कांग्रेस के गले की फांस बन सकती है।

2019 में लोकसभा चुनाव लड़ने से मुकर चुके धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के बाद अब हमीरपुर जिला के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने खुले मंच से लोकसभा चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी न होने की बात कह, पार्टी आलाकमान को सीधा संदेश दे डाला है। सुजानपुर में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस या फिर सुक्खू सरकार से खफा चल रहे दोनों दिग्गज विधायकों ने कांग्रेस की सत्ता को चुनौती दी है तो राजनीतिक गलियारों में इन दोनों नेताओं के कोई कड़ा कदम उठाने की चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। यहां खास बात ये है कि धर्मशाला के दिग्गज विधायक सुधीर शर्मा पूर्व में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहने के अलावा विकास के मामले में एक विशेष पहचान रखते हैं तो वहीं राजेंद्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को हरा कर प्रदेश की राजनीति में बड़ा उल्टफेर किया है। इनको कुछ ओर विधायकों का भी साथ मिलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जाहिर है लोकसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस में अंर्तकलह की ये स्थिति कांग्रेस के लिए सुखद कतई नहीं मानी जा सकती है तो वहीं प्रदेश की चारों सीटों पर भाजपा को टक्कर दे पाना तक कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। उधर कमजोर विपक्ष साबित हो रही भाजपा इस प्रकरण के बाद गदगद है तथा वेट एंड वॉच की स्थिति में है। यहां बताते चलें कि बीजेपी के कुछ नेता कई बार ऑपरेशन लोट्स की बात कह अपने दिल को तसल्ली देते नजर आ चुके हैं। कांग्रेस की अंर्तकलह तथा असंतोष को भुनाए बगैर भाजपा कुल मिलाकर ऑपरेशन लोट्स के नाम पर बयान देने से आगे सक्षम नजर नहीं आती। (अनंत ज्ञान)



हाई कोर्ट ने विधिक सेवाएं अर्थॉरिटी हमीरपुर के सचिव को दिए आदेश

# सुजानपुर चौगान का दौरा कर स्टेटस रिपोर्ट करें दायर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




प्रदेश हाई कोर्ट ने सुजानपुर चौगान में स्थायी निर्माण बनाए जाने से जुड़े मामले में जिला विधिक सेवाएं अर्थॉरिटी हमीरपुर के सचिव को चौगान का दौरा कर स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए। कोर्ट ने चौगान के आसपास नियमों के विपरीत स्थायी दुकानें बनाने के आरोपों को लेकर दायर जनहित याचिका में मुख्य सचिव सहित पांच प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 8 मई को निर्धारित की है। दैनिक समाचार पत्र में छपी खबर पर हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। खबर में उजागर किया गया है कि महाराजा संसार चंद की नगरी सुजानपुर टिहरा के चौगान में सभी तरह के निर्माण कार्यों पर रोक के बावजूद स्थानीय प्रशासन अब यहां पर पक्की दुकानों का निर्माण करने जा रहा है। इसके लिए बाकायदा चौगान की एक कनाल, सात मरले भूमि शहरी विकास विभाग के नाम हुई है। इस पर सवाल उठने लगे हैं। चौगान की सुंदरता को बरकरार रखने को लेकर 23 जून, 1982 को प्रदेश सरकार ने यहां सभी तरह के निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाते हुए अधिसूचना जारी की थी। इसी अधिसूचना का हवाला देते हुए वर्तमान सरकार ने पूर्व की सरकार में सुजानपुर के चौगान में टाउन हॉल के शिलान्यास के बावजूद निर्माण कार्य को मंजूरी नहीं दी। अब नगर परिषद की ओर से यहां पर पक्की दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के राजस्व सचिव की अधिसूचना के अनुसार चौगान की भूमि पर कोई भी कब्जा नहीं किया जा सकता है और न ही चौगान की भूमि किसी के नाम स्थानांतरित की जा सकती है। बावजूद इसके शहरी विकास विभाग के नाम भूमि स्थानांतरित कर दुकानें बनाने की तैयारी की जा रही है।

# अब किसान संघ ने किया कृषि विवि पालमपुर की भूमि पर टूरिज्म विलेज बनाने का विरोध

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से उठाया विवि की जमीन टूरिज्म डिपार्टमेंट को न देने का मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की भूमि पर टूरिज्म विलेज बनाने की प्रस्तावना का भारतीय किसान संघ ने पुरजोर विरोध जताया है। संघ कहा कहना है कि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की भूमि पर को टूरिज्म डिपार्टमेंट के लिए देना बिलकुल ही गलत है।

संघ का कहना है कि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाहरी राज्यों सहित प्रदेश भर के छात्र-छात्राएं कृषि क्षेत्र में अध्ययन करते हैं। इससे हजारों छात्रों के भविष्य से भी खिलवाड़ होगा। कृषि क्षेत्र का अध्यापन और शोध कार्य की प्रयोगशाला भूमि, खेत, जलाश्य और जंगल होते हैं। संघ का कहना है कि देश भर में कृषि क्षेत्र में अध्यापन, शोध, प्रसार, शिक्षा और स्थानीय भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार किसानों के उत्थान हेतु विश्वविद्यालय की स्थापना की जाती है। कृषि क्षेत्र में स्थानीय व विश्व स्तरीय बदलती उपभोक्ता की खाद्यान मांग, परिवर्तनशील जलवायु, प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण व संवर्धन को देखते हुए भौगोलिक परिस्थिति तंत्र आधारित अध्ययन, शोध और प्रसार शिक्षण प्रक्रिया निरंतर परिवर्तनशील रहती है। ऐसे में खाद्यान किसी उद्योग में पैदा नहीं किया जा सकता। संघ का कहना है कि खाद्यान की पैदावार केवल भौगोलिक परिस्थिति तंत्र में ही होगी। प्रदेश में ही नहीं देश भर में सबसे अधिक रोजगार, स्वरोजगार के साधन और अवसर कृषि क्षेत्र ही प्रदान करता है। ऐसे में कृषि और खाद्यान जैसे गंभीर विषय से जुडे मामले पर सरकार को एक बार पुनः विचार करना चाहिए। भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश ठाकुर ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र को विकसित करना बेशक सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और पर्यटन क्षेत्र का विकास भी होना आवश्यक है लेकिन पर्यटन क्षेत्र के लिए अन्य जगह का पूर्ण इस्तेमाल किया जा सकता है। कृषि शोध से जुड़े क्षेत्र का इसके लिए उपयोग न ही विद्यार्थियों के हित में होगा और न ही शोध और खाद्यान के लिहाज से यह उपयुक्त होगा। भारतीय किसान संघ ने इस संबंध में आज प्रदेश राज्यपाल से इस मामले पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सोमदेव शर्मा, प्रांत महिला प्रमुख डॉ. नीलम, प्रदेश महामंत्री सुरेश ठाकुर, प्रांत संगठन मंत्री हरिराम पवांर, प्रांत प्रचार प्रमुख जयसिंह भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।



### राज्यपाल ने तलब किए कृषि विवि के वीसी

इस मामले पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और सोलन के वाईस चासंलर को तलब किया और उनसे इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राज्यपाल ने संघ को इस मामले पर हर संभव कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

### कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर अधिक

भारतीय किसान संघ का कहना है कि राज्य में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में अब तक देश व प्रदेश में सबसे अधिक रोजगार के अवसर लोगों को मिले हुए हैं। इस क्षेत्र में वर्षों से पढ़े लिखे और कम पढ़ लोग सभी अपना भरपूर योगदान कर लोगों के लिए खाद्यान उत्पादन कर रहे हैं। ऐसे में कृषि क्षेत्र में होने वाले शोध कार्य के लिए जमीन होना बहुत ही आवश्यक है। यदि यह जमीन सरकार द्वारा होटल बनाने के लिए दी जाती है तो कृषि कार्य के लिए कोई नया शोध होना मुश्किल होगा और धरातल पर इसका किसान बागवानों पर गंभीर असर पड़ेगा।

### किसी का घर उजाड़ दूसरे को बसाना सही नहीं

किसान संघ का कहना है कि जब किसी एक का घर उजाड़कर दूसरा बसाया जाता है तो ऐसे में कोई भी घर अपने आप में सुरक्षित नहीं रहता है। किसान संघ ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की भूमि को टूरिज्म विलेज को देने की प्रस्तावना का जमकर विरोध जताया है।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कृषि मंत्री चंद्र कुमार को भी दिया ज्ञापन

# पंडोह डैम में गिरा ट्रक, चालक किया रेस्क्यू

## दो ने कूदकर बचाई जान, ट्रक चालक का मंडी जोनल अस्पताल में चल रहा उपचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कुल्लू से मंडी आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पंडोह डैम में जा गिरा। हादसे के वक्त ट्रक में तीन लोग सवार थे। जिसमें से दो ने कूदकर अपनी जान बचाई जबकि चालक को रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा पंडोह डैम के पास मंगलवार करीब पौने 9 बजे बाईपास के समीप पेश आया है। एचपी 24 सी 3513 नंबर ट्रक कुल्लू से मंडी की तरफ आ रहा था और इसे बिलासपुर जिला के साई ब्राह्मणा निवासी 38 वर्षीय चालक चिंत राम चला रहा था। हादसे से थोड़ा पहले ही दो लोगों ने इस ट्रक पर लिफ्ट ली थी। जैसे ही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे की तरफ लुढ़का तो दोनों लोगों ने कूदकर अपनी जान बचा ली जबकि चालक ट्रक सहित डैम के किनारे पर जा गिरा। घटना का पता चलते ही पंडोह पुलिस चौकी की टीम, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। तुरंत प्रभाव से ट्रक चालक को बाहर निकाला गया। ट्रक चालक का जोनल हॉस्पिटल मंडी में उपचार चल रहा है। एसएसपी मंडी सौम्या सांबशिवन ने हादसे की पुष्टि की है।

# कांगड़ा जिले के सात उपमंडलों में प्रातः 10 बजे खुलेंगे स्कूल

**धर्मशाला।** जिलाधीश डॉक्टर निपुण जिंदल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कांगड़ा जिले के इंदौरा, फतेहपुर, नूरपुर, जवाली, देहरा, ज्वालामुखी, जयसिंहपुर, उपमंडल में निजी तथा सरकारी स्कूलों को प्रातः 10 बजे खोलने तथा साढ़े तीन बजे छुट्टी करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त निपुण जिंदल ने बताया कि उपरोक्त उपमंडलों में भारी सर्दी और धुंध के कारण समय में परिवर्तन किया गया है। इस बाबत उपनिदेशक शिक्षा तथा संबंधित उपमंडल अधिकारियों को निर्देश जारी दिए हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था आधारित नई स्टार्ट-अप नीति लेकर आएगी राज्य सरकार: सुक्खू

# हिमाचल को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य का पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भारत मंडपम नई दिल्ली में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा राज्यों के स्टार्टअप रैंकिंग-2022 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश को श्रेणी-बी (एक करोड़ से कम आबादी वाले राज्य) में सर्वश्रेष्ठ परफोर्मर पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार राज्य में बेहतरीन स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रदान किया गया। प्रदेश का मूल्यांकन 7 सुधार क्षेत्रों और 27 कार्य बिंदुओं पर किया गया। राज्य को क्षमता निर्माण में अग्रणी, फंडिग लीडर, सस्टेनेबिलिटी प्रमोटर, इनक्यूबेशन हब, मेंटरशिप चौंपियन, इनोवेटिव लीडर और संस्थागत चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उद्योग विभाग और स्टार्टअप टीम की सराहना करते कहा कि हिमाचल न केवल देश बल्कि दुनिया भर में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में अग्रणी बनने के लिए प्रयासरत है। इस वर्ष सरकार नई स्टार्टअप नीति लेकर आएगी, जिसमें ग्रामीण आधारित स्टार्टअप, महिला नेतृत्व स्टार्टअप के लिए विशेष प्रावधान होंगे।

# सुप्रीम कोर्ट में भगवान श्रीराम के विरोध में कांग्रेस ने खड़ी की वकीलों की फौज : अनुराग

## कहा- राम को काल्पनिक बताने वाले अब प्राण प्रतिष्ठा से भाग रहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन-अर्चन कर मंदिर परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में अब मात्र छह दिन शेष हैं।

प्रभु श्रीराम के आगमन की खुशी में और प्रधानमंत्री जी के आग्रह पर आज पूरा देश राममय होकर अपने आसपास के क्षेत्रीय मंदिरों में साफ सफाई कर रहा है। इसी का अनुसरण करते हुए मैं भी आज यहां प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में अपनी श्रमदान कर अनुगृहीत हुआ। मैं बाकी सभी लोगों से भी अनुरोध करता हूं कि वह सभी भी इस स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसरों में गंदगी फैलाने से बचें, कूड़ेदान का प्रयोग अवश्य करें। अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने वर्षों तक हमें श्रीराम को टैंट में रखने को विवश किया था। यह वही लोग हैं जिन्होंने श्री राम और रामसेतु को काल्पनिक बताया था। फिर से बाबरी मस्जिद के निर्माण का वादा किया था। राम मंदिर ना बने इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की थी। लेकिन करोड़ों राम भक्तों व कार्यकर्ताओं के संघर्ष के बदौलत आज 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हो रहा है। यह तारीख पूछने वालों को करारा जवाब है। हमने तारीख, स्थान और समय के साथ-साथ उन्हें निमंत्रण भी भेज दिया है। आज यह इधर-उधर भाग रहे हैं ताकि इन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाना पड़े। पहले यह कह रहे थे कि हमें निमंत्रण नहीं मिला और अब निमंत्रण मिल गया है तो अलग बहाने बना रहे हैं। इन्होंने पहले राम मंदिर के निर्माण को लटकाया और अब जनता को भटकाने और भड़काने का काम कर रहे हैं।

### दिल्ली में एक भी मंदिर के पुजारी को कुछ नहीं मिला



दिल्ली के आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, तब से एक भी मंदिर के पुजारी को कुछ नहीं मिला। उल्टा उनके ऊपर अत्याचार किया गया। ये वही लोग हैं जो राजनीति में आने से पहले भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की कसमें में खाते थे। लेकिन आज इन्होंने सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार युक्त शासन दिया है। इनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद सभी जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल जी बताएं कि उनकी ऐसी क्या मजबूरी है कि उन्हें ईडी के समन से भागना जरूरी है।

**बोले, बाबरी की हिमायती कांग्रेस ने वर्षों रामलला को टैंट में रखा**

# गोदाम से पाइपें चुराने का दूसरा आरोपी भी धरा

**सोलन।** धर्मपुर पुलिस ने कोटला गांव स्थित पाइपों के गोदाम से पाइप चुराकर भागने वाले गिरोह के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। पकड़ा गया युवक सोलन के ओच्छघाट के छमरोग का रहने वाला है। इससे पूर्व पुलिस ने मंडी निवासी ताराचंद को गिरफ्तार किया था। वे लोग गोदाम से लोहे की 255 पाइपों को चुरा कर भाग रहे थे। सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार 2 अक्तूबर को जम्मू कश्मीर के रहने वाले और वर्तमान में देंऊघाट के यूनीप्रो कंपनी के सुपरवाइजर तसवीर सिंह ने थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी कंपनी को गोदाम कोटला गांव में हैं। एक अक्तूबर की रात मुकेश कुमार ने उन्हें जानकारी दी कि कोटला में इनके पाइपों के स्टोर से पाइपों को गाड़ी में लोड करके ले जा रहा है। जो उसे देखकर ट्रक में सवार होकर कुमारहट्टी की तरफ भाग गए हैं। इस आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से इसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

# बिना नंबर प्लेट बुलेट ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के सूरजपुर गुरुद्वारा के नजदीक एक बुलेट ने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मोटर साइकिल चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि टक्कर लगने से चालक अपनी बुलेट के साथ सड़क के बाईं तरफ गिर गया। इस हादसे में सड़क पार कर रहा दूसरा व्यक्ति भी बुलेट की चपेट में आ गया और बाइक के साथ घसीटता हुआ चला गया। बुलेट पर कोई नंबर नहीं लगा था। मृतक की पहचान सूरजपुर निवासी मुनासिब अली तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बुलेट चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।



### शिवपुर में कार हादसे में घायल युवक की मौत

**श्रीरेणुका जी।** उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाले गांव शिवपुर में सोमवार सायं दुर्घटनाग्रस्त हुई कार एचपी- 79-3011 में घायल शिवपुर गांव के 19 वर्षीय विशाल की पीजीआई चंडीगढ़ ले जाते समय मौत हो गई। कार चालक पालर गांव के 24 वर्षीय अंकित व इसमें सवार इसी गांव के 23 वर्षीय राहुल को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार दोनों घायल युवक विशाल के घर आए थे। वे घूमने निकले तो गांव के नजदीक ही लगभग 50 मीटर दूरी पर उनकी कार खाई में जा गिरी। ग्रामीणों के अनुसार विशाल को लेकर 108 एंबुलेंस से वह सीधे मेडिकल कॉलेज नाहन निकल गए। खंड स्वास्थ्य अधिकारी संगड़ाह डॉ. अतुल भारद्वाज ने कहा कि संगड़ाह में चिकित्सक उपलब्ध थे, मगर घायल को यहां लाया ही नहीं गया। मेडिकल कॉलेज नाहन से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किए जाने पर रायपुररानी के समीप विशाल ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी संगड़ाह बृजलाल मेहता ने बताया कि, 19 वर्षीय विशाल पुत्र जोगिंद्र सिंह का शव मंगलवार सुबह नाहन में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंपा जा चुका है। उन्होंने कहा कि चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों व योग गाइड की भर्ती जल्द

**शिमला।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत तौर पर समीक्षा की। आयुष मंत्री ने विभाग में रिक्त पदों को भरने के दृष्टिगत आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों के 140 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुर्वेदिक संस्थानों, विशेष तौर पर न्यूनतम ओपीडी वाले संस्थानों के युक्तिकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक संस्थानों के निर्माण एवं स्तरोन्नत कार्य भी समयबद्ध पूर्ण किया जाना चाहिए। यादविंद्र गोमा ने 740 आयुष वैलनेस केंद्रों में योग गाइड, 22 होम्योपैथिक चिकित्सक और 25 प्रयोगशाला तकनीशियन की शीघ्र तैनाती के भी निर्देश दिए। उन्होंने आयुष विभाग की वेबसाइट और फेसबुक पेज तैयार करने को कहा ताकि विभाग की विभिन्न गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से प्रचारित और प्रसारित किया जा सके। आयुष विभाग के निदेशक विनय सिंह ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

**परेशानी** नाथपा-झाकड़ी विद्युत परियोजना में पानी की कमी से बिजली उत्पादन हुआ चुनौतीपूर्ण

# राज्य में बिजली उत्पादन पर पड़ी सूखे की मार

**अनंत ज्ञान, रामपुर**



राज्य में बीते तीन माह से पड़े सूखे की मार का अब प्रदेश की आर्थिकी पर भी गहरा असर दिखने लगा है। हिमाचल की जल विद्युत परियोजनाओं पर वर्षा न होने के चलते बिजली उत्पादन में गिरावट आई है।

शिमला व किन्नौर जिले में बनी देश की सबसे बड़ी 1500 मेगावाट की भूमिगत नाथपा झाकड़ी परियोजना से सतलुज नदी में पानी की रिकॉर्ड कमी के कारण बिजली तैयार करना चुनौती पूर्ण हो गया है। पिछले 16, 17 सालों में पहली बार सतलुज नदी में पानी की कमी से बिजली लक्ष्य से काफी कम उत्पादन हो रहा है। इस परियोजना से गर्मियों के दिनों में 39 मिलियन यूनिट रोजाना बिजली तैयार होती है, लेकिन वर्तमान में इस विद्युत परियोजना से छह मिलियन यूनिट से भी कम बिजली रोजाना तैयार हो रही है। नाथपा झाकड़ी से बिजली तैयार होकर उत्तरी ग्रिड के नौ राज्यों को भेजी जाती है। बिजली की कमी के कारण उत्तरी ग्रिड के राज्यों को भी मांग अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। तिब्बत से बहकर आने वाली सतलुज नदी का जलस्तर जहां अक्सर गर्मियों के जुलाई, अगस्त महीने में 1200 क्यूमेक्स तक किन्नौर के नाथपा बांध के पास रहता है। इस बार घटकर इन दिनों नदी में 70 क्यूमेक्स पानी रह गया है, जबकि नदी में पानी बढ़ते ही परियोजना से गर्मियों में पीक सीजन के दौरान 1650 मेगावाट दैनिक बिजली तैयार की जाती है, लेकिन आजकल अढ़ाई सौ मेगावाट बिजली तैयार करना भी परियोजना निर्माताओ के लिए चुनौती बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए परियोजना निर्माताओं ने परियोजना के विद्युत गृह में बने मंदिर में आज विधि-विधान से पूजा पाठ की। देवी-देवताओं से मन्नत मांगी की कि मौसम बरस जाए और बर्फ पड़ जाए, ताकि गर्मियों में सतलुज नदी का जलस्तर आशानुरूप बना रहे और बिजली उत्पादन आशा अनुरूप हो। 1500 मेगावाट की नाथपा झाकड़ी परियोजना निर्माता सरकारी उपक्रम एसजेवीएन के कार्यकारी निदेशक एवं नाथपा झाकड़ी परियोजना प्रमुख मनोज कुमार ने बताया बिजली उत्पादन में डिजाइन एनर्जी से इस बार वे काफी पीछे चल रहे हैं। आने वाले समय में बारिश हो और बिजली उत्पादन में सुधार हो, यही उम्मीद लगाए हैं। फिलहाल स्थिति नाजुक बनी हुई है। वर्तमान में सतलुज का जलस्तर बांध स्थल पर 70 क्यूमेक्स है। परियोजना से विद्युत उत्पादन छह मिलियन यूनिट से भी कम है। अभी हमारे पास छह में से एक यूनिट चलाने के लिए भी पानी कम पड़ रहा है, अभी पूरा पावर हाउस बंद है। उन्होंने बताया कि सनातनी होने के नाते हमारे देश की परंपरा है कि हम शुभ कार्यों के लिए पूजा पाठ करें। इसी क्रम में आज उन्होंने पावर हाउस में पूजा-पाठ किया, ताकि आने वाले दिनों में बर्फबारी और बारिश हो। देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए परियोजना से बिजली उत्पादन आशानुरूप हो।।

**बीते 16 वर्षों में पहली बार सतलुज में पानी की कमी से कम बिजली उत्पादन**

# एसएमसी शिक्षकों ने फिर बुलंद की नियमितीकरण की मांग

**शिमला।** नियमितीकरण की मांग पूरी न होने पर एसएमसी अध्यापकों ने राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एसएमसी अध्यापक संघ ने 26 जनवरी से क्रमिक अनशन की चेतावनी देते हुए सरकार से मांग की है कि अगर 25 जनवरी तक नियमितीकरण को लेकर फैसला नहीं लिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को तेज किया जाएगा। एसएमसी अध्यापकों के मुताबिक कक्षाओं का बहिष्कार करने के अलावा वे परिवार सहित सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। एसएमसी अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि अध्यापकों को नियमित करने को लेकर बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट अभी तक सरकार को नही सौंपी है।

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार तीन दिन के रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**मंडी के एक निजी ट्यूशन सेंटर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का मामला**

**आरोपी के खिलाफ महिला पुलिस थाना मंडी में दर्ज हुई थी एफआईआर**

मंडी के एक निजी ट्यूशन सेंटर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को मंगलवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद इंस्टीच्यूट के संचालक प्रांशुल सैनी को तीन दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि तीन दिन बाद कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौर हो कि आरोपी के खिलाफ तीन नाबालिग छात्राओं ने महिला पुलिस थाना मंडी में छेड़छाड़ को लेकर एफआईआर दर्ज करवाई थी। पहली एफआईआर 8 जनवरी को दर्ज हुई थी, जिसके बाद दूसरी 10 जनवरी को और तीसरी 12 जनवरी को दर्ज हुई है। बता दें कि आरोपी ने गत रोज हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका वापस ले ली थी। उसके पश्चात शहर की कई संस्थाओं ने मंडी पुलिस से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की थी। मंगलवार सुबह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।



सेना दिवस के अवसर पर रिज मैदान पर दक्षिण भारत की युद्ध कला कालरिपयटु का प्रदर्शन करते मद्रास रेजिमेंट के जवान।

## आर्मी मेले में सेना के जवानों ने दिखाए करतब

**शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक एरिक मैदान पर मंगलवार को नो योर आर्मी मेले का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय सेना की ओर से विभिन्न करतब दिखाए गए। भारतीय पैदल सेना के हथियार और उपकरण, विशेष उच्च-ऊंचाई वाले युद्ध उपकरण और भारतीय सेना में भर्ती की जानकारी प्रदर्शित करने वाले स्टॉल और कियोस्क भी इसमें शामिल किए गए थे। भारतीय सेना के जवानों की ओर से प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट कलियारीपट्टू और गतका का प्रदर्शन किया गया। सैन्य मार्शल संगीत ने स्थानीय जनता, स्कूल और कॉलेज के छात्रों और पर्यटकों सहित दर्शको में काफी उत्साह देखने को मिला। नो योर आर्मी मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें क्विज, एक्सटेम्पोर, भाषण, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं थीं, जो विशेष रूप से बच्चों के लिए थीं। बच्चों, पर्यटकों और स्थानीय लोगो ने कार्यक्रमों की बहुत सराहना की।



सेना की ओर से प्रदर्शित उपकरणों की जानकारी लेते लोग। (फोटो-प्रदीप कुमार)

# हनुमान मंदिर जाखू में किया सफाई अभियान का शुभारंभ

## राज्यपाल ने मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित बनाने तथा सफाई अभियान में शामिल होने का आग्रह किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

'स्वच्छ तीर्थ अभियान' के तहत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के जाखू स्थित विख्यात धार्मिक स्थल श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित बनाने तथा सफाई अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। इससे पूर्व, राज्यपाल ने श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, नगर निगम शिमला के सफाई कर्मचारी, मंदिर कमेटी के सदस्य तथा अन्य पर्यटक भी सफाई अभियान में शामिल हुए।


शिमला के जाखू मंदिर में आयोजित सफाई अभियान में सफाई करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

## मेनरी रिनपोछे ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट


मेनरी ठिजिन रिनपोछे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

34वें मठाधीश मेनरी ठिजिन रिनपोछे ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की।

देहरादून स्थित 'लिशु इंस्टिट्यूट आध्यात्मिक अध्यान संस्थान के अध्यक्ष किन्नौर जिले के गेशे थुबतन ज्ञालछन नेगी रिनपोछे तथा मोनस्ट्रिक सेंटर सोसयटी धौलांजी के अध्यक्ष गेशे भी इस अवसर पर उनके साथ थे। प्रदेश के धौलांजी में स्थित विश्व प्रसिद्ध बोन धर्म के प्रमुख केंद्र 'पल शेनतन मेनरी का स्थापना सन् 1967 ई. में पल शेनतन मेनरी के 33वें मठाधीश परम पावन पर 'युडडुड बोन धर्म' के संस्कृति, शिक्षा और ज्ञान के प्रचार-प्रसार तथा संरक्षण के उद्देश्य से किया था।

युडडुड बोन तिब्बत का प्राचीनतम धर्म है, जिसका प्रचार-प्रसार तिब्बत में जडजुड साम्राज्य में उत्पन्न 'बुद्ध तोनपा शेनरब मिबोछे' ने किया था।

## आज चौपाल का दौरा करेंगे विक्रमादित्य सिंह

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 17, 18 व 19 जनवरी को जिला शिमला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। विक्रमादित्य सिंह 17 को प्रात: 11 बजे चौपाल उपमंडल के बमटा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

इसके बाद लोक निर्माण मंत्री 18 को प्रात: 11 बजे शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की पाहल पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके पश्चात् वह पंचायत सामुदायिक भवन बाग की आधारशिला भी रखेंगे। 19 को मंत्री प्रात: 11 बजे रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तकलेच में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वह सड़कों के स्तरोन्नत कार्य की आधारशिला रखेंगे, जिसमें सुंगरी से बरांदली सड़क, भाली से भालटीधार सड़क, माशनु से भालीधार सड़क, बरकाल से तकलेच सड़क तथा तकलेच से खनोरटू सड़क शामिल है।

# मार्शल टीटो हॉकी मैच: हॉक्स ने 5-3 से हराया किंग्स

## छह वर्ष बाद जिमखाना में विभिन्न दौड़ स्पर्धाएं व मार्शल टीटो हॉकी मैच आइस स्केटिंग रिंक में आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक मैदान में मंगलवार को छह वर्ष बाद जिमखाना और कार्निवाल आयोजित किया गया।

इस दौरान सुबह के सत्र में आयोजित जिमखाना के दौरान विभिन्न दौड़ स्पर्धाएं व मार्शल टीटो हॉकी मैच आयोजित हुआ, जिसमें भाग ले रहे छात्रों ने खूब पसीना बहाया। दौड़ स्पर्धाओं के अंतर्गत टाइनी टॉट्स वर्ग में शारवी सूद ने पहला, सहाना सिंह ठाकुर ने दूसरा और निदिश कुठियाला व देविक गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर-10 ब्वॉयज वर्ग में विहान कुमार ने पहला, विराज गर्ग ने दूसरा व यशवर्धन सिंह ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-10 गर्ल्स वर्ग में एवलिन नेगी ने पहला, अद्वित्या सिंह कंवर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 ब्वॉयज वर्ग में आर्य भट्ट ने पहला, आदित्य वर्मा ने दूसरा स्थान व तनिश शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह अंडर-14 गर्ल्स वर्ग में वैशनवी कुठियाला ने पहला, आराध्य चांदला ने दूसरा स्थान हासिल किया।


आइस स्केटिंग रिंक में आयोजित वार्षिक जिमखाना के दौरान दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते स्केटर्स।

### सीनियर गर्ल्स वर्ग में मैरी पहले स्थान पर

अंडर-18 ब्वॉयज वर्ग में जसराज सिंह सैंबी ने पहला, मोक्ष शर्मा ने दूसरा और कार्तिक ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर गर्ल्स वर्ग में मैरी ने पहला, गुरनूर कौर ने दूसरा व रितिका ठाकुर ने तीसरा, जबकि सीनियर ब्वॉयज वर्ग में अवी भारद्वाज ने पहला, तनिश भारद्वाज ने दूसरा व अर्जुन कुठियाला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फिगर स्केटिंग में स्पर्धा वैशनवी कुठियाला ने पहला, गुरनूर कौर ने दूसरा और मैरी ने तीसरा स्थान हासिल किया। मार्शल टीटो हॉकी मैच किंग्स व आइस हॉक्स टीम के बीच खेला गया, जिसमें आइस हॉक्स की टीम ने यह मुकाबला 5-3 से जीता।

# गेस्ट टीचर की भर्ती को लेकर सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी ने मंगलवार को शिमला उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

वर्तमान सरकार के अनुसार प्रदेश में स्कूल और कॉलेजों में पीरियड आधार पर 2600 गेस्ट टीचर की भर्ती होगी। परिषद के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि परिषद के आह्वान पर गेस्ट टीचर की भर्ती के फैसले को वापस लेने के लिए शिमला के विभिन्न पुस्तकालय से आए छात्रों के साथ डीसी आफिस शिमला के बाहर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। गैप अरेंजमेंट के नाम पर स्कूली स्तर से कॉलेज स्तर तक अब गेस्ट टीचर के भरोसे छात्रों को पढ़ाया जाएगा। हिमाचल के विश्वविद्यालय के अंदर ऐसे हजारों छात्र जो सालों की मेहनत के बाद नौकरी पाने का एक मौका खोज रहे हैं। परिषद् ने कहा कि छात्र व युवा विरोधी फैसलों को लेने से पहले प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा जाना चाहिए। इस प्रकार के किसी भी फैसले का एबीवीपी कड़ा विरोध करती है।


विश्वविद्यालय में गेस्ट टीचर की भर्ती के विरोध में प्रदर्शन करते वीवी के स्टूडेंट्स।

# 20 को एफसीपीसी की बैठक में लिए जाएंगे कई अहम फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में नगर निगम की एफसीपीसी की बैठक 20 जनवरी को होने वाली है। इस बैठक में आवारा कुत्तों और पेड़ों को लेकर फैसले किए जाने वाले हैं।

एफसीपीसी कमेटी के सदस्यों ने अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर भी प्रस्ताव दे दिए हैं। इनमें अधिकतर आवारा कुत्ते, स्ट्रीट लाइट्स ,पेड़ और लॉपिंग को ठीक करने के प्रस्ताव हैं। एफसीपीसी की बैठक में इस बार ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी प्रस्ताव रखे जाने हैं और इस पर सभी पार्षदों की सहमति भी होनी है। इसको लेकर भी एफसीपीसी की बैठक में प्रस्ताव रखे जाने हैं। शिमला शहर में पार्कों की हालत बहुत दयनीय है। निगम की ओर से पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी विभिन्न संस्थाओं को दी गई है। बावजूद इसके किसी भी प्रकार की देख-रेख नहीं की जा रही है।

### शहर के विकास के लिए की जाएगी चर्चा

निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान का कहना है कि इस साल शिमला शहर को स्वच्छता स्टेट अवार्ड मिला है। शहर में किस प्रकार का विकास किया जा सकता है इस पर चर्चा की जाएगी। शिमला शहर को आने वाले समय में इससे अच्छा स्थान प्राप्त हो इसके लिए निगम शहर में विभिन्न विकासात्मक कार्य करने की तकनीक बनाएगा।

## शिमला में 23 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में 23 साल के एक नौजवान युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। नौजवान का शव घर से कुछ दूर जंगल में पेड़ पर फंदे से लटका मिला।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोहित गिल बीते कल सोमवार रात्रि आठ बजे तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उससे मोबाइल पर संपर्क साधा। रोहित ने परिजनों को बताया कि वह लालपानी से घर आ रहा है, लेकिन देर रात जब वह घर नहीं पहुंचा। रात्रि करीब 11 बजे घर के समीप जंगल में पेड़ के पास मोबाइल के रिंगटोन की आवाज सुनाई दी।

# केएनएच में एक साल से नहीं बना वेटिंग रूम

## सीढ़ियों में बैठने पर मजबूर हो रहे लोग, रफ्तार इतनी धीमी है कि अभी तक 70 प्रतिशत काम ही हो पाया है

**आशिमा वैरागी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश का केएनएच अस्पताल आए दिन किसी न किसी कमी की वजह से सुर्खियों में रहता है।

अस्पताल में सुविधाओं के अभाव की वजह से पेशेंट और उनके साथ आए तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल अस्पताल के आगे एक साल से दो मंजिला वेटिंग रूम बन रहा है, लेकिन काम की रफ्तार इतनी धीमी है कि अभी तक 70 प्रतिशत काम ही हो पाया है। इस प्रोजेक्ट को 33 लाख रुपए में ठेकेदार को अक्तूबर 2022 में अवार्ड किया गया था, जिस पर नवंबर में काम शुरू किया गया। थोड़ा निर्माण कार्य करने के बाद काम को बीच में ठेकेदार ने बंद किया था व ठेकेदार मन मर्जी और अपनी सहूलियत के हिसाब से काम कर रहा है, इस कारण गर्भवती महिलाएं परेशान हो रही हैं। (अनंत ज्ञान)


केएनएच अस्पताल के बाहर धूल-मिट्टी में बैठे लोग।

### सीढ़ियों पर बैठे तीमारदार पड़ रहे बीमार

वेटिंग रूम लेबर रूम के सामने बन रहा है। गर्भवती महिलाएं और वार्ड के बाहर सीढ़ियों पर बैठे तीमारदार बीमार पड़ रहे है, जो सामान डिलीवरी के समय साथ लाया गया है वह भी उन्हें बाहर रखना पड़ रहा है।

### अव्यवस्था का आलम

कमला नेहरू अस्पताल में रोजाना 25 के करीब डिलीवरी होती हैं। इसके अलावा काफी महिलाएं रुटीन चेकअप के लिए आती हैं। इतना ज्यादा फुट फॉल होने के बावजूद यहां अव्यवस्था का आलम है, जब सरकार के मुंह के आगे ही अस्पताल में यह हाल है, तो जिले के बाकी अस्पताल पर बात करना ही फिजूल है।

इसमें थोड़ा बहुत काम बच गया है, जल्द इसको शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद मरीजों को अस्पताल में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।
**डॉ. रमेश एमएस केएनएच अस्पताल।**

**अनदेखी** तहसीलदार और पंचायत से लिखित रूप में लगाई गुहार, बावजूद इसके नहीं हो रही सुनवाई

# जुन्गा शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई, प्रशासन बेखबर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

रियासतकालीन कस्बा जुन्गा में सफाई की उचित व्यवस्था न होने से चारों और फैले कचरे के ढ़ेर शहर में दिखाई रहे हैं। करीब तीन हजार की आबादी वाले इस शहर में कचरा प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन और पंचायत की ओर से कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे विशेषकर शहर के कारोबारियों में काफी रोष व्याप्त है।

व्यापार मंडल के प्रधान राजेश कौशल सहित अनेक कारोबारियों ने बताया कि उनके द्वारा जुन्गा शहर की सफाई व्यवस्था के बारे में स्थानीय प्रशासन अर्थात् तहसीलदार और पंचायत से लिखित रूप में गुहार लगाई है। इसके बावजूद भी किसी भी स्तर पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इनका कहना कि व्यापार मंडल की ओर से सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए स्थानीय पंचायत को भरपूर सहयोग दिया जाएगा। राजेश कौशल ने बताया कि अगर समय रहते सफाई की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो गर्मियों के मौसम में गंदगी के कारण किसी भी महामारी के फैलने की संभावनाएं बढ़ सकती है, बता दें कि जुन्गा शहर को अभी तक नगर पंचायत का दर्जा नहीं दिया गया है। पूर्व भाजपा सरकार के दौरान वर्ष 2019 में जुन्गा के प्रवास पर आए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर और पूर्व शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने जुन्गा शहर को नगर पंचायत बनाने का आश्वासन दिया था, परंतु यह सब वादे केवल घोषणाओं तक सीमित रहे। वर्तमान में जुन्गा शहर की आबादी तीन हजार से अधिक है, जिसमें तहसील मुख्यालय राज्य की सबसे बड़ी फोरेंसिक लैब के अतिरिक्त पुलिस की प्रथम बटालियन सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय मौजूद हैं।


जुन्गा शहर में लगे कचरे के ढेर।

### पंचायत दो बार करती है सफाई : बंसी लाल

स्थानीय पंचायत प्रधान बंसी लाल कश्यप ने बताया कि पंचायत की ओर से सप्ताह में दो बार शहर की सफाई की जाती है, जिसके लिए सफाई कर्मचारी को दिहाड़ी दी जाती है। इनका कहना कि इससे पहले एक कर्मचारी को प्रतिदिन सफाई कार्य के लिए रखा गया था, जिसके साथ स्थानीय कुछ कारोबारियों ने मारपीट की थी, जिसके चलते सफाई कर्मचारी ने काम छोड़ दिया था। शहर की सफाई करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए पंचायत की ओर से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

# देश की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं

## माउंट शिवालिक पब्लिक स्कूल में किया जाएगा 10 दिवसीय एनसीसी कैडेट्स कैंप का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के माउंट शिवालिक पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय एनसीसी कैडेट्स कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत 18 से 27 जनवरी तक होगी, जबकि 26 को परेड होने जा रही है, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल टुटू, शिमला के 14 एनसीसी कैडेट्स हिस्सा लेंगे।

डीएवी पब्लिक स्कूल टुटू के एनसीसी के एएनओ नोवल ठाकुर ने कहा कि छात्र एनसीसी कैंप को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस तरह के एनसीसी कैंप छात्रों में देशभक्ति की भावना को विकसित करते हैं। इसके साथ-साथ छात्रों में इस तरह के कैंप से भारतीय सेना में जाने की ललक पैदा होती है। अपने देश की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता है।

इसलिए स्कूलों और कॉलेजों में इस तरह के एनसीसी कैडेट्स को तैयार करना संस्थान की प्राथमिकता में होना चाहिए। नोवल ठाकुर का एनसीसी में खुद का भी सी सर्टिफिकेट है। उनका मानना है कि उनका भी आर्मी में जाने का सपना था, जो पूरा नहीं हुआ। वह चाहते हैं कि उनके कैडेट्स का आर्मी में भर्ती होना उनकी प्राथमिकता है।


माउंट शिवालिक पब्लिक स्कूल में कैंप के आयोजन पर एनसीसी कैडेट्स।

## न्यूज ब्रीफ

### सुधीर शर्मा ने स्वीकारा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण



**धर्मशाला।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सरसता अजय अपने सहयोगी सदस्यों के साथ धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के घर अयोध्या से पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और निमंत्रण लेकर पहुंचे। विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दी। विधायक सुधीर शर्मा ने अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और निमंत्रण पत्र का सहर्ष स्वीकार किया।

### अमित चौधरी को उपाध्यक्ष का ओहदा



**जयसिंहपुर।** टिक्करी गांव के निवासी अमित चौधरी को जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अमित चौधरी कांग्रेस संगठन के साथ काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने अमित चौधरी को नियुक्ति पत्र जारी करते हुए बताया कि अमित चौधरी के ब्लॉक कांग्रेस का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने से जयसिंहपुर कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलेगी। अपनी इस नियुक्ति के लिए अमित चौधरी ने आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा व जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल आभार जताया है।

### हरविंदर सिंह ने 31वीं बार किया रक्तदान



**नूरपुर।** नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के सदस्य साहिल ठाकुर, जोकि मोहाली में एक एमएनसी में कार्यरत हैं ने पीजीआई चंडीगढ़ में दाखिल धर्मशाला निवासी हरविंदर सिंह के लिए आपातकाल में पीजीआई के ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट किया। नूरपुर ब्लड डोनर क्लब अपने रक्तवीरों की मानवता के प्रति उनकी कमिटमेंट और जज्बे को सलाम करता है व उनके स्वस्थ व लंबे जीवन की कामना करता है। न कोई जान न कोई पहचान, इसे कहते हैं रक्तदान। हमारे क्लब के सदस्य हर रोज आपातकाल में रक्तदान करते हैं। आज साहिल ठाकुर ने 31वीं बार रक्तदान किया।

### श्रीराम के नाम पर राजनीति करना बंद करे भाजपा



**नूरपुर।** सुदर्शन शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम कण कण, घट घट वासी है। उनके प्रति निष्ठा का वख्यान करना राजनीतिकरण है। विशेष रूप से बीजेपी द्वारा भगवान श्रीराम पर दावा करना राजनीति में व्यापारीकरण है। यह बात आज प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में प्रेसवार्ता के दौरान कही। सुदर्शन शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम तमाम ब्रह्मांड के अराध्य है वह किसी व्यक्ति विशेष द्वारा प्रमाणित नहीं है। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यदि मंदिर प्रतिष्ठा का नाम दिया जाता तो और सराहनीय कदम होता क्योंकि अराध्य श्रीरामजी को एक मानव प्राण प्रतिष्ठा कैसे दे सकता है। प्रभु तो ब्रह्मांड को प्राण प्रतिष्ठा देकर सृष्टि रचयिता है यह कहना कि कांग्रेस आलाकमान से 22 जनवरी को समारोह में जाने के लिए हिमाचल के कांग्रेस नेताओं को आलाकमान से आज्ञा लेनी पड़ रही है यह मात्र राजनीतिक पैंतरा है।

### दस गरीब कन्याओं को दिया धाम का सामान

**डाडासीबा।** दि डिस्ट्रेस रिलीफ चैरिटेबल व बेनोवेलेंट सोसायटी की त्रेमासिक मीटिंग बनयाल बस्ती, रोड़ी कोड़ी, शिव मंदिर में कर्नल (रिटायर्ड) एससी परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मीटिंग में विभिन्न स्थानों से आए हुए 50-60 मेंबर ने बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस बार की मीटिंग में सर्वसम्मति से अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन में दस गरीब कन्याओं की शादी के लिए धाम का सारा सामान व एक एक प्रेशर कूकर देने का प्रस्ताव पारित हुआ व दो गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।



दि डिस्ट्रेस रिलीफ चैरिटेबल सोसायटी के लोग सामान देते हुए।

## प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, सीएम को भेजा ज्ञापन

# धर्मशाला में गेस्ट टीचर नीति पर फूटा बेरोजगार अध्यापकों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

गेस्ट अध्यापक नीति के विरोध में मंगलवार को प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ ने जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा गया है। जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने से पूर्व बेरोजगार अध्यापकों ने पुलिस मैदान में एकत्रित हो कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की।

इसके बाद प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ ने पुलिस मैदान से शहीद स्मारक होते हुए जिलाधीश कांगड़ा कार्यालय तक रैली निकाली। बेरोजगार अध्यापकों का कहना है कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने अपनी कैबिनेट बैठक में जो गेस्ट अध्यापक नीति के माध्यम से भावी अध्यापकों की अस्थायी भर्ती करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से प्रदेश भर के युवा बेरोजगार अध्यापकों के मध्य रोष है। यह नीति वर्तमान आर एंड पी नियमों की उल्लंघना करती है। बेरोजगार अध्यापकों की मांग है कि स्थायी रूप से नौकरियां प्रदान की जाएं। प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो यह आंदोलन ओर उग्र रूप धारण कर लेगा।

इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इस मौके पर प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ से बिहारी, जगदीश परियाल, गोबिंद सिंह, डिंपल सूद, अक्षिमा, सोनिया, राहुल, गौरव, मोती लाल व कर्ण कपूर सहित करीब 100 सदस्य मौजूद रहे।



कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रशिक्षित बेरोजगार अध्यापक संघ के सदस्य।

### सरकार के फैसले का जताया विरोध

**बेरोजगार** अध्यापकों का कहना है कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने अपनी कैबिनेट बैठक में जो गेस्ट अध्यापक नीति के माध्यम से भावी अध्यापकों की अस्थायी भर्ती करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से प्रदेश भर के युवा बेरोजगार अध्यापकों के मध्य रोष है।

### गेस्ट फेकल्टी यानी बैकडोर भर्तियां करने जा रही सरकार

**धर्मशाला।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार का चेहरा एक साल ही में जनता के समक्ष आ गया है। वर्तमान सरकार लगातार युवा व बेरोजगार विरोधी निर्णय ले रही है, जिसके चलते युवाओं को सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ रहा है। मंगलवार को जारी प्रेस बयान में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने यह बात कही। काजल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री और मंत्रियों में आपसी तालमेल नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार को युवा व बेरोजगार विरोधी करार देते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार बैकडोर से एंट्री कर रही है, जिसका खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में लाखों की संख्या में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो चुकी हैं, उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाने के बजाय सरकार बैकडोर भर्तियां कर रही हैं। शिक्षण संस्थानों में गेस्ट फेकल्टी भर्ती का निर्णय सरकार ने लिया है, जिसके विरोध में युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं।



धर्मशाला। कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में मंगलवार को सुधीर समर्थकों ने खिचड़ी वितरित की। इस मौके पर काफी संख्यां में लोगों ने खिचड़ी खाई। मकर संक्रांति को लेकर यह आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए यूथ कांग्रेस धर्मशाला के अध्यक्ष सुनीष माट्टा ने बताया कि धर्मशाला के लोकप्रिय विधायक सुधीर शर्मा के निर्देशानुसार व्यापारी वर्ग के सहयोग से कचहरी बाजार में लोगों को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी वितरित की गई।

### किले वाली माता मंदिर में किया मां की महिमा का गुणगान



**शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी स्थित किले वाली माता मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर प्रांगण में कमेटी के अध्यक्ष संजीव महाजन की देखरेख में आज कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें थाना प्रभारी शाहपुरकंडी सब-इंस्पेक्टर शोहरत मान सिंह, समाज सेवक पम्मी पठनिया, राकेश कोहाल एवं हरदीप सिंह, विशेष रूप से शामिल हुए। इस मौके पर सुबह हवन यज्ञ एवं संकीर्तन करवाया गया। इसमें कमेटी के समूह सदस्यों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं की ओर से पूर्ण आहुति डाल कर विश्व मंगल की कामना की गई। मात्री मंडल की ओर से मां किले वाली का गुणगान किया गया। उसके बाद कंजक पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अटूट लंगर भी लगाया गया। इस संबंध में कमेटी के अध्यक्ष संजीव महाजन ने बताया की आज मंदिर प्रांगण में राकेश कोहाल व उनके परिवार के सहयोग से भंडारा व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेष रूप से पहुंचे मेहमानों को माता की चुनरी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूरज सिंह, रमेश शर्मा, अनिल महाजन, विनोद शर्मा, राजीव महाजन, गोकुल पंडित, रायांश, मुकेश शर्मा, राहुल सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### ऑनलाइन फ्रॉड से बचने को किया जागरूक

**देहरा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा पाइसा रोड व नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्त पोषित एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को ग्राम पंचायत पाइसा में किया गया। इसकी अध्यक्षता शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने की। बैंक द्वारा आयोजत इस शिविर मे शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को बैंक द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इसमें वित्तीय प्रबंधन, ऋण, सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई विभिन्न स्कीमों जैसे कि केसीसी, सेल्फ हेल्प ग्रुप, एनआरएलएम, एमएमएसवाई, रुपए कार्ड, जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़ी जानकारी देते हुए सतर्क रहने को कहा वहीं फेक काल से बचने, अपना आधार नंबर व ओटीपी पिन किसी के साथ न साझा करने की सलाह देते हुए उन्हें जागरूक रहने की सलाह दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पाइसा के प्रधान चुन्नी लाल, उपप्रधान कर्मचंद सहित अन्य पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## स्कूल लेक्चरर संघ ने डेटशीट में संसोधन करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा संचालन तिथियों पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी रोष जताया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के जिला महामंत्री जगमोहन ने बोर्ड प्रशासन से डेट शीट में बच्चों की सुविधानुसार संशोधन करने का आग्रह किया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व पाठ्यक्रम अध्ययन को मात्र एक दिन का समय दिया गया है जो अपर्याप्त है।

अंग्रेजी दो मार्च के बाद चार को रसायन, सात को जीव विज्ञान तो नौ को भौतिक और 11 को गणित की परीक्षा तिथि तय की गई है। यह अध्ययन हेतु अपर्याप्त है। लेक्चरर संघ के जिला महामंत्री जगमोहन ने कहा कि कॉमर्स संकाय में छह को अर्थशास्त्र तो सात मार्च को विजनेस स्टडी का पेपर रख दिया है। एक दिन का भी समय नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि कला संकाय में तो 12 मार्च से 16 मार्च की परीक्षाओं में अध्धयन हेतु कोई अवकाश नहीं रखा है। 11 को गणित, 12 को राजशास्त्र, 13 को संस्कृत, 14 को हिंदी, 15 को भूगोल, 16 को लोक प्रशासन का पेपर बिना ब्रेक रख दिया है। महामंत्री जगमोहन ने कहा है की इससे बच्चों को प्रयाप्त समय भी नहीं मिल सकेगा। दूसरा बच्चों पर परीक्षा का तनाव बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा का समय दिनों का तय किया गया है, इसे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विषय की अपनी उपयोगिता है अत: किसी विषय को अधिमान नहीं दिया जा सकता है न किसी विषय की उपेक्षा की जा सकती है।

प्रदेश लेक्चरर संघ के सीनियर बाइस प्रेसिडेंट हरीश चौधरी ने कहा है कि परीक्षा संचालन की तिथियों में संशोधन कर सभी विषयों को अध्ययन हेतु पर्याप्त समय दिया जाए। वहीं, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा संचालन तिथियों पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी रोष जताया है।

## रजोल से 45 मील तक लगे फोरलेन काम से उड़ने वाली धूल से लोग तंग

**सीमा देवी, गगल**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पठानकोट-मंडी पर फोरलेन सड़क निर्माण के चलते रजोल से लेकर 45 मील तक वाहनों के चलने से उड़ने बाली धूल के कारण स्थानीय लोगों, दुकानदारों और अपने रोजमर्रा कार्य को जाने वाले दोपहिया चालकों का जीना हराम हो गया है।



रजोल के पास लगे फोरलेन काम से उड़ती धूल से गुजरता एक बाइक सवार।

स्थानीय लोगों शिशिर कुमार, अजय शर्मा पर्व शर्मा, राजेश, राज सूद, सुदर्शन कटोच, जीवन और अन्य गणमान्य लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों को यहां उड़ने बाली धूल क्यों नहीं दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है की उनके घर पर रखा सामान भी इस धूल के कारण खराब हो रहा है। दुकानदारों का सामान भी इस धूल के कारण खराब हो रहा है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। घर में खाने तक का सामान खराब हो रहा है।

इसी धूल के कारण लोगों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सड़क निर्माण में लगी कंपनी पानी का छिड़काव तक नहीं करवा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा की इस बारे वह उच्च अधिकारियों से भी मिल चुके हैं, लेकिन उनकी यह समस्या जस की तस है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में लगी कंपनी के अधिकारियों से यह गुजारिश की है की सड़क निर्माण के दौरान सड़क पर पानी का छिड़काव भी करवाएं, ताकि यहां उड़ने बाली धूल से छुटकारा मिले और लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे। (अनंत ज्ञान)

## जनमंच का विरोध करने वाली कांग्रेस की सरकार खुद गांव के द्वार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पूर्व भाजपा सरकार ने आम जनता की समस्याओं के घर-द्वार पर समाधान के लिए जनमंच कार्यक्रम की शुरुआत की थी। उस समय कांग्रेस ने उसका विरोध किया था। अब उसी दल कांग्रेस की सरकार को गांव के द्वार जाने को मजबूर होना पड़ा है। यह बात हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने मंगलवार को जारी प्रेस बयान में कही।

कपूर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस को अब जनता की याद आई है और सरकार गांव के द्वार जा रही है। उन्होंने कहा कि भले ही कांग्रेस द्वारा पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध किया जाता रहा हो, लेकिन कहीं न कहीं कांग्रेस सरकार ही अब भाजपा की नीतियों को कॉपी करने लगी है, सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय में सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर पाई है, ऐसे में लोकसभा चुनाव में किस मुंह से जनता के बीच जाएगी, इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर अब कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री जनता के बीच जाने को अभियान चला रहे हैं।

प्रदेश भाजपा महामंत्री ने कहा कि जनता के बीच जाने का फायदा भी तभी मिलेगा, जब जनता के लिए कुछ करेंगे, लेकिन जब किया ही कुछ नहीं तो जनता के बीच जाने का भी क्या लाभ मिलेगा।

## 22 को देश में फिर मनाई जाएगी दिवाली

### हनुमान मंदिर में सफाई के दौरान बोले पूर्व विधायक विशाल नैहरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि 22 जनवरी को देश में एक बार फिर दिवाली होगी, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में हर वर्ग उत्साह है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे धार्मिक स्थलों के स्वछता अभियान के तहत मंगलवार को कचहरी अड्डा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने स्थानीय लोगों के साथ सफाई की। साथ ही महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किया।

पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर धार्मिक स्थलों में सफाई अभियान छेड़ा गया है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के साथ कई लोग उनके साथ जुड़ रहे हैं। युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह है। अयोध्या में 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो देशवासी अपने-अपने घरों में दिवाली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस अभियान के साथ सभी वर्ग के लोग उत्साह के साथ जुड़ रहे हैं। मंगलवार को अभियान के साथ नगर निगम धर्मशाला वार्ड नंबर-आठ के पार्षद अनुज धीमान सहित बुद्धिजीवी विजय शर्मा, अश्वनी कौल, राजिंद्र कपूर, राजेश वर्मा, बजेश्वर गुलेरिया, राजकुमार, आशु, देशराज, महिलाओं में सुनीता शर्मा, सवित्रा गुरंग, रीता वर्मा, नीलम सूद, वीना थापा, प्रेरणा शर्मा, युवाओं में सुशील कपूर, राजेश कुमार, मोंटी, विकास दियोर, शुभम कथूरिया, पंकज, भास्कर, शशि, चमारु, राजेश व रवि साहिल, सहित अन्य शामिल रहे।



मंदिर में सफाई करते पूर्व विधायक विशाल नैहरिया।

## राजकीय आर्य कॉलेज नूरपुर में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस



गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक करते एसडीएम गुरसिमर सिंह व अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर में 75वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर स्थानीय मिनी सचिवालय में एसडीएम गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को स्थानीय राजकीय आर्य कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा प्रात: 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि इस मौके पर पुलिस, एनसीसी-एनएसएस तथा स्काउट एंड गाइड के बच्चों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों से अपील करते हुए उन्हें राष्ट्रीय पर्व के दौरान अपने अधीनस्थ स्टाफ की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया है। बैठक में तहसीलदार राधिका सैनी, नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी आशा वर्मा सहित विभिन्न स्कूलों तथा विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | संवाद कार्यक्रम के दौरान बोले आरएस बाली, विभिन्न पंचायतों में सुनीं लोगों की समस्याएं

# गरीब परिवारों पर खर्च होंगे एक लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां की प्रत्येक पंचायत के लोगों की विकास की प्राथमिकताओं के आधार पर ग्रामीण विकास का मॉडल विकसित किया जाएगा।

इस के लिए पंचायत प्रतिनिधियों तथा लोगों से प्रारंभिक चरण में तीन-तीन विकास की प्राथमिकताएं तय करने के लिए कहा गया है, ताकि उसके अनुरूप नगरोटा विस क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जा सके। मंगलवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने पंचायत मिलन पंचायत संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत नगरोटा में कबाड़ी, सुनेहड़, मुमता, मूंदला, अमतराड, उस्तेहड़, स्कॉट, चाहडी, अंबाडी, लिली, ठारू, कीर चंबा और मस्सल पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनीं और तथा अधिकारियों को समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर अति निर्धन परिवारों के उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा इस के लिए पंचायत स्तर पर अति निर्धन लोगों की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इन लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभांवित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में एक लाख की राशि गरीब परिवारों पर खर्च की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा निरीक्षण नियमित तौर पर करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नगरोटा के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी तथा सभी पंचायतों के समग्र विकास के लिए कार्य योजना तैयार की गई है तथा सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से सड़क सुविधा के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम मुनीष शर्मा, बीडीओ राजेश सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुरेश वालिया, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग विवेक ठाकुर, अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड कमल चौधरी, एसडीओ माया दास, ईओ कंचन बाला, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, महासचिव एवं उपप्रधान अजय सिपहिया, विनोद कुमार, कांता पठानिया, सुमित्र मसंद, अमित डोगरा, एनडी शर्मा, मुकेश मेहता, बंदना, अनिल, स्वरूप चौहान, निर्मल पराशर, विनेश कटोच, रंजीत जरियाल, अजय पनियारी, निर्मल, जोंकी, प्यारे लाल, संतोष चौधरी, प्रेम राणा, अनिल, अविनाश, कुलदीप जोंकी, बलवीर, पूर्ण चंद, पिंटू ठाकुर और ग्रामीण मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

### माता योगेश्वरी मंदिर लदोह में की सफाई

**पंचरुखी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक देश भर के मंदिरों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचरुखी जोन के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राज्य पेंशन कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा की अगुआई में माता योगेश्वरी मंदिर लदोह में मंदिर परिसर व आसपास की साफ-सफाई की। घनश्याम शर्मा के कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के सभी मंदिरों में सफाई अभियान के चलते जयसिंहपुर विधानसभा भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मंदिरों में भी साफ-सफाई की जा रही। घनश्याम शर्मा ने प्रदेश की जनता से आग्रह किया कि 14 से 22 जनवरी तक चले मंदिरों के स्वच्छता अभियान का हिस्सा बन कर इस धार्मिक महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# चंबा में खेल मंत्री फहराएंगे तिरंगा

## चौगान मैदान में होगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन 26 जनवरी को चंबा के ऐतिहासिक चौगान में किया जाएगा। समारोह के प्रबंधों को लेकर उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मंगलवार को बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि समारोह में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।


बचत भवन में बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अपूर्व देवगन।

बैठक के दौरान समारोह के स्वरूप को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि मार्चपास्ट में पुलिस, होमगार्ड्स की टुकड़ियों के अलावा एनसीसी व एनएसएस के दल हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त वन रक्षक भी मार्चपास्ट का हिस्सा होंगे। उन्होंने बताया कि समारोह 26 जनवरी को सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को समारोह की गरिमा के अनुरूप प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान, सहायक आयुक्त मनीष चौधरी, एसडीएम अरुण शर्मा, उपनिदेशक कृषि कुलदीप धीमान, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाड़क, उपनिदेशक उद्यान विभाग प्रमोद शाह, महाप्रबंधक उद्योग चंद्रभूषण, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, जिला आयुष अधिकारी किरण शर्मा, जिला श्रम अधिकारी अनुराग शर्मा, वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विपिन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# साक्षात्कार की अधिसूचना जल्द जारी की जाए

**चंबा।** जिला बेरोजगार प्रशिक्षित गृहविज्ञान शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष आरती कुमारी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि पिछले माह संघ द्वारा उठाई जा रही नियुक्ति संबंधी मांग को अहमियत देते हुए सभी जिलों के शिक्षा विभाग के माध्यम से सूचियां तलब की गई थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने बेरोजगार प्रशिक्षित गृहविज्ञान शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी नहीं की और न ही साक्षात्कार के लिए प्रक्रिया शुरू की गई। ऐसा लगता हैं कि प्रदेश सरकार पूर्व भाजपा सरकार की तरह बेरोजगार प्रशिक्षित गृहविज्ञान शिक्षकों की नियुक्ति नहीं करना चाहती है। उन्होंने सरकार से बेरोजगार प्रशिक्षित गृहविज्ञान शिक्षकों के साक्षात्कार के लिए अधिसूचना जारी करने की मांग उठाई है। इस मौके पर संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# गुइला के जंगल में लगी आग, चार मकान राख

## मैलीकुड़ी धार में वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद लपटों पर पाया काबू

**आजम डार, तीसा**

जिला चंबा के चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत गुइला के जंगल में शरारती तत्वों की ओर से लगाई गई आग से मैलीकुड़ी धार (अधवारी) स्थित ग्रामीणों के चार कच्चे मकान राख हो गए। वहीं इस भयंकर आग से वन विभाग के चीड़ और देवदार के कई पेड़ों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कच्चे मकान मालिकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि, सर्दियों के दिनों में ग्रामीण अपने मवेशियों के साथ निचले क्षेत्रों में चले जाते हैं। जंगलों को आग के हवाले करने वाले शरारती तत्वों पर नकेल कसने की ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की है। गौर हो कि शनिवार से गुइला पंचायत के जंगल में लगाई गई आग ने धीरे-धीरे भयंकर रूप धारण करते हुए मैलीकुड़ी धार पर स्थित ग्रामीणों के चार मकानों को जला दिया है। जंगल में लगी आग की सूचना मिलने के बाद बीते रविवार वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग को बुझाने का कार्य आरंभ किया लेकिन, प्रचंड आग की भेंट मकान चढ़ गए। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम आग पर काबू पाया।

डीएफओ सलूणी सुशील कुमार गुलेरिया ने बताया कि जंगल में लगी आग के कारण मिट्टी-लकड़ी से बने मकान जले हैं। बहरहाल, जंगल की आग में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं है। जबकि शरारती तत्वों पर नकेल कसने के लिए ग्रामीणों को भी आगे आने की आवश्यकता है। तभी नियंत्रण पाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)


पंचायत गुइला के जंगल में आग से राख हुए चार कच्चे मकान।

# उरई के जंगल की आग से दो मकान जले

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत जगत के उरई के जंगल में लगी भयंकर आग की चपेट में आने से दो टप्पर/कच्चे मकान जलकर पूरी तरह से राख हो गए हैं। गौरतलब है कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर के जंगलों में पिछले कई दिनों से भयंकर आग लगी हुई है। इस भयंकर आग के कारण अब तक करोड़ों की वन संपदा जलकर राख हो गई है तो वहीं पर कई घर भी इसकी चोट में आ गए हैं।

सोमवार रात को लगी भयंकर आग के चलते ग्राम पंचायत जगत के उरई में दो घर जलकर पूरी तरह से राख हो गए। हालांकि वन विभाग की टीम व स्थानीय लोगों की तमाम कोशिशों के बाद भी यहां लगी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पिछले कई दिनों से शरारती तत्वों द्वारा आग लगाए जाने के कारण भरमौर के जंगलों में अब तक करोड़ों की संपदा जल कर राख हो गई है। जानकारी के अनुसार निम्मो देवी पत्नी मजनू राम व कृष्ण पुत्र परंतु राम के पहाड़ों पर बनाए गए घर इसकी चपेट में आ गए हैं। गर्मियों के सीजन में लोग यहां पर अपने मवेशियों को लेकर जाते थे, लेकिन भयंकर आग लगने के कारण टप्पर पूरी तरह से राख हो गए हैं। हालांकि इसकी सूचना राजस्व विभाग व वन विभाग को दे दी गई है। इन मकान के जलने के कारण इन दोनों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।


उरई के जंगल में लगी आग में जलता मकान।

## न्यूज ब्रीफ

### सुल्तानपुर में व्यक्ति ने लगाया फंदा

**चंबा।** जिला मुख्यालय के सुल्तानपुर वार्ड में एक किराये के मकान में रह रहे व्यक्ति ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। वहीं मामले की भनक लगते ही सुल्तानपुर पुलिस चौकी दल ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा शवगृह भेज दिया। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने मृतक की पहचान खेमराज पुत्र सोभिया गांव डियूर के रूप में पहचान की है। मृतक व्यक्ति रोजमर्रा की तरह अपने कार्य से लौट अपने कमरे में चला जाता था, लेकिन मंगलवार को सुबह काफी देर उसके कमरे का दरवाजा न खुलने पर मकान में रह रहे अन्य किरायेदारों ने जब उसका दरवाजा खटखटाया तो उसने दरवाजा नहीं खोला। जब पड़ोसियों ने कमरे के साथ लगती खिड़की से भीतर झांक कर देखा तो खेमराज छत पर लगे हुक के साथ रस्सी से झुलता हुआ नजर आया। जिस पर उन्होंने तत्काल इस बात की सूचना सुल्तानपुर पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच मकान में रह रहे अन्य किरायेदारों के बयान कलमवद्ध कर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई आरंभ कर दी है। उधर मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पुलिस हेड[ ार्टर चंबा जितेंद्र चौधरी ने कहा कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। जबकि मामला दर्जकर इस दिशा में छानबीन की जा रही है। पोटमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए कार्यशाला


प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी।

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जालम सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय काया कल्प प्रोग्राम के जिला को-ऑर्डिनेटर डॉ. सुरेश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित नड्डा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित को सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर स्तर पर काया क्लप कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए उनके कार्य की समीक्षा भी की गई। इसके साथ ही उन्हें बायोमेडिकल वेस्ट एवं संक्रमण कंट्रोल प्रैक्टिस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### समोट पंचायत में निकास नालियां बनाई जाएं

**चुवाड़ी।** भटियात उपमंडल के समोट पंचायत क्षेत्र में निकास नालियों के अभाव से क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। हालांकि इस दिशा में क्षेत्रवासियों ने पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार गुहार भी लगाई है, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासनों से अधिक और कुछ प्राप्त नहीं हो सका है। जिसके चलते अब लोगों ने इस मसले को सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाने का निर्णय लिया है। गौर हो कि समोट पंचायत क्षेत्र में निकास नालियों का प्रावधान न होने से सारा पानी एक स्थान पर इकट्ठा हो जाता है जिस कारण पूरे क्षेत्र में बदबू फैलन से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत समोट के इंद्र कुमार, प्रकाश चंद, प्रेम कुमार, अजय कुमार, विशाल, राकेश, नीरज, संजीव, दीपक, रोहित कुमार, पूजा देवी, सावित्री, अनुराधा, कविता व कृष्णा आदि का कहना है कि स्वच्छता के तहत कई बार पंचायत में कार्यक्रम अब तक हो चुके है, लेकिन ग्रामसभा तक प्रस्तावित क्षेत्र में निकास नालियों के विषय को कोई अहमियत नहीं दी जा रही है। जिसके चलते पंचायत के लोगों में काफी मलाल है। इसलिए यहां जल्द नालियां बनाई जाएं।

# चंबा-साहो मार्ग पर हैवी बलास्टिंग की चपेट में आकर किशोर घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा-साहो मार्ग पर सड़क चौड़ाई कार्य के दौरान हैवी ब्लास्टिंग की चपेट में आने से कार्य स्थल के विपरीत दिशा में मोहल्ला पक्काटाला में खेल रहा किशोर उसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हुए किशोर को उपचार के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में भर्ती करवाया। पुलिस थाना सदर में निर्माण कार्य ठेकेदार विरूद्ध मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल किशोर, अभिभावकों व स्थानीय लोगों के बयान दर्जकर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी। जानकारी अनुसार यह हादसा तब घटित हुआ जब चंबा साहो-मार्ग पर पक्काटाला के विपरीत दिशा में सड़क को चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान कार्य निर्माण ठेकदार द्वारा कार्य स्थल पर हैवी ब्लास्टिंग करवाई गई। जिसमें पावर में टूटी



चट्टानों का एक पत्थर उछल कर आशीष पाल पुत्र आकाश पाल मोहल्ला कश्मीरी निवासी के सिर पर जा लगा। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस पर स्थानीय लोगों ने ठेकदार की इस लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस थाना सदर चंबा को इसकी सूचना दी। पुलिस ने लोगों व घायल किशोर के अभिभावकों की शिकायत पर ठेकदार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। डीएसपी पुलिस हेडक्वार्टर चंबा जितेंद्र चौधरी बताया कि सदर थाना पुलिस ने ब्लास्टिंग में घायल हुए किशोर को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। जबकि ठेकदार पर मामला दर्जकर तफ्तीश की जा रही है।

## हेल्थ वर्कर्स को तैयार करनी होगी शिशुओं की ऑडिट रिपोर्ट

**चंबा।** शिशुओं संबंधी रोगों व उपचार का पूर्ण विवरण तैयार करने के उद्देश्य से सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने शिशु ऑडिट रिपोर्ट योजना का आगाज किया है। जिसमें अब बच्चे की मौत होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ऑडिट रिपोर्ट तैयार करके स्वास्थ्य विभाग को सौंपनी होगी ताकि बच्चों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों से हुई मौतों का पता लगाया जा सके। गौर हो कि शून्य दिन से लेकर 13 साल तक के बच्चे की बीमारी व किसी रोग के कारण मौत होने पर ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने की योजना आरंभ की गई है ताकि बच्चों की बीमारी व मृत्यु दर के बारे में सही आंकड़े प्राप्त हो सकें। अब तक केवल उन्हीं बच्चों की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के पास होती थी, जिनकी मौत अस्पताल में किसी बीमारी की वजह से या मां के गर्भ में हो जाती थी। इससे पूरे जिला में होने वाली बच्चों की मौत के बारे में सही आंकड़े नहीं मिल पाते थे। अब स्वास्थ्य कार्यकर्ता शहर तथा गांव में होने वाली बच्चों की मौत के बारे में सही कारण पता लगाएंगे। इसमें यह पता लगाया जाएगा कि बच्चे की मौत किसी बीमारी से या अन्य कारणों से हुई है। डॉ. जालम सिंह भारद्वाज जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा का कहना है कि जिला में तैनात सभी बीएमओ, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शिशु ऑडिट रिपोर्ट संबंधी सूचना जारी कर दी हैं। शिशु ऑडिट रिपोर्ट कार्य प्रगति दिशा में हैं।

## ओपीएस बहाल नहीं की तो होगा आंदोलन

**चंबा।** बिजली बोर्ड पेंशनर फार्मर रिटायर संघ चंबा द्वारा होटल मिलन पैलेस में बैठक का आयोजन किया गया। संघ महासचिव नरसिंह रावत ने बताया कि संघ के राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारियों द्वारा ही सर्वप्रथम ओपीएस बहाली की मांग बुलंद की थी। जिसमें धीरे-धीरे कई विभाग शामिल होते गए ओर यह महासंग्राम आंदोलन बन गया। जिसे मौजूद सरकार ने मंजूर किया जिसका यूनियन स्वागत करती है। अफसोस की बात है कि ओपीएस बहाली से बोर्ड कर्मियों को वंचित रख उन्हें अभी तक शामिल नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि बुढ़ापे में बोर्ड कर्मियों को पेंशन से नहीं जोड़ सरकार व बोर्ड निदेशक अन्याय संगत का परिचय दे रहे है। बिजली बोर्ड से 50 हजार परिवार जुड़े हुए हैं। हालांकि 18 जनवरी को मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ने बैठक रखी है। उन्होंने कहा कि बैठक में अगर सरकार संघ की डिमांड पूरी नहीं करती है तो कर्मचारी 18 जनवरी के बाद एक विशाल जन आंदोलन करने को तैयार हैं। संघ महासचिव नरसिंह रावत ने कहा कि उनकी इस मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। वहीं बैठक में जिला चंबा के रिटायर पेंशनर कर्मचारियों ने पेंशनरों के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मौके पर बोर्ड पेंशनर फार्मर रिटायर संघ चंबा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# 100 से घटकर 11 हुए कुष्ठ रोगी

## कुष्ठ रोग चिकित्सालय में साल दर साल घट रही संख्या

**एमएम डैनियल, चंबा**

स्टेट टाइम में डॉ. हैचीसन वैले द्वारा एशिया का पहला कुष्ठ रोग उपचार के लिए बोया गया बीज आज वृक्ष बनकर जिला चंबा के कुष्ठ रोग संबंधी रोगियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है। जिसकी बदौलत सैकड़ों की संख्या वाले कुष्ठ रोग चिकित्सालय चंबा में मौजूदा समय में रोगियों के ग्राफ में कमी आई है। जिसका श्रेय डॉ. हैचीसन सहित सरकार व जिला स्वास्थ्य विभाग चंबा को जाता है।

गौर हो कि कुष्ठ रोग चिकित्सालय चंबा के आगाज के दौरान जिला में एक समय था जब रोगियों की संख्या का ग्राफ 100 अथवा इससे भी अधिक रहा, लेकिन कुष्ठ रोग के तहत सरकार द्वारा आरंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों व उपचार की बदौलत आज हर्ष का विषय है कि अब चंबा जिला में कुष्ठ रोगियों का आंकड़ा महज 11 तक सीमित हो गया है। गत पांच सालों से जिला




के किसी रोगी में भी कुष्ठ रोग के लक्षण नहीं पाए गए हैं। जिसका खुलासा विभाग द्वारा समय-समय पर करवाई सर्वे रिपोर्ट कर रही है। वहीं रिपोर्ट में बीते दस सालों में कुष्ठ रोग ग्रस्त रोगी निरोग होकर अपने घरों वापस तक लौट चुके है। वह भी एक समय था जब कुष्ठ रोग को महामारी रोग के साथ जोड़ कर गिना जाता था। जिस पर डॉ. हैचीसन वैले व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कार्य के तहत फतह हासिल करना आरंभ कर दिया है। चंबा में स्थापित हुए कुष्ठ रोग चिकित्सालय के बाद राज्य सरकार बिलासपुर व जिला सोलन में खोले गए। गत वर्षों पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में चंबा के खुले कुष्ठ रोग चिकित्सालय को स्थानांरित कर दिया। जिसका बुद्धिजीवियों के ऐतराज करने पर सरकार द्वारा जारी फरमानों को रद्द किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग चंबा द्वारा कुष्ठ रोग निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों की बदौलत इस रोग के लक्षण पूर्ण रूप से उपजने से पहले ही खत्म हो सकते है। (अनंत ज्ञान)

> कुष्ठ रोग चिकित्सालय चंबा में बीते कुछ सालों में विभागीय स्टाफ के प्रयासों के तहत कई रोगी रोग मुक्त हुए है। जो कि हर्ष की बात है। चिकित्सालय में दाखिल रोगियों की समय-समय पर जांच, दवा सहित उनकी डाइट का विभाग द्वारा विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि विभाग द्वारा कुष्ठ रोग संबंधी जागरूकता शिविरों का भी जिला में आयोजन कर लोगों में जागरूकता का संदेश पहुंचा रहे है।
>
> **-डॉ. जालम सिंह भारद्वाज, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चंबा।**

# बिना अनुमति वन विभाग की भूमि पर मलबा फेंकना पड़ा महंगा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा वन विभाग की भूमि पर बिना अनुमति मलवा फेंकना भारी पड़ गया। दो वर्षों तक दोनों विभागों में नोटिस के सिलसिले के पत्राचार के बाद आखिकार लोक निर्माण विभाग चंबा ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए वन विभाग चंबा को लाखों रुपए की जुर्माना राशि अदा करनी पड़ी।

गौर हो कि लोक निर्माण विभाग मंडल चंबा के तहत पिछले दो सालों में दर्जनों नई सड़कों का निर्माण किया गया है। इन सड़कों को बनाने के दौरान निकली मिट्टी को ठेकेदारों ने डंपिंग साइटों में डालने के बजाय वन विभाग की भूमि में फेंक दिया। इससे वन संपदा को काफी नुकसान भी पहुंचा। संबंधित वन रक्षकों ने इसको लेकर डैमेज रिपोर्ट काटी। जिसे लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में जमा करवाया गया, लेकिन दो साल से लोक निर्माण विभाग डैमेज रिपोर्ट की भरपाई नहीं कर रहा था। इसको लेकर कई बार विभाग से वन विभाग के अधिकारियों ने पत्राचार भी किया, लेकिन इसके बाद भी जब बात नहीं बनी तो वन विभाग ने लोक निर्माण विभाग को नोटिस जारी कर दिया। वन विभाग ने लोक निर्माण विभाग को क्षति रिपोर्ट की भरपाई करने के लिए नोटिस जारी किया। वन विभाग से नोटिस मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने वन विभाग के खाते में 10 लाख की धनराशि जमा करवा दी है। यह धनराशि वन विभाग ने लोक निर्माण विभाग को वन संपदा को नुकसान पहुंचाने के लिए क्षति रिपोर्ट के रूप में लगाई थी। उधर वन परिक्षेत्र अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दो वर्षों से लोनिवि चंबा को वन संपदा को क्षति रिपोर्ट का भुगतान नहीं करने को लेकर नोटिस दिया गया था। नोटिस मिलने के बाद लोनिवि विभाग ने क्षति रिपोर्ट की भरपाई दस लाख रुपए जमा करवा दिए हैं।

# आज भी किराये के भवन में चल रही अग्निशमन चौकी बनीखेत

## मूलभूत सुविधाओं की भी है कमी, अब सरकार से उम्मीद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

एक दशक से ज्यादा का समय हो जाने के बाद भी अग्निशमन चौकी बनीखेत अपनी सेवाएं देती आ रही है किंतु इतना अधिक समय हो जाने के बावजूद चौकी के पास ना तो खुद के आवास हैं और न कार्यालय। बताते चलें कि किराये की इमारत में चल रही अग्निशमन विभाग की चौकी बनीखेत जिसमें कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है, लेकिन कार्यरत कर्मचारी ऐसी स्थिति में भी अपनी सेवाएं देने में कभी पीछे नहीं हटे।

डेढ़ दशक होने को आया है आज भी अग्निशमन विभाग बनीखेत का हर कर्मचारी मौजूदा हिमाचल प्रदेश सरकार से उम्मीद लगाएहै कि शायद आज सरकार उन पर मेहरबान होगी। हालांकि अग्निशमन विभाग को जमीन एवं इमारत संबंधी सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी की जा चुकी है और उसके बावजूद अग्निशमन चौकी का किराये के भवन में से संचालन करना अपने आप में सवालिया निशान है। जहां अग्निशमन की गाड़ियां खड़ी रहती हैं वहां भी स्थानीय लोगों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं कई बार तो आपातकालीन स्थिति में भी गाड़ी निकालने के लिए कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि जल्द ही आवंटित की गई भूमि पर भवन का निर्माण शुरू करवाया जाए ताकि अग्निशमन चौकी के समक्ष आ रही समस्याओं से निजात मिल सके।


अग्निशमन चौकी बनीखेत।

वहीं इस बारे में स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह बहुत जल्द जिला प्रशासन एवं हिमाचल प्रदेश सरकार से संपर्क कर इस मुद्दे पर जरूर बात करेंगे और अग्निशमन चौकी के भवन निर्माण के लिए बात कर भवन कार्य को अंजाम देने में किसी किसी तरह से पीछे नहीं हटेंगे। (अनंत ज्ञान)

**समस्या** | महाविद्यालय में छात्रों को पेश आ रही परेशानियां, गर्ल्स स्कूल में लगाई जा रही कक्षाएं

# चार साल से नहीं बना भरमौर कॉलेज का भवन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर का डिग्री कॉलेज अपने आप में अनोखा कॉलेज बन गया है जहां पर पिछले तीन साल से बच्चों की पढ़ाई अलग-अलग जगह प्राइवेट कमरों में हो रही है। यहां पर कॉलेज के बच्चों को पढ़ने के लिए कभी गर्ल्स स्कूल के कमरे दिए जा रहे हैं तो कभी डीएवी स्कूल की बिल्डिंग में कमरे मुहैया करवाए जा रहे हैं। स्कूल के भवन को लेकर कई बार धरने-प्रदर्शन व ज्ञापन अभी तक प्रशासन व सरकार को दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

वही यहां के स्थानीय विधायक भी शिक्षा की प्रणाली को लेकर कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर चुके हैं लेकिन उनकी गृह पंचायत में ही कॉलेज के बच्चे पिछले कई सालों से इन हालातों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लाखों के बजट से बनने वाला भवन पिछले चार-पांच साल से पूरा ही नहीं हो पा रहा है। इस कारण यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार इस कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ था, लेकिन लगभग चार वर्ष बाद भी अभी तक इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लिहाजा बच्चों को गर्ल्स स्कूल, डीएवी स्कूल व साडा कांप्लेक्स के कमरों में पढ़ाया जा रहा है। कॉलेज के बच्चों ने अपने इस हक के लिए कई बार ज्ञापन व धरने-प्रदर्शन भी किए हैं, लेकिन इसके बावजूद यहां पढ़ाई कर रहे कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए यहां पर पिछले तीन-चार सालों से लाइब्रेरी भी नसीब नहीं हो पा रही है। लिहाजा इस माहौल में यहां बच्चे कैसी पढ़ाई कर रहे हैं इसका अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है। पिछले करीब एक साल से जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस कॉलेज के निर्माण को तुरंत से तुरंत करवाने को लेकर गंभीर देखे हैं। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी के पीएसी की बैठक के दौरान भरमौर में कई बार कॉलेज के बच्चों द्वारा उन्हें इस मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपे गए हैं। लिहाजा उन्होंने भी जल्द से जल्द इस बिल्डिंग के काम को पूरा करने के आदेश संबंधित विभागों को दिए हैं। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ विशाल चौधरी ने कहा है कि इस भवन के निर्माण को तय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश ठेकेदार को दे दिए गए हैं। आने वाले एक-दो महीनों के बाद इस बिल्डिंग का काम पूरा होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)


भरमौर डिग्री कॉलेज का भवन।

### क्या कहते हैं प्राचार्य

भरमौर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य स्वरूप कुमार ने कहा कि पिछले तीन-चार सालों से जब से नए कॉलेज की बिल्डिंग का काम शुरू हुआ है बच्चों को पढ़ने के लिए गर्ल्स स्कूल साडा परिसर और डीएवी स्कूल में कमरे लिए गए हैं। जहां पर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि कमरों के अभाव के कारण लाइब्रेरी व स्टाफ रूम एक ही ऑफिस में चलाया जा रहा है। इससे बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानियां आ रही हैं। उम्मीद है कि अगले वर्ष तक कॉलेज के नए भवन में बच्चों की कक्षाएं शुरू हो जाएगी। इसके लिए सरकार और प्रशासन भी गंभीर है। जल्द से जल्द इस कॉलेज के भवन निर्माण को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# लाहौल के पर्यटन स्थलों में सैलानियों का तांता

## हर रोज आठ से दस हजार पर्यटक पहुंच रहे बर्फ के दीदार को | मनाली के होटलों में भी छाई है रौनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पर्यटन स्थल सिस्सू में पर्यटन गतिविधियां बेशक बंद हैं लेकिन लाहौल के अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का खूब तांता लग रहा है। बर्फ के दीदार को हर रोज आठ से दस हजार पर्यटक लाहौल के पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन अटल टनल पार कर लाहौल की वादियों में पहुंचे।

पर्यटन स्थल सिस्सू से बर्फ गायब हो रही है, लेकिन कोकसर की ओर कुठ बिहाल में सैलानी बर्फ की परत से रुबरु हो रहे हैं, हालांकि बर्फबारी न होने से सैलानी ताजे बर्फ का आनंद नहीं ले पा रहे हैं, लेकिन उन्हें अटल टनल के बहाने लाहुल में बर्फ का दीदार हो रहा है। लाहौल के यांगला पर्यटन स्थल में पर्यटन कारोबार चला रही पूनम, सोनम, पलमो व दोरजे ने बताया कि



लाहुल के छेलिंग नाला में आईस क्लाइंबिंग करते हुए युवा।

### बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना जारी

मंगलवार को यांगला की ओर भी पर्यटकों की संख्या अधिक रही। उन्होंने बताया कि कारोबार कम है, लेकिन बर्फबारी के बाद रफ्तार पकड़ेगा। बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना जारी है। जिससे मनाली के होटलों में भी रौनक छाई हुई है। होटल कारोबारी रोशन व विम्पी ने बताया कि पर्यटन कारोबार घटा है, लेकिन बाहरी राज्यों से हर रोज पर्यटक आ रहे हैं जिसे रौनक बरकरार है। उन्होंने कहा कि सभी को हिमपात का इंतजार है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटक बर्फ के दीदार को अटल टनल के पार दस्तक दे रहे हैं।

### युवाओं ने माइनस तापमान में तैयार किया आइस ट्रैक

**लाहौल** घाटी के छेलिंग नाला का पानी जमने से बने बर्फ के पहाड़ में आइस क्लाइंबिंग शुरू हो गई है। मंगलवार सुबह छेलिंग युवक मंडल और हिमालयन ऑक्सिपेड ने क्लाइंबिंग का प्रशिक्षण शुरू किया। लाहौल समेत हिमाचल के अन्य जिलों के करीब 20 युवा इसमें प्रशिक्षण ले रहे हैं।

युवा मंडल छेलिंग के प्रधान छेरिंग लारजे ने बताया कि सर्दियों में हर साल यह प्रशिक्षण करवाया जाता है। इस साल भी इसका आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन एवं साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के मकसद से युवाओं के सहयोग से यहां आईस ट्रैक तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटक भी आइस क्लाइंबिंग के लिए केलांग पहुंच रहे हैं। बर्फबारी न होने के कारण पर्यटक बर्फीली खेलों के बजाए इस तरह की गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।



लाहौल के पर्यटन स्थल यांगला में बर्फ में मस्ती करते पर्यटक।

# गेस्ट टीचर के नाम पर युवाओं के साथ धोखा

**अनंत ज्ञान, आनी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य प्रदीप ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान सरकार के अनुसार प्रदेश में स्कूल और कॉलेजों में पीरियड आधार पर 2600 अतिथि शिक्षकों की भर्ती होगी। शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दुर्गम-जनजातीय सहित तमाम क्षेत्रों में रिक्तियों को भरने के लिए यह फैसला प्रदेश सरकार ने लिया है, जो रोजगार के नाम पर युवाओं के साथ एक खिलवाड़ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल व कालेजों में अतिथि शिक्षक (गैस्ट फैकल्टी) की नियुक्ति करने की तैयारी में है। छठी कक्षा से कॉलेज तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने का जिम्मा इन्हें दिया जाएगा। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि गैप अरेंजमेंट के नाम पर स्कूली स्तर से कॉलेज स्तर तक अब अतिथि शिक्षकों के भरोसे छात्रों को पढ़ाया जाएगा। कहीं न कहीं इस कारण शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों व सालों की मेहनत के बाद नैट-सैट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के स्वप्न लिए युवाओं के साथ धोखा है।



एबीवीपी नेता प्रदीप ठाकुर व अन्य ज्ञापन सौंपते हुए।

एबीवीपी नेता प्रदीप ठाकुर ने कहा कि गेस्ट टीचर के नाम पर प्रदेश के हजारों युवाओं को उनकी शिक्षा पूर्ण करने के बाद स्थायी तौर से रोजगार न दे पाना और चुनाव के पहले प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के सपने दिखाना कहीं न कहीं आज हिमाचल सरकार का असली चेहरा हिमाचल वासियों के सामने आ चुका है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल सरकार को चेतावनी देते हुए यह कहना चाहती है कि इस प्रकार के छात्र युवा विरोधी फैसलों को लेने से पहले प्रदेश के भविष्य के बारे सोचा जाना चाहिए। इस प्रकार के किसी भी फैसले का विद्यार्थी परिषद कड़ा विरोध करती है।

## भुंतर सुधार समिति ने पीहू ठाकुर को किया सम्मानित

# कुल्लू की बेटी ने फोक डांस में जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

मध्य प्रदेश में गत कुछ दिन पहले नेशनल सिंगिंग व फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में भुंतर के जिया की नन्हीं पीहू ठाकुर ने नेशनल फोक डांस प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर जिला व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेटी की इस उपलब्धि पर जहां परिजन खुश हैं वहीं, बधाई देने वालों का भी तांता लगा हुआ है और लोग घर पर आकर बच्ची को सम्मानित भी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को भुंतर सुधार समिति की ओर छोटी उम्र में अपने हुनर का जलवा दिखाने वाली इस नन्ही परी पीहू ठाकुर को प्रशस्ति पत्र, टोपी व मफलर देकर सम्मानित किया गया। गौर रहे कि नेशनल सिंगिंग व डान्स स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन मध्य प्रदेश सिंगिंग डांस स्पोर्ट्स परफोर्मिंग आर्ट्स संघ, डांस स्पोर्ट्स भारत महासंघ, परफोर्मिंग आर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया व रितेश गोयल कॉलोनाइजर संस्थापक बालाजी ग्रुप के सौजन्य से कराया गया।



भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारियों के साथ पीहू ठाकुर व उसके परिजन।

इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की हुनर बाज पीहू ठाकुर ने मध्य प्रदेश में फोक डांस में शानदार प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध कर कांस्य पदक पर कब्जा कर प्रदेश, जिला व परिजनों का नाम रोशन किया है। मंगलवार को भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि छोटी-सी उम्र में इस बेटी ने फोक डांस में कांस्य पदक हासिल कर जिला कुल्लू सहित अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया है। छोटी बच्ची का हौसला-अफजाई करते हुए भुंतर सुधार समिति ने उसे सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बेटी का हौसला अफजाई करेंगे तो यह भविष्य में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और जिला कुल्लू का नाम देश-विदेश तक चमकाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### निशानेबाजी में सुशील डोगरा प्रथम



गोंधला में आयोजित निशानेबाजी प्रतियोगिता के दौरान निशाना साधते हुए प्रतिभागी।

**केलांग।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के माध्यम से नेहरू युवा केन्द्र केलांग द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शृंखला में मंगलवार को शारीरिक दक्षता के तहत गोंधला में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें वहां के तिनन एडवेंचर एंड स्पोर्ट्स क्लब से जुड़े युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में निशानेबाजी, टेबल टेनिस और स्कूवर आदि खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें निशानेबाजी प्रतियोगिता में सुशील डोगरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, दूसरे स्थान पर सुशील और तीसरे स्थान पर रवि रहे। वहीं टेबल टेनिस में प्रथम स्थान सुशील, दूसरे स्थान पर आकाश और तीसरे स्थान पर प्रदीप डोगरा रहे। नेहरू युवा केंद्र केलांग के उपनिदेशक राम सिंह ने बताया की युवाओं को खेलों में रुचि रखनी चाहिए, ताकि शरीर चुस्त और फुर्तीला बना सके।

### महिलाओं को किया 'वो दिन' योजना बारे जागरूक

**आनी।** आनी ब्लॉक की सभी पंचायतों में बाल विकास परियोजना विभाग के अंतर्गत 'वो दिन योजना' के तहत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी इंद्र सिंह गर्ग ने बताया कि गांव की सभी युवतियों-महिलाओं को 'वो दिन योजना' पर स्वस्थ रहने की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है। आनी ब्लॉक की ग्राम पंचायत पलेही के घोरला व शाली आंगनबाड़ी केंद्रों में शिविर लगाया गया। लुहरी वृत्त की पर्यवेक्षक कल्पना की अगुआई में युवतियों, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जाए व पीरियड आने पर सेंटरी पैड इस्तेमाल करने और दिन में दो बार स्नान करने, कपड़े बदलने की सलाह दी गई। शिविर में अपने शरीर को साफ-सुथरा रखने, परिवार, घर आंगन स्वच्छ रखना आदि के बारे में भी बताया गया। इस शिविर में गांव की कई युवतियां व महिला मंडल की महिलाएं शामिल हुईं। विभाग की पर्यवेक्षिका कल्पना ने कहा कि वृत्त के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शिशुओं, युवतियों व महिलाओं को स्वस्थ रहने और अपनी व्यक्तिगत सफाई के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### ढालपुर में गणतंत्र दिवस पर सीपीएस होंगे मुख्यातिथि

**कुल्लू।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह कुल्लू स्थित ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में मनाया जाएगा। समारोह के अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें जिले के सांस्कृतिक दल के अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण भव्य परेड रहेगा। परेड में महिला व पुरुष की पुलिस टुकड़ी के अलावा गृह रक्षा, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। इस अवसर पर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं जिला राजस्व अधिकारी डॉ. गणेश, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में कुल्लवी नाटी की धूम



कुल्लवी नाटी के कलाकार सामूहिक चित्र में।

**कुल्लू।** महाराष्ट्र के नासिक में 27वां राष्ट्रीय युवा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रीय युवा उत्सव में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों ने महाकवि कालिदास कला मंदिर के सभागार में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल्लवी नाटी डालकर रंग जमाया। सूत्रधार कला संगम कुल्लू के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व लोक नृत्य प्रभारी सुंदर श्याम तथा प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर के दिशा निर्देशन में तैयार कुल्लवी लोक नृत्य में सनी, कुनाल, सागर, चांद भारती, पवन, कृष्णा, द्रौपदी, उमा महंत, ईशा, नेहा, टिंकू, संजय, सोहन लाल, पूर्ण चंद व सेस राम ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। इस दल के साथ कंटिंजेंट इंचार्ज डीएसओ बिलासपुर शिव शंकर के साथ विवेक, रमा शर्मा, सुमनलता, मनोज व इशान युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश की तरफ से उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन कहा कि संस्था के लिए गौरव व हर्ष की बात है कि संस्था के कलाकार विविध विधाओं में अब तक 14 बार राष्ट्रीय युवा उत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जिसमें से आठ बार लोकनृत्य प्रतियोगिता में, चार बार लोकगीत विधा में और तीन बार एकांकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। इस वर्ष सूत्रधार कला संगम संस्था पुनः एकल लोक नृत्य और समूह लोक नृत्य में बेहतरीन और सर्वश्रेष्ठ दल रहा है और इस दल के 21 सदस्य एकल लोकनृत्य तथा समूह लोकनृत्य में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### बजौरा में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आज

**कुल्लू।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन कुल्लू जिला के बजौरा में आज आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। जिसमें बजौरा सहित साथ लगती सात ग्राम पंचायतों, शुरड़, नियूल, हाट, कलहेली, बजौरा, परगाणु व मंझगावं के लोगों की शिकायतों व समस्याओं को सुनकर मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा जहां गैर-संचारी रोगों के टेस्ट के अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस दौरान नेत्र रोगियों की आंखों की जांच भी की जाएगी। हिम केयर कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड के अलावा आधार कार्ड आदि बनाने की सुविधा भी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम के तहत आज ग्राम हाट, कलहैली, बजौरा व मंझगावं में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की पूर्व गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश सरकार की नीतियों कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया ।साथ ही लोगों की शिकायतों को समस्याओं को भी सुना गया।

# मनाली के विधायक विकास कार्य करवाने में अभी तक रहे असफल : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा है कि मनाली के विधायक अपने एक साल के कार्यकाल में विकास कार्य करने में पूरी तरह से विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक मनाली विस क्षेत्र में नए विकास कार्य करवाने की बजाए भाजपा कार्यकाल में हुए विकास कार्यों के उद्‌घाटन करवाकर उनका श्रेय लेने में जुटे हुए हैं। यह बात मंगलवार को कुल्लू के अटल सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए गोविंद ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ अभी तक मनाली विस क्षेत्र के लिए एक भी परियोजना लाने में अभी तक असफल रहे हैं, सिर्फ हमारे किए कार्य पर ही उदघाटन किए जा रहे हैं। रायसन पुल का निर्माण, चौकी नाला डबललेन पुल निर्माण में भी मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ का कोई योगदान नहीं। लेफ्ट बैंक के सभी पुलों के लिए 22 करोड़ की धनराशि पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप लाए थे इसमें भी कांग्रेस सरकार का कोई योगदान नहीं। बंदरोल-दिदरी सड़क भी मेरी विधायक प्राथमिकता थी। कांग्रेस ने सिर्फ अपने फट्टे लगाए हैं इनमें भी कांग्रेस और विधायक की कोई भूमिका नहीं। मढ़ी में इको फ्रेंडली मार्केट का निर्माण कार्य भी हमने किया है लेकिन सीएम ने यहां भी सिर्फ अपना फट्टा लगाया। उन्होंने कहा सीएम ने गत वर्ष मनाली में जो घोषणा की थी उनमें एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई। इंडोर स्टेडियम की घोषणा की थी नया स्टेडियम तो दूर जिस स्टेडियम को हमने शुरू किया था उसका कार्य भी आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आइसकेटिंग, मनाली बाईपास की भी घोषणा की थी वह भी पूरी नहीं की और अब जो भी उद्‌घाटन किए वह सिर्फ हमारे द्वारा किए कार्य थे जिस पर सिर्फ कांग्रेस ने अपने फट्टे लगाए। मनाली के विधायक को बहुत सीधा सादा कहते हैं लेकिन वे झूठ बोलने में माहिर हैं। विधायक ने कहा कि मेरे गांव खखनाल में जाकर 385 करोड़ की सीवरेज परियोजना का शुभारंभ किया जबकि इतनी बड़ी परियोजना के शिलान्यास व उद्‌घाटन विधायक तो दूर मंत्री भी नहीं कर सकते बल्कि मुख्यमंत्री ही करते हैं। इस परियोजना का सारा कार्य भी भाजपा के समय में हुआ है। वहीं, गोविंद सिंह ठाकुर ने सीपीएस सुंदर ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हमारी सरकार के समय जिस हंस फाउंडेशन का वे विरोध करते थे आज उसी फाउंडेशन की मदद सरकार चलाने को ली जा रही है।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर, साथ हैं अन्य।

### नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री

2024 लोकसभा चुनाव में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन जिस तरह से अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने जा रहे समारोह के लिए यूपीए की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा निमंत्रण को ठुकराना बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

# लाहौल की गाहर वैली में 23 जनवरी को होगा 'हालड़ा'

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति की गाहर वैली में हालड़ा यानी नववर्ष इस साल जनवरी माह के 23 तारीख को होना निश्चित किया गया है। शाशुर गोम्पा बौद्ध महासभा केलांग द्वारा जारी हालड़ा संबंधी तिथि एवं समय को जारी करते हुए शाशुर गोंपा के भंडारी नवांग उपासक ने बताया कि गाहर वैली का 'हालड़ा' त्योहार इस बार बौद्ध पंचांग के 12वें महीने के त्रयोदशी यानी छेपा को मनाना तय किया गया है। 'हालड़ा' त्योहार के लिए मशाल के लिए हालड़ा फाड़ने का समय मंगलवार 23 जनवरी को सुबह के 11 बजे का समय तय किया गया है।

इसके साथ ही हालड़ा फाड़ते समय दक्षिण पश्चिम के मध्य व उत्तर पश्चिम की ओर की तरह मुख करके ही हालड़ा फाड़ने के कार्य को अंजाम देना होगा। हालड़ा फाड़ने के कार्य को करने के लिए इस बार बौद्ध पंचांग के अनुसार 15 वर्षीय तग लो यानी सिंह राशि ओर 35 वर्षीय ता लोपा यानी अश्व राशि के जातक या फिर किसी भी राशि के ऐसे जातक जिनके माता-पिता जीवित हों वे इस कार्य को कर सकते हैं। इसके साथ ही रात के समय जब सब लोग मशाल लेकर एक साथ निकलेंगे तो ऐसे में रात के नौ बजे को हालड़ा फेंकने के लिए उपयुक्त समय माना गया है। बौद्ध पंचांग



हालड़ा त्योहार के लिए बना मशाल।

के अनुसार योई लो यानी खरगोश की राशि के जातक, ड्रुग लो यानी ड्रेगन की राशि के जातक और खी लोपा यानी कुत्ते की राशि के सभी स्त्री व पुरुष हालड़ा संबंधी किसी भी कार्य को करने से परहेज रखे ओर हालड़ा फेंकने के लिए घर से न निकले। शाशुर गोंपा बौद्ध महा सभा ने हालड़ा त्योहार के लिए समस्त गाहर वैली के वाशिंदों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त लाहौल-स्पीति के लोगों के लिए खुशहाली की मंगलकामना की ओर साथ ही पूरे विश्वभर में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे ऐसी कामना करते की।

# डॉ. मोहन बने मेडिकल ऑफिसर संघ के अध्यक्ष

**मनाली।** डॉ. मोहन को लाहौल-स्पीति चिकित्सा अधिकारी संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ऑनलाइन माध्यम से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। डॉ. धीरज बंसल को उपाध्यक्ष और डॉ. छेवांग तोबगे को महासचिव की जिमेदारी सौंपी गई है। डॉ. धीरज बंसल ने बताया कि डॉ. ओशिन ठाकुर को संयुक्त सचिव, डॉ. राम सिंह कैशियर, डॉ. तरुण शर्मा प्रेस सचिव, डॉ. स्वर्ण शालाख चंदेल स्टेट चीफ एग्जीक्यूटिव मेंबर और डॉ. अराणयेका

**संघ ने डाक्टरों को पहले की तर्ज पर एनपीए देने की मांग उठाई**



जसवाल को डिस्ट्रिक्ट चीफ एग्जीक्यूटिव मेंबर मनोनीत किया गया है। मेडिकल ऑफिसर एसोसिशन ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि डॉक्टरों को पहले की तरह नॉन-प्रैक्टिस अलाउंस की सुविधा दी जाए। संघ ने मांग करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक पदों में डॉक्टरों को तब्बजो दी जाए। इसके अलावा संघ ने चार सितंबर 2014 का लाभ दिए जाने की मांग की है। मेडिकल ऑफिसर संघ ने सेवानिवृत्ति के बाद डॉक्टरों को एक्सटेंशन दिए जाने का विरोध किया है। वहीं संघ ने समय पर डॉक्टरों को प्रोमोशन दिए जाने की मांग की है।

**समस्या** | पानी की योजना मंजूर, टेंडर भी अवॉर्ड, पर ठेकेदार शुरू नहीं कर रहा है काम

# डीसी साहब! बनोगी पंचायत में पानी की दिक्कत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की बनोगी पंचायत की प्रधान गोमती ठाकुर की अध्यक्षता में पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति विभाग के एक्सईएन और डीसी कुल्लू से मिला। इस दौरान प्रतिनिधमंडल ने उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग को अवगत करवाया कि पंचायत के तीन गांव में पानी की समस्या का पिछले एक साल से समाधान नहीं निकल पाया है।

उन्होंने तीन गांव के लोगों की पानी की समस्या के समाधान करने के लिए उपायुक्त कुल्लू से आग्रह किया। पंचायत प्रधान गोमती ठाकुर ने बताया कि इन गांव में पिछले एक साल से जल संकट पैदा हुआ है, हालांकि सरकार और विभाग की ओर से यहां के लिए 19 लाख रुपए की लागत से पेयजल योजना प्रस्तावित है, जिसका बजट भी उपलब्ध है और निर्माण कार्य करने के लिए टेंडर भी लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक इस योजना का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, ऐसे में अभी भी गांव में पानी की समस्या बनी हुई है।



पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति विभाग के एक्सईएन और डीसी कुल्लू से मिलता हुआ।

उन्होंने बताया कि बनोगी पंचायत के बनोगी, कटहर और सरजीबेड़ गांव में यह समस्या है। ऐसे में इन तीन गांव के लोगों ने जल शक्ति विभाग के एक्सईएन अरुण कुमार के कार्यालय पहुंचकर उनसे पानी की इस समस्या को जल्द निपटने की मांग की ऐसे में उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही योजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, ताकि गांव के लोगों को पाने की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रधान ने बताया कि इसी तरह डीसी कुल्लू आशुतोष गर्ग ने भी उन्हें जल्द इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

> **ग्रामीणों** को आश्वासन दिया है कि पानी की योजना का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही काम शुरू करने के लिए गांवों के लिए स्कीम का आधा सामान भी भेज दिया ताकि बनोगी पंचायत की पेयजल योजना को जल्दी से जल्दी पूरा किया जा सके।
> -अरुण कुमार, एक्सईएन

ग्रामीण सुंदर सिंह, महेंद्र, रूप, श्याम लाल, शांता देवी, अमरचंद आदि का कहना है कि गांव में पानी न होने के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खासकर काम के समय में उन्हें पानी लाने के लिए काफी लंबा सफर तय करना पड़ रहा है ऐसे में उनका अधिकतर समय पानी ढोने में ही व्यतीत हो रहा है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

## सूचना

**मैं, अंचला कुमारी** पत्नी सुरेश कुमार निवासी गांव घ्याहण, डा. चैलचौक, तहसील चच्योट जिला मंडी (हि.प्र.) की निवासी यह बयान करती हूं कि मेरी बीमा पॉलिसी नंम्बर 22827224 में मेरे पिता का नाम जगदीश सोनी गलत दर्ज हुआ है। जबकि वास्तविक नाम जगदीश कुमार है। मेरी बीमा पालिसी में जगदीश सोनी की जगह पर जगदीश कुमार दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टांप विक्रेता के दो पदों के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** बिलासपुर सिविल कोर्ट परिसर में स्टांप विक्रेता के दो पदों को भरा जाना है, जिसके लिए इच्छुक उम्मीदवार 30 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने दी। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर आवेदन पत्र सहित अपने दस्तावेजों को जमा करवा सकते हैं। आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी की ओर से जारी चरित्र प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण पत्र, संबंधी क्षेत्र में अनुभव का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी की ओर से जारी बेरोजगारी प्रमाण पत्र, संबंधित प्रधान द्वारा दिया गया प्रमाण आवश्यक है। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास होनी चाहिए और आवेदन की न्यूनतम आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### सड़कों पर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित कर विभिन्न कार्यशालाएं लगाकर सुरक्षित सफर व जान-माल की सुरक्षा पर आधारित फलेक्स, बोर्ड व पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। साथ में सड़कों पर भी चेकिंग के दौरान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक ओवरलोड ट्रक को जब्त करके उसके पेंडिंग चालान व उस फर्म के अन्य चालान समायोजित करके दो लाख 45 हजार जुर्माना वसूल कर वाहन को छोड़ दिया गया। वाहनों की पासिंग के दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी व मोटर वाहन अधिकारी ने निहाल में सड़क सुरक्षा कैंप आयोजित करके सड़क सुरक्षा प्रचार सामग्री वितरित की।

### आज शुरू होगा 'सरकार गांव के द्वार'

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार की शुरुआत घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत कसारू पंचायत से 17 जनवरी सुबह 11 बजे को होगी। प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। 18 को विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के करलोटी पंचायत में, 19 को विधानसभा क्षेत्र झंडूता के गालियां पंचायत में, 20 को विधानसभा क्षेत्र सदर बिलासपुर के धार टटोह पंचायत में, 21 को विधानसभा क्षेत्र श्री नयना देवी जी की टोबा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके घर द्वार के समीप सुलझाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ कर रही है। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य जांच के लाभ भी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनियां भी स्थापित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों में लोगों को प्रमाण पत्र बनाने जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी

**घुमारवीं।** संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक ननावां में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के सदर खंड प्रधान इंद्र सिंह ने की। बैठक में गांव के वरिष्ठ जनों, महिलाओं और युवाओं ने विशेष तौर पर भाग लिया। इस मौके पर मोर्चा के बौद्धिक प्रमुख ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा हर समस्या का समाधान है। यदि व्यक्ति अनपढ़ रह जाता है, तो वह हर स्तर पर दबाया जाता है, क्योंकि वह अशिक्षित हैं और उसे अपने अधिकारों की जानकारी नहीं है। बंसल ने कहा कि संविधान में हर व्यक्ति को अपना जीवन जीने का अधिकार दिया गया है। ऐसे में कोई भी एक दूसरे पर दबंगता से शासन नहीं कर सकता है यदि कोई ऐसा करता है, तो वह अपराध की श्रेणी में आता है।

### वॉलीबाल में यूथ क्लब टोबा पहले स्थान पर



**श्री नयना देवी जी।** श्री नयना देवी जी विस क्षेत्र के तहत आने वाले नयना देवी यूथ क्लब टोबा वालों ने वॉलीबाल टूर्नामेंट टोबा में करवाया व बारह सुपर टीमों ने भाग लिया, जिसमें नयना देवी यूथ क्लब टोबा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसमें विजेता टीम को 15,000 प्रथम स्थान राशि ईनाम दिया गया और द्वितीय स्थान पर गुरपलाह की टीम टूर्नामेंट में उपविजेता रही। टूर्नामेंट की शुरुआत रतन धानेरा वाइस प्रेसिडेंट गुर्जर महासभा पंजाब की ओर से की गई तथा कबड्डी सुपरस्टार डीएसपी अजय ठाकुर ने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और विपिन ठाकुर तहसीलदार की ओर से टीमों को इनाम बांटा गया।

# इंटरनेट की निजी फर्म चलाने वाला युवक गिरफ्तार

## सिक्योरिटी इश्यू को लेकर बिलासपुर पुलिस ने युवक पर की सख्त कार्रवाई, लाइसेंस किया रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर एसपी कार्यालय में पैसे के लेनदेन मामले की जांच में शहर का एक युवक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त युवक प्रदेश में एक निजी इंटरनेट फर्म चलाता था। वहीं, यह युवक एसपी कार्यालय के एक कक्ष में भी इंटरनेट की सुविधा, बिना किसी अधिकारियों की जानकारी से दे रहा था। सिक्योरिटी इश्यू को लेकर व दो साल तक इंटरनेट का रिकार्ड न रखने की एवज में बिलासपुर सदर थाना की टीम ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उक्त युवक के खिलाफ धारा 420, 120बी, 167, 168 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किसी भी इंटरनेट सेवा देने वाली फर्म को अपने उपभोक्ता का दो साल रिकार्ड रखना अनिवार्य है। यह आदेश भारत सरकार की ओर से जारी किए गए हैं। परंतु उक्त इंटरनेट संचालक के पास किसी भी उपभोक्ता का कोई रिकार्ड नहीं था। वहीं, पुलिस एक गंभीर मामले को लेकर भी उक्त इंटरनेट संचालक की मिली भगत मान रही है। पुलिस का कहना है कि एसपी बिलासपुर कार्यालय में हुई धांधली के मामले में उक्त युवक संलिप्त पाया गया है।

- बिलासपुर एसपी कार्यालय से जुड़े एक गंभीर मामले में संलिप्त पाया गया फर्म का युवक
- कुल्लू, हमीरपुर और बिलासपुर में लगा रखे थे अपनी फर्म के इंटरनेट कनेक्शन

### पुलिस सारे पहलुओं की गहनता से कर रही जांच

उधर, बिलासपुर जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन का कहना है कि बिलासपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त युवक के पास इंटरनेट संचालकों का कोई भी रिकार्ड नहीं था। साथ ही पुलिस की ओर से एक गंभीर मामले की जांच के दौरान उक्त युवक की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस सारे पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है, जिस मामले की पुलिस जांच कर रही है, उससे इस इंटरनेट प्रोवाइडर फर्म के तार जुड़े हैं, कई अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय सोनी के रूप में हुई है।

### मामले में अन्य लोगों की भी हो सकती है गिरफ्तारी



पुलिस विभाग की ओर से कोई सप्लाई ऑर्डर भी नहीं दिया गया था। पता चला है कि इंटरनेट प्रोवाइडर फर्म की ओर से लगाए गए इंटरनेट कनेक्शन से ऑफिशियल आईडी का प्रयोग किया जाता रहा। अब पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में कई अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है।



### इंटरनेट प्रोवाइडर फर्म के पास कोई रिकॉर्ड नहीं मौजूद


पुलिस का कहना है कि उक्त इंटरनेट संचालक कुल्लू, हमीरपुर और बिलासपुर जिले में इंटरनेट की सेवाएं दे रहा था। युवक पर कार्रवाई करते हुए संचालक का लाइसेंस भी रद्द कर दिया है और युवक को गिरफ्तार कर सदर थाना बिलासपुर में मामला दर्ज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस एक मामले की जांच में जुटी है और उसी मामले से इंटरनेट प्रोवाइडर इस फर्म के तार जुड़े हैं। जब जांच में पुलिस को सुराग हाथ लगे, तो जांच को आगे बढ़ाया गया। दरअसल, नियमानुसार इंटरनेट प्रोवाइडर फर्म को दो साल तक पूरा रिकार्ड मेंटेन रखना अनिवार्य है, लेकिन इस फर्म के पास कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इस इंटरनेट प्रोवाइडर फर्म ने इंटरनेट कनेक्शन लगाया था, लेकिन इसके बारे में कार्यालय में न पुलिस अधीक्षक और न ही अन्य अधिकारी व कर्मचारियों को इसकी कोई जानकारी थी।

## रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष पर मंदिरों में सफाई की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में बिलासपुर सदर के मंदिरों में सफाई और उन्हें सजाने-संवारने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को शहर के डियारा सेक्टर स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल के साथ ही कई अन्य लोगों ने मंदिर परिसर को संवारने के लिए श्रमदान किया।

करोड़ों हिंदुओं के आराध्य देव भगवान राम 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक मौके का सभी को बेसब्री से इंतजार है। हर जगह माहौल पूरी तरह से राममय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले देशवासियों से अपने घरों और क्षेत्र के मंदिरों में सफाई करके उन्हें सजाने-संवारने का आह्वान किया है। उनके आह्वान पर बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल की अगुआई में मंगलवार को शहर के डियारा सेक्टर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सफाई की गई। पूरे मंदिर परिसर को पानी से साफ किया।



रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष पर मंदिरों में सफाई करते हुए।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 492 वर्षों का लंबा इंतजार 22 जनवरी को खत्म होने जा रहा है। इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। यहां तक कि कई कार सेवक शहीद भी हुए।

सदियों से किए जा रहे प्रयास अब सिरे चढ़ने जा रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका रही है। उन्होंने पूरे धैर्य और संजीदगी के साथ इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के रूप में हिंदू सभ्यता और संस्कृति के इस ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित पल का गवाह बनने का मौका मिलना प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व की बात है।

## सहारा योजना के तहत लाभार्थियों को नहीं मिल रहा लाभ

**दधोल।** प्रदेश वासियों को सहारा योजना के अंतर्गत मिल रही स्वास्थ्य सहायता राशि कई महीनों से लाभार्थियों को नहीं मिल रही है, जिससे लाभार्थियों का भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 2019 में शुरू इस योजना में स्वास्थ्य में सहायता के लिए शुरू किया गया था। इस योजना में विकलांग, कैंसर, अधरंग, थेलेसेमिया, किडनी गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों को हर महीने 3000 रुपए की राशि स्वास्थ्य सहायतार्थ मिलती थी।


बहुत से गरीब लोगों के लिए यह योजना काफी लाभदायक हो रही थी, परंतु 2023 के बीत जाने के बाद लाभार्थियों का इसका लाभ मिलना बंद हो गया। इसके अतिरिक्त सहारा योजना के लाभार्थियों से बार-बार उनके जीवित प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र अपडेट करने के मैसेज आ रहे हैं, लेकिन इनके खातों में सहारा योजना में मिलने वाली राशि नहीं मिल रही है। उधर, बिलासपुर सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार का कहना है कि इस योजना में बजट की कमी के कारण राशि लाभार्थियों के खाते में नहीं आ रही है। सरकार की तरफ से बजट आते ही राशि खातों में डाल दी जाएगी।

## स्टाइलिश हेल्मेट डालकर युवा दूसरों की जान के लिए बन रहे खतरा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

आज हर युवा में स्टाइलिश तथा सबसे अलग दिखने का क्रेज बढ़ रहा है। युवाओं में बढ़ रहे इस क्रेज का असर अब यातायात नियमों पर भी पड़ने लगा है। देखने में आया है कि कुछ युवा बाइकर्स अब डिफरेंट तथा स्टाइलिश लुक के हेल्मेट लगाने लगे हैं, जिन पर खरगोश से लेकर अलग-अलग टीवी कार्टून के फर से बने कवर लगाए गए हैं, जो आसानी से सामने वाले को डिस्ट्रेक्ट कर रहे हैं।

ऐसे हेल्मेट का प्रयोग करके यह युवा अपने साथ-साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। क्योंकि इन अजीबोगरीब हेल्मेट के पहनने से सामने वाला अचानक से विचलित हो जाता है, जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा भी बढ़ जाता है। यह युवा इन हेल्मेट को पहनकर लोगों में खुद को अलग दिखाने में लगे हैं। हालांकि पुलिस के अनुसार ऐसी कोई भी चीज जो यातायात नियमों का उल्लंघन करती हो उसका चालान किया जा सकता है। साथ ही ऐसे हेल्मेट युवाओं की अपनी जिंदगी के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी को भी खतरे में डाल सकते हैं। पुलिस विभाग का कहना है कि जागरूकता के लिए समय-समय पर लोगों को वाहनों को मॉडिफाई न करने के लिए तथा हेल्मेट पर इस तरह के बदलाव न करने के लिए भी जागरूक किया जाता है, ताकि लोग हरकतें करने से बाज आएं, जो कि सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। पुलिस प्रशासन कि माने तो पुलिस जल्द ही ऐसे हेल्मेट को पहनने वाले युवाओं का चालान करना शुरू करेगी। (अनंत ज्ञान)



स्टाइलिश हेल्मेट डालकर युवा ड्राइविंग करता हुआ।

### सड़क पर देखकर हो जाती है डिस्ट्रक्शन

इस तरह के एक्सपेरिमेंट करने वाले युवाओं को वाहन चलाते वक्त खुद को खतरा होने के साथ-साथ सामने वाले व्यक्ति को भी खतरा होता है। क्योंकि वाहन चलाते वक्त ऐसे लोगों को सड़क पर देखकर डिस्ट्रक्शन हो जाती है, जिससे कोई भी बड़ी दुर्घटना पेश आ सकती है।

**चंद्र पाल सिंह पुलिस उपअधीक्षक, घुमारवीं।**

## नयना देवी के नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भरत ने ली शपथ



नयना देवी के नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शपथ लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

विश्व विख्यात शक्ति पीठ श्री नयना देवी में मंगलवार को नगर परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष दिशा शर्मा और उपाध्यक्ष भरत गौतम ने शपथ ली।

एसडीएम श्री नयना देवी जी धर्मपाल चौधरी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई और मंगलवार को ही अपना कार्यभार संभाल लिया। दोनों को एसडीएम धर्मपाल चौधरी ने शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष दिशा शर्मा ने कहा कि श्री नयना देवी में नगर परिषद के रूप में उन्होंने शपथ ली है तथा माता श्री नयना देवी में जितने भी रुके हुए विकास के कार्य हैं। श्री नयना देवी जो कि एक विश्व विख्यात तीर्थ स्थल हैं।

स्वच्छता और पर्यावरण की दृष्टि से सुंदर रूप दिया जाएगा। यहां पर बाहर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जो भी सुविधा उनको मिलनी चाहिए। उन सबको दिलवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस मौके मंदिर न्यास ट्रस्ट के सदस्य प्रदीप शर्मा, कैलाश कुमार, महेश कुमार, राजेश कुमार, अरुण गौतम, सतपाल गौतम, मुकल शर्मा, शलेंद्र गौतम, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## इंस्पेक्टर भाग सिंह ठाकुर बने झंडूता थाना के प्रभारी

**झंडूता।** इंस्पेक्टर भाग सिंह ठाकुर को झंडूता पुलिस थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। वह इससे पहले कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला, कांगड़ा और बिलासपुर में सेवाएं दे चुके हैं।

भाग सिंह ठाकुर ने लोगों से आह्वान किया कि कानून व्यवस्था को सुचारू बनाने में पुलिस का सहयोग करें। नशे का कारोबार करने वाले अपराधी को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। ऐसे अपराधियों की सूचना पुलिस को देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। क्षेत्र में तेज रफ्तार, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बिना कागजात, अवैध खनन और नाबालिग युवाओं को वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती बरती जाएगी। इससे पहले झंडूता में थाना प्रभारी विनोद कुमार अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।

## नलवाड़ी मेले को आकर्षक बनाने के लिए अभी से प्रयास करने के निर्देश

### राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के आयोजन के लिए डीसी ने की बैठक की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के प्रबंधों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त बिलासपुर ने कहा कि राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए अभी से प्रयास करने के निर्देश दिए।

नलवाड़ी मेले को सफल बनाने के लिए पहले से ही कमेटियों का निर्धारण किया गया है। उन्होंने सभी कमेटियों के पदाधिकारी से मेले में नयापन लाने के लिए नए आइडिया पर काम करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि मेले के दौरान आयोजित किए जा रहे खेलो, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता है। इस वर्ष के मेले के सभी गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कमेटियों को अगली बैठक तक सुझावों के साथ आने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि यह मेला जिला बिलासपुर की पहचान है और इसके पुराने स्वरूप को बनाए रखना हम सब का दायित्व है। नलवाड़ी मेले को यद्यपि प्राचीन समय से पशुओं की मंडी से जोड़कर देखा जाता रहा है, लेकिन आज के दौर में इसमें और अधिक गतिविधियों को जोड़कर इस मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के प्रयास किया जाएगा, ताकि नलवाड़ी मेला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर सके। 17 से 23 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले नलवाड़ी मेले मे हर वर्ग के मनोरंजन का ख्याल रखा जाएगा।



राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के आयोजन पर बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

## गेस्ट टीचर भर्ती बेरोजगार युवाओं की प्रतिभा का अपमान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- एक लाख सरकारी नौकरी देने से मुकरी सुक्खू सरकार
- बैक डोर एंट्री की चाबी है गेस्ट टीचर भर्ती: महेंद्र धर्माणी

भारतीय जनता पार्टी सुक्खू सरकार की ओर से गेस्ट टीचर भर्ती को युवाओं के साथ धोखा करार देती है और इसे युवाओं की प्रतिभा का अपमान व शोषण करार देती है। भाजपा प्रवक्ता ने सरकार पर आरोप लगाते हुई कहा कि एक साल में एक लाख नौकरी देने की गारंटी के साथ सत्ता में आई सुक्खू सरकार आज अपने चहेतों को लाभ देने के लिए इस प्रकार की योजनाएं लाकर युवाओं को ठगने का काम कर रही है।

प्रदेश सरकार ने चयन बोर्ड को बंद करके मेरिट को दरकिनार कर आज सरकार गेस्ट टीचर भर्ती के माध्यम से युवाओं को 200-300 रुपए प्रति पीरियड मानदेय देकर युवाओं की डिग्री व उपाधि का अपमान कर रही है। सरकार युवाओं की बेरोजगारी और उनकी मजबूरी का लाभ उठा कर इन्हीं योजनाओं के माध्यम से उनका शोषण करने का प्रयास करना चाहती है।

प्रवक्ता धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले रोजगार के नए अवसर पैदा करने व पद सृजित करने का वादा भी किया था, परंतु आज हाल यह है कि खाली पड़े पदों को आज तक सरकार भर नहीं पाई है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि झूठी सरकार अपनी झूठी गारंटियों का खुलासा करे और ये बताए कि पहली कैबिनेट में जो एक लाख नौकरियां देनी थी उनका क्या हुआ।

**असुविधा** पिछले 12 सालों में इस संस्थान में केवल पांच ट्रेडों का ही प्रशिक्षण दिया जा रहा

## आईटीआई घुमारवीं को जल्द मिलेगा अपना भवन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) घुमारवीं को 12 साल बाद जल्द ही अपना भवन मिलेगा।

साल 2011 से किराये के भवन में चल रही इस आईटीआई के लिए संस्थान के नाम चिन्हित भूमि हस्तांतरित कर दी गई है। आईटीआई का भवन कोठी पंचायत में करीब छह बीघा जमीन पर बनेगा। साल 2011 में आईटीआई घुमारवीं को शुरू किया गया था। तब इसकी कक्षाएं एक किराए के भवन में शुरू की गई थीं। वर्ष 2017 में भवन निर्माण के लिए करयालग गांव में भूमि चयनित की गई थी, लेकिन भूस्खलन होने से यह भूमि भवन के निर्माण योग्य नहीं रही, तब से आईटीआई के भवन के लिए जगह की तलाश की जा रही थी। वर्तमान में आईटीआई घुमारवीं के पास अपना भवन न होने के कारण कक्षाएं निजी भवनों में चल रही हैं, जिसके चलते नए ट्रेड मंजूर नहीं हो पा रहें हैं। वर्तमान में संस्थान में पांच कोर्स चल रहे हैं। आईटीआई का अपना भवन बन जाता है, तो अन्य कोर्स भी चलाए जा सकते हैं।



आईटीआई घुमारवीं।

घुमारवीं में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए भूमि चयनित कर दी गई है। जल्द ही इस संस्थान के भवन का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा, ताकि छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके और इस संस्थान में और नए ट्रेड जोड़े जा सकें।

**राजेश धर्माणी, तकनीकी शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार।**

इस संस्थान के लिए कोठी पंचायत में जगह चिन्हित की गई थी, जिसे अब संस्थान के नाम हस्तांतरित कर दिया गया है।

**गौरव चौधरी एसडीएम घुमारवीं।**

आईटीआई घुमारवीं में करीब 95 विद्यार्थी प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, रेफ्रिजरेशन एंड ए सी, मेकेनिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स तथा फाइबर टू होम शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन संस्थान में जगह की कमी होने के कारण इस संस्थान में और नए ट्रेड चलना भी मुश्किल है। यही वजह है कि पिछले 12 सालों में इस संस्थान में केवल पांच ट्रेडों का ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसमें नए ट्रेड नहीं जोड़े जा सके हैं, लेकिन संस्थान के अपने भवन निर्माण के बाद इसमें और अधिक ट्रेड जोड़े जा सकेंगे।

## यातायात नियमों का पालन करना हर चालक की जिम्मेदारी : राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने डीसी कार्यालय परिसर सहित सभी साथ लगते कार्यालय व विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और ट्रांसपोर्टर तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों और परिचालकों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा हेतु सभी यातायात नियमों के पालन करने की शपथ ग्रहण दिलवाई।

शपथ में सभी लोगों ने सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करना तथा सुरक्षित यात्रा करना हर चालक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को दोपहिया वाहन चलाते समय (बीआईएस) मानक वाले हेल्मेट प्रयोग करने सहित पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेल्मेट पहनना चाहिए और चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगानी चाहिए।

मोड़ों पर सावधानी से वाहन चलाना चाहिए तथा तेज रफ्तार व सड़क पर गलत दिशा और नशे की हालत में वाहन नहीं चलना चाहिए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु हमेशा तत्पर रहना चाहिए तथा घर पर हमारे परिजन हमारा इंतजार कर रहे हैं यही सोचकर सदैव सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाना चाहिए।



सड़क सुरक्षा हेतु यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाते हुए आरटीओ।

# केंद्र सरकार ने शीरा उत्पाद पर लगाया 50 फीसदी निर्यात शुल्क

## नई दरें 18 जनवरी से होंगी प्रभावी, अधिसूचना की जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शराब उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाले गन्ने के सह-उत्पाद शीरा के निर्यात पर 50 फीसदी का शुल्क लगा दिया है। यह शुल्क 18 जनवरी से लागू होगा।

वित्त मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक शीरा के निर्यात पर 50 फीसदी का शुल्क लगाया गया है। यह शुल्क 18 जनवरी से प्रभावी होगा। इस कदम का मकसद घरेलू शराब भट्टियों के लिए शीरा की उपलब्धता को बढ़ावा देना और पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने में मदद




करना है। इसके अलावा चालू सीजन में चीनी उत्पादन में गिरावट पर नियंत्रण पाना है।

मंत्रालय की एक अन्य अधिसूचना के मुताबिक कच्चे और परिष्कृत खाद्य तेलों पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी ऑयल के आयात पर मौजूदा रियायती शुल्क दरों को एक साल बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और सूरजमुखी ऑयल पर मूल आयात शुल्क को पिछले साल जून में 17.5 फीसदी से घटाकर 12.5 फीसदी कर दिया था। भारत मुख्य रूप से इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम ऑयल का आयात करता है। सरकार का लक्ष्य चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में पेट्रोल के साथ 15 फीसदी इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करना है। इसके लिए 690 लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी। इथेनॉल के बिना चालू चीनी सीजन में चीनी उत्पादन घटकर 323-330 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि पिछले चीनी सीजन में 3.73 करोड़ टन रहा था।

# मारुति सुजुकी ने वाहनों की कीमतों में किया इजाफा, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने वाहनों की कीमतें तत्काल प्रभाव से बढ़ोतरी कर दी है। नई कीमतें आज मंगलवार से लागू हो गई है।

मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने अपने सभी मॉडलों की कीमतों में अनुमानित भारित औसत 0.45 फीसदी की वृद्धि की है। वाहन निर्माता ने कहा कि वाहनों की नई कीमतें 16 जनवरी, 2024 से प्रभावी है। एमएसआई ऑल्टो से लेकर इनविक्टो तक कारों की एक श्रृंखला बेचती है। इनकी कीमत 3.54 से लेकर 28.42 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) के बीच है। इस साल

**सभी मॉडलों की कीमतें 0.45 फीसदी तक बढ़ाई**




अप्रैल से दिसंबर की अवधि के दौरान मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 2,02,786 वाहनों का निर्यात किया, जो पिछले साल 2022 की समान अवधि के 1,92,071 यूनिट के आंकड़े से छह फीसदी ज्यादा है।

# धामी ने समाज कल्याण विभाग के चयनित 26 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र



**एजेंसी, देहरादून**

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत 26 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसमें 15 सहायक लेखाकार और 11 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित कार्मिक लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और राज्य के विकास व जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्राफा बाजार में सोने की बढ़ी चमक, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** आज सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन भी घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने की



कीमत में आज 150 रुपए प्रति दस ग्राम तक की तेजी बनी हुई है। इसके कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 63,500 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। आज की तेजी के कारण चेन्नई में 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर को पार कर गया है। हालांकि चांदी के भाव में मंगलवार कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है।

### भारत-चीन सीमा पर पेट्रोलिंग करते ग्लेशियर से फिसलने से जवान शहीद

**चिन्यालीसौड़।** भारत- चीन सीमा पर पेट्रोलिंग के दौरान सेना के जवान का ग्लेशियर से पैर फिसलने से बलिदान हो गया।



बलिदानी 28 वर्षीय शैलेंद्र विकास खंड चिन्यालीसौड़ के कुमराड़ा गांव के निवासी थे। शैलेंद्र गढ़वाल राइफल के गढ़वाल स्काउट में जोशीमठ में तैनात थे। सोमवार को शैलेंद्र के परिवार को आर्मी के अधिकारी ने बताया कि शैलेंद्र की गोल्डुंग पोस्ट नीती के पास बॉर्डर पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान हुए बलिदान की जानकारी दी।

### एशियाई और राष्ट्रीय खेलों के 168 पदक विजेताओं को दिए 33.83 करोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा है कि राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ाना नशों के विरुद्ध राज्य सरकार की लड़ाई में सबसे कारगर हथियार साबित हो सकता है। उन्होंने मंगलवार को एशियाई और राष्ट्रीय खेलों के 168 पदक विजेताओं को 33.83 करोड़ के नकद पुरस्कार बांटे। उन्होंने कहा कि खेलों में शामिल नौजवानों के पास नशों की ओर देखने के लिए समय ही नहीं बचता, क्योंकि उनका सारा ध्यान अपने-अपने क्षेत्रों में प्रदर्शन करने की तरफ होता है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि इससे पंजाब से नशों के श्राप से मुक्ति का रास्ता साफ होगा और नौजवान पंजाब के सामाजिक-आर्थिक विकास में बराबर के हिस्सेदार बन रहे हैं।

### फतेहाबाद में मिला स्वाइन फ्लू का केस, कनाडा से लौटा था युवक

**फतेहाबाद।** हरियाणा में हाड़ कंपा देने वाली ठंड की चपेट में चल रहे फतेहाबाद जिले में स्वाइन फ्लू ने दस्तक दे दी




है। फतेहाबाद जिले के भट्टू खंड में कनाडा से लौटे युवक में स्वाइन फ्लू के लक्षण मिले हैं। फिलहाल, 22 वर्षीय युवक हिसार में अपना इलाज करवा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग पहले ही स्वाइन फ्लू को लेकर एडवाइजरी जारी कर चुका है। बीमार होने पर वह हिसार के निजी अस्पताल में दाखिल था। वहीं पर उसकी रिपोर्ट स्वाइन फ्लू पॉजिटिव मिली। हालांकि, युवक की हालत अब सही है। स्वास्थ्य विभाग अब स्वाइन फ्लू आइसोलेशन वार्ड में सेवा देने वाले चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को इन्फ्लूएंजा रोधी टीके लगवा रहा है।

# पंजाब के सीएम मान को जान से मारने की धमकी

## आतंकी पन्नू ने हमला करने के लिए गैंगस्टर्स को साथ आने को कहा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी है। आतंकी पन्नू ने एक नया वीडियो जारी किया है, जिसमें उसने पंजाब के गैंगस्टरों को उससे संपर्क करने के लिए कहा है। साथ ही खालिस्तानी आतंकी ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर माहौल खराब करने की धमकी दी है।

खालिस्तानी आतंकी ने पंजाब पुलिस की ओर से प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर को सुधारने वाले प्रयासों को गलत ठहराया है। दरअसल, पन्नू पंजाब में पिछले दिनों हुए एनकाउंटरों को लेकर बोल रहा था। इसके साथ ही पन्नू वीडियो में पंजाब के गैंगस्टरों को उससे संपर्क करने के लिए बोला रहा है। वो सीएम मान को पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह करार दे रहा है तो पंजाब के डीजीपी गौरव यादव की तुलना पूर्व डीजीपी गोबिंद राम से कर रहा है।





### संसद पर हमले की धमकी भी दे चुका है पन्नू

**पन्नू** ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन माहौल खराब करने की चेतावनी दी है। उसने सीएम मान से कहा है कि वो जहां भी तिरंगा फहराएंगे, वहां माहौल खराब की तैयारी है। खालिस्तानी आतंकी ने सीएम मान को सजा देने की बात कही है। पन्नू इससे पहले भी कई बार देश को तोड़ने की धमकी दे चुका है। पंजाब-हरियाणा के कई इलाकों में खालिस्तानी नारे लिखवाने में भी पन्नू का ही हाथ रहता है। इससे पहले पन्नू ने 13 दिसंबर को संसद पर हमले की धमकी दी थी। बता दें कि पन्नू मूल रूप से पंजाब के अमृतसर के खानकोट का रहने वाला है। फिलहाल वह अमेरिका और कनाडा का भी निवासी है। वह लगातार खालिस्तान की मांग के नाम पर वीडियो जारी कर पंजाब में अशांति फैलाने की कोशिश करता रहता है।

### मान बोले- लोकसभा चुनाव में 'आप' के हक में 13-0 से रहेगा परिणाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली और पंजाब में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन होगा या नहीं, इसे लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच मंगलवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान की तरफ से बड़ा बयान आया। मान ने मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस से गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में सभी 13 सीटों पर कब्जा करेगी। उन्होंने कहा, पंजाब में आप 13-0 से जीतेगी और 'पंजाब हीरो बनेगा। सीएम भगवंत मान के बयान के अलग-अलग मतलब निकाले जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक पंडितों का मानना है कि पंजाब में आप अकेली ही चुनाव में उतरने जा रही है।

हालांकि चंडीगढ़ नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन के तहत कांग्रेस से मिलकर मैदान में उतरी है। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने मंगलवार को सुबह कहा था कि विपक्षी दलों का गठबंधन चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करेगा और यह जीत 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए शुरुआत होगी। हालांकि लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर कांग्रेस और आप के बीच सहमति बनती नजर नहीं आ रही है।

# ड्रग केस में नई एसआईटी के सामने पेश हुए बिक्रम मजीठिया

## कहा-सीएम ने अपने हलके के एसपी को सिट में लगाया

**एजेंसी, चंडीगढ़**

ड्रग केस में नई एसआईटी के सामने पेश होने के लिए मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम मजीठिया पटियाला में पुलिस लाइन पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए मजीठिया ने पंजाब सरकार की ओर से पटियाला रेंज के डीआईजी हरचरन सिंह भूल्लर की अगुवाई में बनाई नई सिट के गठन को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान पर बड़ा हमला बोला।

मजीठिया ने कहा कि उनकी ओर से दी चुनौती को स्वीकार न करते हुए मान भले ही खुद सिट में बतौर प्रमुख शामिल नहीं हुए, लेकिन उन्होंने अपनी आंखें व कान सिट में लगा दिए हैं। मजीठिया ने कहा कि मान ने अपने हलके धुरी के एसपी को बतौर मेंबर सिट में शामिल किया है।

मजीठिया ने मूंछों पर ताव देते कहा कि यह नई सिट चाहे कानून के मुताबिक काम करे या फिर सीएम मान को खुश करने के लिए या अपनी पोस्टिंग की फिक्र करते हुए काम करे, उन्हें कोई डर नहीं है। मजीठिया ने कहा कि करीब छह सिट बन गई, लेकिन धीरे-धीरे इसका स्तर अब नीचे जा रहा है। सिट में जूनियर अधिकारी तैनात किए जाने लगे हैं। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए मजीठिया ने कहा कि वह केजरीवाल की तरह कानून से भागने वालों में नहीं।



### मान किस वाशिंग मशीन में डालकर कांग्रेसियों को करेंगे दूध से धुला

कांग्रेस व आप के गठबंधन पर मजीठिया ने कहा कि गठबंधन करके विपक्ष में बैठे कांग्रेस ने नैतिक आधार खो दिया है। उन्होंने भगवंत मान से सवाल किया कि अब वह कौन सी वाशिंग मशीन में सुखपाल खैरा, साधु सिंह धर्मसोत, भारत भूषण आशु, गिलजियां को डालकर दूध का धुला करेंगे।

### पटियाला में ठंड से बचने को कमरे में जलाई थी अंगीठी, पति पत्नी समेत दो छोटे बच्चों की मौत

**पटियाला।** पटियाला के थाना कोतवाली के अधीन पड़ती मारकल कालोनी में कमरे में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों



में पति-पत्नी व दो छोटे बच्चे शामिल हैं।


पुलिस ने लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में मूल रूप से बिहार का रहने वाला शाहबाज खान (29), उसकी पत्नी जरीना (25), पांच साल की बेटी रूकैया व तीन साल का बेटा अरमान शामिल है।

थाना कोतवाली पुलिस के मुताबिक शाहबाज खान पटियाला की मारकल कालोनी में किराए पर कमरा लेकर अपनी पत्नी व दो छोटे बच्चों के साथ रहता था। वह दुकानों में पानी वाले कैंपर की सप्लाई का काम करता था। रोजाना की तरह काम से वापस लौटने के बाद परिवार के साथ खाना खाया। पुलिस के मुताबिक सामने के कमरे में किराये पर रहने वाले परिवार ने जब काफी देर तक शाहबाज खान के कमरे से कोई आवाज नहीं सुनी और न ही कोई हलचल दिखाई दी, तो उन्हें शक हुआ।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे की कुंडी तोड़कर जब अंदर जाकर देखा तो परिवार के चारों सदस्य बेसुध पड़े थे। तुरंत इन्हें सरकारी राजिंदरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक यह हादसा रात करीब साढ़े दस बजे का है।

# हाड़ कंपा देने वाली ठंड की गिरफ्त में पंजाब

## नवांशहर में तापमान -0.4 डिग्री दर्ज



**एजेंसी, लुधियाना**

पंजाब में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। सोमवार मंगलवार रात को नवांशहर का तापमान -0.4 डिग्री दर्ज किया गया। बलोवाल कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर मनजीत सिंह ने यह जानकारी दी। बलोवाल कॉलेज में इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट का सिस्टम लगा हुया है। पंजाब में रविवार रात पहली बार पारा माइनस में पहुंच गया।

नवांशहर के अलावा अमृतसर में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री, लुधियाना का मात्र 1.0 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह से पटियाला का 3.2 डिग्री, बठिंडा का 2.2 डिग्री, पठानकोट का 3.8 डिग्री, फरीदकोट का 4.4, गुरदासपुर का 3.1 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को पंजाब के अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन अभी भी यह सामान्य से 6.1 डिग्री नीचे है। सबसे अधिक 14.4 डिग्री का तापमान लुधियाना का रहा।

### अमृतसर से दो उड़ानें रद्द

घनी धुंध के कारण मंगलवार को अमृतसर में दृश्यता 20 मीटर से भी कम रही। इस कारण अमृतसर के राजासांसा एयरपोर्ट से सात उड़ानें देरी से उड़ी, जबकि दो को रद्द करना पड़ा। दिल्ली से अमृतसर आने वाली व अमृतसर से दिल्ली जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया। वहीं, पूणे, गोवा, दिल्ली, दुबई, मुंबई को जाने वालीं उड़ानें देरी से रवाना हो पाई।

# हरियाणा में असंगठित श्रमिकों को भी मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

**एजेंसी, चंडीगढ**

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है।

असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को

- **श्रम विभाग ने शुरू की पंजीकरण सुविधा**
- **ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं श्रमिक**

कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए बनाया गया है। श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने मंगलवार को इस संबंध में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजीव रंजन ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से अपील की है कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें।

### उधमपुर में 18 गोवंश को बचाया, एक तस्कर काबू

**उधमपुर।** उधमपुर पुलिस ने 18 गोवंश को बचाया और गोवंश तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए एक वाहन को जब्त किया है जबकि इस संबंध में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

एक तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस स्टेशन मजालता की टीम ने गोवंश तस्करी की कोशिशों को विफल कर दिया, जिसमें 14 गोवंश को बचाया गया और एक टैंकर नंबर जेके03एफ-5957 को बट्टल नाकापॉइंट से जब्त किया गया।

### कैथल में गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकाला नगर कीर्तन



**कैथल।** सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के 357 वें प्रकाशोत्सव पर मंगलवार को गांव जगदीशपुरा में संगत ने नगर कीर्तन निकाला। नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारों ने की। नगर कीर्तन ने गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ और मुख्य गलियों की परिक्रमा की। सिख नौजवानों ने नगर कीर्तन के दौरान गतका के करतब दिखाए।

## अनंत ज्ञान – आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आपको अपनी प्रतिभा और निवेशित प्रयासों के लिए उचित मान्यता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा।

**वृषभ :** आपका पारिवारिक जीवन खुशियों से उज्ज्वल रहेगा। आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें।

**मिथुन :** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क :** आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अकेले काम करके लंबित कार्यों को सफलतापूर्वक करेंगे। अपने राजनीतिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है।

**सिंह:** नया उद्यम शुरू करने या विवेकपूर्ण निवेश करने के लिए यह एक अच्छी अवधि है। अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहार कुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे।

**कन्या :** आपका नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी और आपको सफलता के आज अवसर मिलेंगे। नए अधिग्रहण हो सकते हैं। व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी।

**तुला :** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारियों में प्रवेश कर सकते हैं। अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखें। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी।

**वृश्चिक:** नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे, जो उन्हें प्रगति देगा। अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ने वाली है।

**धनु:** आप अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक जीवन शुभ रहेगा। बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते है। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे है।

**मकर :** आपका अच्छा व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा। अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है, संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा न करें। आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे।

**मीन :** व्यावसायिक क्षेत्र में आपके अपने वरिष्ठ और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध होंगे। आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी।

### आज का पंचांग

(17 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : सप्तमी 10:08 रात्रि तक, **नक्षत्र** : रेवती (03:34 रात्रि तक), **पक्ष** : शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)

**राहुकाल :** 12:31-01:50 दोपहर तक।

### विशेष दिन

17 जनवरी 2024 : गुरु गोबिंदसिंह जयंती आज।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:47

## मार्केट

### शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक, पांच दिन बाद लाल निशान पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

# निवेशकों को 1.10 लाख करोड़ रुपए की चपत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लगातार पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी के सिलसिले पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। शेयर बाजार सपाट स्तर पर खुला था। शुरुआती कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव के बाद खरीदारों ने कुछ देर तक लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन दोपहर 12 बजे के कुछ देर पहले से बिकवाल के हावी होने पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। मंगलवार के कारोबार में इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों पर लगातार दबाव बना रहा। इसी तरह



हेल्थ केयर, रियल्टी और आईटी इंडेक्स में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर मेटल, पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत टूट कर कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन मंगलवार के कारोबार के बाद घट कर 374.99 लाख करोड़ रुपए (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 376.09 लाख करोड़ था। इस तरह निवेशकों को मंगलवार के कारोबार से करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,929 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,339 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,501 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 89 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में मंगलवार को 2,162 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 634 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,528 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

### बीएसई 4.01 अंक की मामूली बढ़त के साथ खुला

कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई। शुरुआती दो घंटे के कारोबार में खरीदारों का पलड़ा भारी नजर आया, जिसके कारण सेंसेक्स 99.65 अंक की मजबूती के साथ 73,427.59 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई।

## विपक्ष के नेता ने कुटलैहड़ के वनौडे महादेव में टेका माथा, परिसर में की साफ-सफाई

# श्री अयोध्या का निमंत्रण ठुकराकर कांग्रेस ने दिखाया अपना असली चेहरा : जयराम

**बोले- पूरा देश हुआ राममय, लेकिन धार्मिक समागम को राजनीति रंग देना कांग्रेस नेताओं की घटिया सोच**



कुटलैहड़ के ऐतिहासिक शिव मंदिर वनौडे महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर कार्यकर्ताओं के साथ।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**भाजपा** के पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कुटलैहड़ के ऐतिहासिक शिव मंदिर वनौडे महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और साफ-सफाई करके भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। पूर्व मंत्री व राज्य भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने विपक्ष नेता जयराम ठाकुर का स्वागत करके उन्हें सम्मानित किया।

जयराम ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण होना देश के लिए गर्व की बात है। 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। देश की जनता 22 जनवरी को दीपावली मनाने के लिए उत्सुक है। ठाकुर ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित नेताओं व संत महात्माओं को निमंत्रण दिया है, लेकिन कांग्रेस नेताओं की क्या मानसिकता है, जो इस पवित्र और धार्मिक कार्यक्रम को राजनीति रंग देकर कार्यक्रम का अविष्कार कर रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के दस वर्ष का कार्यकाल आजादी के बाद में सबसे बेहतर कार्यकाल रहा है और जो देश के सबसे लोकप्रिय नेता भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने योजनाएं शुरू करके जनता को लाभ पहुंचाया था। उन्हें देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बन चुके व सबसे सफल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्य शुरू करके जनता को लाभ पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि आज देश के हर व्यक्ति की जुबान पर श्री अयोध्या का श्रीराम मंदिर और देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारी बढ़त के साथ लगातार तीसरी बार भारत सरकार का नेतृत्व करके नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वर्तमान में वर्चस्व की लड़ाई लड़ रही है। अपनी साख बचाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों से समझौता कर रही है, क्योंकि कांग्रेस का नेतृत्व लीडरशिप जानती है कि अगर कांग्रेस पार्टी अकेले अपने दम पर लोकसभा चुनावों में उतरी, तो उनके लिए खाता खोलना भी मुश्किल होगा। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महासचिव मास्टर रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष व बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू के अलावा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राज्य सरकार से अब हर वर्ग दुखी

**ठाकर** ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की सुक्खू सरकार से हर वर्ग दुखी है और अब तो कर्मचारी सड़कों पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। विकास कार्य पर ग्रहण लगा हुआ है। मुख्यमंत्री दिल्ली में अपने शीर्षक नेताओं को खुश करने के लिए हवाई यात्राओं में व्यस्त हैं। हिमाचल में कांग्रेस विधायक, मंत्री अपनी ही सरकार से खफा हैं।

### कार्यकर्ताओं में विपक्ष के नेता भर गए जोश

**विपक्ष** नेता ने कटलैहड़ भाजपा मंडल व कार्यकर्ताओं में नया संचार भर गए और आने वाले लोकसभा चुनावों में केंद्र सरकार की योजनाएं व राज्य सरकार के एक वर्ष की नाकामियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान कर गए। विपक्ष नेता ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में केंद्र सरकार व पूर्व भाजपा सरकार के समय पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के प्रयासों से करोड़ों का विकास हुआ है। अब जनता का एक-एक मत भाजपा के पक्ष में करने के लिए और घर हर गांव जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करके जनता को जागरूक करें, ताकि हमीरपुर लोकसभा से भाई अनुराग ठाकुर की बढ़त पहले से और ज्यादा हो सके।

## चिंतपूर्णी से आप के प्रत्याशी रामपाल ने थामा भाजपा का दामन



ऊना। पूर्व में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रहे इंजीनियर रामपाल (पूर्व सैनिक) ने भाजपा का दामन थाम लिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रामपाल को पार्टी का पटका पहनाकर विधिवत रूप से ज्वाइन करवाया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलवीर सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्री अयोध्या निमंत्रण ठुकराकर कांग्रेस पार्टी बनी हंसी का पात्र : राजेंद्र मलांगड़

**बंगाणा।** बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए पूर्व में रहे मिल्कफैड निदेशक राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि प्रभु श्रीराम जी में ही व्यक्ति की आस्था है और ये शब्द कांग्रेस सरकारों के मंत्री विधायक व नेता मीडिया में बयान दे चुके हैं। फिर शीर्षक कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा श्री अयोध्या में धार्मिक कार्यक्रम में नहीं जाना के आदेश करना समझ से पर है। मलांगड़ ने कहा कि राजनीति करने के लिए हर दिन मंच मिल जाता है, लेकिन एक धार्मिक कार्यक्रम वह भी देश की जनता के लिए जो गर्व की बात है। और 500 वर्षो बाद प्रभु श्री राम जी श्री अयोध्या मंदिर में बिराज मान हो रहे है। इस बड़े ऐतिहासिक पल जिसे देखने के लिए 140 करोड़ देश वासी 22 जनवरी का इंतजार कर रहे है। और इस खुशी के पल को ठुकराकर कांग्रेस नेता देश में हंसी का पात्र बन रहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने बंगाणा में लगाया रक्तदान शिविर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बंगाणा ने स्वामी विवेकानंद जयंती व युवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करते लोग।

**बंगाणा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बंगाणा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती व युवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर आर्य पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने 24 यूनिट रक्तदान किया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में अभाविप जिला संगठन मंत्री करण व विशेष अतिथि के रूप मे आर्य पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य और अरूण कौशल उपस्थित रहे। इन्होंने सबसे पहले दीप प्रज्वलित करके स्वामी विवेकानंद जी को फूल अर्पित किए। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए मार्ग पर चलकर अपने देश को पुनः विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर अभाविप विभाग संगठन मंत्री अमन राणा, ज़िला सोशल मीडिया संयोजक अनुराग व मीनाक्षी, पंकज , अनुज धीमान, निखिल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रयास संस्था के लगाए स्वास्थ्य शिविर में रोगियों के किए निशुल्क टेस्ट

**हरोली।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, रुचि व निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में मंगलवार को नगनोली और पंजावर पंचायत में जनता के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें 100 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 60 लोगों के टेस्ट किए गए। शिविर में उच्च रक्तचाप के आठ मरीज़, मधुमेह के नौ, जोड़ों के दर्द के 39 मरीज पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच नि:शुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी नि:शुल्क किया गया। इस अवसर पर आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कमलनाथ, ओंकार नाथ व अन्य स्थानीय लोग उपस्थिति रहे।

### दौलतपुर चौक में सड़क पर रेहड़ी लगाने वाले पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**ऊना।** बबेहड़ में सड़क को घेरकर रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध गगरेट थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 283 के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को जब दौलतपुर चौकी की एक टीम गश्त पर थी, तब बबेहड़ गांव के मुख्य मार्ग पर दीपक पुत्र आशा राम निवासी भिंड मध्य प्रदेश ने अपनी रेहड़ी लगा रखी थी। रेहड़ी सड़क पर कब्जा करके लगाई गई थी, जिससे आने जाने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऊना पुलिस जगह जगह सड़कों पर जम चुकी रेहड़ियों को हटाने का अभियान चला रही है, ताकि सड़क पर वाहनों का आवागमन सुरक्षित बनाया जा सके।

### जिले की अलग-अलग जगहों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 126 लोगों का चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 126 लोगों के चालान किए हैं। सोमवार को जिले की अलग-अलग जगहों पर हुई इस कार्रवाई में 14 लोगों से मौके पर ही 7000 रूपये जुर्माना भी वसूला गया। वहीं दो लोगों के चालान सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करने पर किए गए हैं।

### देहरा में पत्नी की नग्न फोटो वायरल करने वाले पति पर केस दर्ज

**ऊना।** देहरा तहसील के निवासी एक शख्स पर उसकी पत्नी ने अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंब के एक गांव में रह रही महिला ने बताया कि उसकी शादी देहरा के एक व्यक्ति के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति उसे तंग करने लग गया था। मारपीट और गाली-गलौज रोज होने लगा तो वह अपने पति से दूर हो गई। अब उसका पति उसी के एक पुराने नंबर से व्हाट्सऐप के जरिए उसकी अश्लील और आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। महिला ने बताया कि पति द्वारा हुई मारपीट की शिकायत पहले से थाने में दी हुई है, लेकिन तब उसके ऊपर कार्रवाई नहीं हुई। अब महिला ने अंब थाने में शिकायत दर्ज करवाकर पति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसके पति के पास उसकी नग्न तस्वीरें हैं, जिन्हें वह इंटरनेट पर वायरल करता जा रहा है। महिला की शिकायत मिलने पर थाना अंब में आरोपी पति के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंडी में गुरु पर्व पर निकाला भव्य नगर कीर्तन



मंडी। सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर मंगलवार को शहर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस नगर कीर्तन में गतका कला, बैंड पार्टी और बच्चों सहित बड़ी संख्या में आई संगतों ने भाग लिया। नगर कीर्तन के दौरान गतका कला का प्रदर्शन सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी मंडी के उपप्रधान गुरचरण सिंह ने बताया कि बुधवार को गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार सजेगा, जिसमें रागी जत्थे गुरु महाराज की महिमा का बखान करेंगे।

## गठबंधन ही है पीएम मोदी और भाजपा से टक्कर लेने में सक्षम : जगत राम

अनंत ज्ञान, ऊना



**राष्ट्रीय** इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम ने कहा की इंडिया गठबंधन मोदी सरकार को पराजित करने में सक्षम है। मंगलवार को जारी एक वक्तव्य में उन्होंने कहा की राहुल गांधी देश की गरीब जनता और किसान मजदूर का दर्द समझते हैं। देश के लोगों की भावनाओं को समझने के लिए वे जनता से सीधा संवाद करने के उद्देश्य से पद यात्राएं कर रहे हैं।

जगत राम शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की मणिपुर के थोमल जिले से 14 जनवरी को यात्रा शुरू हो चुकी है और 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी और यात्रा 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इनमें 115 से अधिक जिले और 100 संसदीय क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। इतने बड़े सफर को तय करके राहुल गांधी हररोज 10 किलोमीटर पैदल चलकर लोगों की समस्याओं को भी देखेंगे।

यात्रा में आम गरीब जनता, किसान, मजदूर, कर्मचारी आदि जनता के आम लोग राहुल गांधी से बातचीत करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राहुल गांधी ने इस से पहले भी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पद यात्रा की थी, जिसका आम लोगों में कांग्रेस का और उसकी विचारधारा का वहुत प्रभाव पड़ा। बेशक कांग्रेस तेलगाना में ही जीत प्राप्त कर सकी, परंतु हारने वाले प्रदेशों में भाजपा से नौ लाख अधिक वोट प्राप्त किए।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भी साकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने भी यात्रा में शामिल होकर हिमाचलियों की तरफ से कामाख्या देवी मंदिर जाकर यात्रा के सकुशल संपूर्ण होने की पूजा-अर्चना की। राहुल गांधी जी ने पूर्वोतर में मणिपुर में हिंसा में जो लोग पीड़ित हुए उनके आंसू राहुल गांधी यात्रा कर के पोंछ रहे हैं। यहां तक कि नरेंद्र मोदी ने मणिपुर की तरफ मुंह तक नहीं किया। इस यात्रा से लोगों में ज्वलंत मसलों का प्रचार किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता : डीएवी कांगड़ा ने मंडी को हरा कर जीती ट्रॉफी

# गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट बना सरताज

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



**राजकीय** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल सरकाघाट के रामदास बॉस्केटबाल स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई 44वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय तीन दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का समापन जिलाधीश मंडी अरिंदम चौधरी द्वारा मंगलवार को किया गया तथा इसमें विशेष अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के राज्य प्रवक्ता डॉ. जयकुमार आजाद शामिल हुए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हुए लड़कियों के फाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट ने डीएवी कांगड़ा को 54/44 से तथा लड़कों के रोचक फाइनल मुकाबले में डीएवी कांगड़ा ने मंडी को 83/81 से हराया। निर्धारित समय पर दोनों टीमों के 73 /73 अंक टाई होने के कारण पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें कांगड़ा की टीम ने मैच शुरू होते ही दबाव बना दिया और दस अंक स्कोर कर दिए मंडी सिर्फ सात अंक ही जोड़ पाया। समापन समारोह में उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि खेलों के साथ-साथ अपनी पढ़ाई में भी विशेष ध्यान देना चाहिए। खेलों से जहां आपसी भाईचारा उत्पन्न होता है, वहीं पर मनुष्य के शरीर का मानसिक शारीरिक व बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहे आज हमारे युवा पीढ़ी नशे के दलदल में जकड़ती जा रही है।

प्रतियोगिता में नौ लड़कियों की व 13 लड़कों की टीमें भाग ले रही थी। प्रतियोगिता में 260 खिलाड़ी वह 45 ऑफिशल स्टाफ ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया पूर्व में खिलाड़ी रहे रणजीत सिंह गुलेरिया, शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया अशोक भुट्टो, सुशील कुमार, राजू खान, देवदत्त प्रेमी, विनय कुमार, अजय कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद रहे।

### पंजाब रेजिमेंट की धमाकेदार जीत

**गगरेट।** स्टार फुटबाल ट्रॉफी के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दूसरे दिन के खेल में विधायक चैतन्य शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। दूसरे दिन का पहला मुकाबला जीडीसी अंबोटा बी व एफसी क्लब अंबोटा के बीच ही हुआ, जिसमें जीडीसी अंबोटा बी ने दो-शून्य से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं सेवन स्ट्राइकर खड्ड की टीम किस्मत की धनी रही। शिवा क्लब चतेहर के समय पर न पहुंचने के कारण उन्हें बाई के माध्यम से अगले दौर में प्रवेश मिला। फुटबाल अकादमी खड्ड व यूनाइटेड एफसी में हुए रोमांचक मुकाबले में खड्ड अकादमी की टीम दो-एक से जीत दर्ज करने में कामयाब रही। जीडीसी अंबोटा ए व यूनाइटेड क्लब अंब के बीच हुए मुकाबले में जीडीसी अंबोटा ए एक-शून्य से जीत दर्ज करने में कामयाब रही। बाबा नागनाथ क्लब व शिवा क्लब चतेहर बी में हुए मुकाबले में बाबा नाग नाथ क्लब तीन-एक से मैच जीतने में कामयाब रहा। डीडी इलेवन व एफसी महावीर पंजावर में हुए मुकाबले में डीडी इलेवन 5-0 से मैच जीतने में कामयाब रहा। 24 पंजाब रेजिमेंट व आरएफसी चरुडू में हुए मुकाबले में 24 पंजाब रेजीमेंट 2-0 से मैच जीतने में कामयाब रही। जीडीसी डब्बाली व वाईएफसी गोल्ड भंजाल में हुए मुकाबले में जीडीसी डब्बाली एक-शून्य से मैच जीतने में कामयाब रही। विधायक ने ट्रॉफी के सफल आयोजन के लिए 31 हजार रुपए भी दिए।

# नशे के कारोबारी को पंजाब से दबोचा

**अब ड्रग रैकेट का पूरा भंडाफोड़ कर सकती है ऊना पुलिस**

अनंत ज्ञान, ऊना

**ऊना** के बसोली गांव में ड्रग रेकेट से जुड़ा व्यक्ति पुलिस ने काबू कर लिया है। राज्य सरकार की ड्रग माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस के विशेष जांच दस्ते ने रिकॉर्ड समय में यह कामयाबी हासिल की है। इस कार्रवाई के बाद अब रैकेट के भंडाफोड़ होने की प्रबल संभावना बन गई है। ऊना पुलिस के विशेष जांच दस्ते ने जिला मुख्यालय के समीपवर्ती बसोली गांव में नकली और नशे की गोलियों का कारोबार करने वाले बलराम सिंह को काबू कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम ने इस व्यक्ति को पंजाब के कुराली कस्बे से गिरफ्तार किया। बता दें कि पिछले दिनों ऊना से आठ किमी दूर बसोली गांव में पुलिस और ड्रग विभाग की एक टीम को नकली और नशीली गोलियों का जखीरा मिला था। ज्यादातर गोलियों के पत्ते जला दिए गए थे और कुछ साबुत पत्ते ड्रग इंस्पेक्टर के हाथ लग गए थे। नशे का कारोबारी और आरोपी बलराम सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है, लेकिन कई सालों से वह नकली और नशीली दवाओं का व्यापार कर रहा था। जिस दिन ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी की थी, उस दिन बलराम फरार होने में कामयाब हो गया था, लेकिन जांच टीम ने उसकी पत्नी मधुबाला को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया था। अब बलराम के मिल जाने के बाद पुलिस को पूरे नेटवर्क की जानकारी मिल जाएगी।

जानकार बताते हैं कि बलराम ने नशीली गोलियों का कारोबार विदेशों तक फैला रखा था। वह चुपके से नशीली गोलियों को ब्रांडेड कंपनी के खाली पत्तों में भरकर करोड़ों का कारोबार कर रहा था। पुलिस ने अभी तक बलराम और उसकी पत्नी मधुबाला के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर लिए हैं। अब अदालत से रिमांड लेकर ऊना पुलिस इस पूरे ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ कर सकती है।

**जानकारी** | राष्ट्रीय महामंत्री देशराज मोदगिल ने दी जानकारी; शुरू होगा आंदोलन, बैठक में उठाईं किसानों की मांगें

# 13 फरवरी को फिर दोबारा दिल्ली कूच करेगा किसान

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**आज** राष्ट्रीय किसान संगठन तहसील बंगाणा की बैठक शिवालिक होटल बंगाणा में तहसील अध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री देशराज मोदगिल ने विशेष रूप से हिस्सा लिया।

बैठक में किसानों की क्षेत्रीय समस्याओं के ऊपर चर्चा की गई तथा प्रस्ताव पास किए गए कि गांव में आम रास्तों पर किए गए कब्जा को सरकार खाली करवाए और प्रदेश में इस्तेमाल दोबारा शुरू किया जाए, ताकि गांव में झगड़े और रास्तों की समस्या समाप्त हो।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री देशराज मोदगिल ने जानकारी दी कि 13 फरवरी को देश का किसान दोबारा दिल्ली की तरफ कूच कर रहा है और एक बड़ा किसान आंदोलन शुरू होगा। किसानों की लंबित समस्याएं जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी का नून स्वामीनाथन कमेटी का लागू होना, किसानों मजदूरों के कर्ज माफ करना, कारगर बीमा योजना लाना और 60 वर्ष उपरांत 10000 प्रतिमा पेंशन देना आदि हैं।

बैठक में बगाणा तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ठाकुर पूर्ण चंद, ठाकुर मोजी और ठाकुर जोगिंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, राजकुमार, तिलक राज सेवानिवृत्ति कानूनगो को तहसील सचिव बनाया गया है। पवन शर्मा को युवा प्रमुख, दीपक राणा सह युवा प्रमुख, कमलेश शर्मा महिला प्रमुख, विमला देवी सह महिला प्रमुख और बनवारी लाल सेवानिवृत्त ट्रेजरी ऑफिसर को मीडिया प्रभारी यानी प्रवक्ता बनाया गया है। मांन चंद धीमान रामदास को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।



शिवालिक होटल बंगाणा में राष्ट्रीय किसान संगठन की बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा

# हिमाचल में गेस्ट टीचर भर्ती पर बवाल

**हिमाचल** में गेस्ट टीचर भर्ती की प्रक्रिया का विरोध पूरे प्रदेश में शुरू हो गया है। सुक्खू सरकार ने दुर्गम एवं कठिन क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के वास्ते वार्षिक पीरियड आधार पर 2600 गैस्ट टीचर की भर्ती करने का निर्णय लिया था, लेकिन बेरोजगारों को यह फैसला रास नहीं आ रहा है। बेरोजगारों के विभिन्न संघ नई गेस्ट टीचर भर्ती से काफी नाराज हैं। इन संघों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से सवाल किया है कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं से वादा किया था कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रदेश में पक्के टीचर ही भर्ती किए जाएंगे, लेकिन अब सुक्खू सरकार खुद अस्थायी शिक्षकों की भर्ती करने पर आमादा है। सरकार की इस नीति से सारे वादे टूटते हुए नजर आ रहे हैं। एक तरफ बेरोजगार युवा कमीशन की तैयारी के लिए काफी टाइम से मेहनत कर रहे हैं और सरकार से आस लगाए बैठे हैं कि सरकार कब पोस्टें निकालेगी, परंतु दूसरी तरफ सरकार लाखों युवाओं के साथ खिलवाड़ कर अस्थायी शिक्षक भर्ती करने जा रही है। लगता है सरकार अपनी ही बात से पलट रही है। संघों ने यह सवाल भी उठाया कि गेस्ट टीचर भर्ती की यह पॉलिसी युवाओं को शोषित करेगी। इससे पढ़े-लिखे नौजवान तनाव में जा सकते हैं। पहले पैरा टीचर्स और उसके बाद पीटीए और एसएमसी टीचर को भी तनाव झेलना पड़ा था। रोजगार की आस में बहुत सारे युवाओं की उम्र निकलती जा रही है। यह भर्ती प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्राइमरी स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर पर होनी है। इसमें जेबीटी के 1600 और लेक्चरर के 1000 पद भरे जाएंगे। जेबीटी शिक्षक के प्लस टू में 75 प्रतिशत और टैट परीक्षा में 65 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। कॉलेज स्तर पर नियुक्त किए जाने वाले शिक्षकों को नैट, सैट और जेआरएफ उत्तीर्ण करना जरूरी होगा तभी उनकी योग्यता बन पाएगी। यह भर्ती मैरिट के आधार पर होगी और मैरिट में अव्वल रहने वाले को उसकी पसंद का स्टेशन भी मिल सकेगा। छोटी कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को 200 रुपए प्रति पीरियड और बड़ी कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को 250 रुपए प्रति पीरियड मिलेगा। इसके अलावा कॉलेज स्तर पर 300 रुपए प्रति पीरियड दिए जाएंगे। एक दिन में अधिकतम पीरियडों की संख्या चार से अधिक नहीं होगी। हालांकि हिमाचल प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दे रखा है कि ऐसी भर्ती हिमाचल प्रदेश में नहीं होगी, लेकिन अब अचानक से गेस्ट टीचर्स का यह फैसला लेना समझ से परे है। इससे निश्चित रूप से बेराजगारों को ठेस पहुंचेगी। बेराजगार संघ अब मुख्यमंत्री से और शिक्षा मंत्री से सीधी भर्ती की डिमांड कर रहे हैं। एबीवीपी, एसएफआई, एनएसयूआई जैसे छात्र संगठन मांग पत्र भेजकर इस निर्णय को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। सरकार का यह फैसला प्रदेश के मेहनती और उच्च शिक्षित पात्र युवाओं के साथ धोखा होगा, जो सालों से मेहनत कर स्थायी रूप से शिक्षकों की भर्ती किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। शिक्षण संस्थानों में 2600 गेस्ट टीचरों की तैनाती से उनके स्थायी रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे। बेरोजगारों की नजर में यह फैसला किसी सूरत में छात्र और शिक्षा हित में नहीं होगा।

# प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

**एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'विचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पांवटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पांवटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पांवटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पांवटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पांवटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं।**



योगेश कुमार गोयल
(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिंदी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवंबर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र नौ वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है।

एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'विचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पांवटा साहिब में की थी।
कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पांवटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा।

दरअसल 'पांवटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पांवटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पांवटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसंबर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चिनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिंद सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड़ में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। गुरु गोबिंद सिंह ने सभी सिख कौम को हर समय पांच वस्तुएं धारण करने के भी आदेश दिए जो की केश, कंघा, कड़ा, कचेरा और कृपाण थे। इसके बाद 1706 में गुरु गोबिंद सिंह ने एक श्लोक के बारे में बोला दोहरा माहला नौ अंग में अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी के सभी भजनों में शामिल करते हुए धार्मिक ग्रंथ का दूसरा संस्करण जारी किया जो की अभी भी सभी गुरुद्वारा में गाया जाता है और इस गायन को अब श्री गुरु ग्रंथ साहिब कहा जाता है।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### कागज

कभी-
मां सरस्वती
का आवरण धर
बुद्धि का वरण कर
ज्ञान शब्द रूप ले
चमक उठा कागज पर।

कभी-
किस्से-कहानी, खबरें
बात इधर की उधर की, सच्ची -झूठी
कुछ लिखी, कुछ जुबानी
दुनिया भर का कौतूहल
समेट लिया कागज ने
बोल उठा वो बहुत कुछ
कागज अखबार बन गया।
कभी-
दिल की उमंगे तरंगे
कल्पनाएं निराकार साकार
सपने कुछ चटक कुछ बदरंग
उम्मीदें असीम अनंत
उकेर दिया गया जीवन रेखाओं को
जज्बातों की रंग भरकर
बन गया कागज अंतस का सजीव चित्र

कभी-
प्रेम -वेदना
अनकही, अनसुनी
दर्द असहनीय, फूट पड़ी
कलम अनायास उठ खड़ी
उस एहसास की लेखनी ने
लिख डाला हाल दर्द-ए-दिल
रो पड़ा कागज बन प्रेमपत्र।



कवयित्री
आशा पठानिया
जिला मंडी

## प्रेरक कथा




### बाज की उड़ान

**एक** बार की बात है कि एक बाज का अंडा मुर्गी के अंडों के बीच आ गया। कुछ दिनों बाद उन अंडों में से चूजे निकले, बाज का बच्चा भी उनमें से एक था, वो उन्हीं के बीच बड़ा होने लगा। वो वही करता जो बाकी चूजे करते, मिट्टी में इधर-उधर खेलता, दाना चुगता और दिनभर उन्हीं की तरह चूं-चूं करता। बाकी चूजों की तरह वो भी बस थोड़ा सा ही ऊपर उड़ पाता और पंख फड़फड़ाते हुए नीचे आ जाता। फिर एक दिन उसने एक बाज को खुले आकाश में उड़ते हुए देखा। बाज बड़े शान से बेधड़क उड़ रहा था। तब उसने बाकी चूजों से पूछा कि- इतनी ऊंचाई पर उड़ने वाला वो शानदार पक्षी कौन है? तब चूजों ने कहा- 'अरे वो बाज है, पक्षियों का राजा, वो बहुत ही ताकतवर और विशाल है, लेकिन तुम उसकी तरह नहीं उड़ सकते, क्योंकि तुम तो एक चूजे हो! बाज के बच्चे ने इसे सच मान लिया और कभी वैसा बनने की कोशिश नहीं की। वो जिंदगी भर चूजों की तरह रहा और एक दिन बिना अपनी असली ताकत पहचाने मर गया। आप चूजों की तरह मत बनिए , अपने आप पर,अपनी काबिलियत पर भरोसा कीजिए। आप चाहे जहां हों, जिस परिवेश में हों, अपनी क्षमताओं को पहचानिए और आकाश की ऊंचाइयों पर उड़ कर दिखाइए क्योंकि यही आपकी वास्तविकता है।

# प्रदेश की सियासत और विकास में कांगड़ा जिले की अहम भूमिका



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक
सिरमौर



**देव** भूमि हिमाचल प्रदेश जहां अपनी संस्कृति सभ्यता और रिति-रिवाजों के लिए प्रसिद्ध है तो वहीं अगर प्रदेश की राजनीति में हर पांच वर्ष में किसी जिले की परिवर्तन करने में सबसे ज्यादा भूमिका और योगदान रहता है तो वह है जिला कांगड़ा जो प्रदेश में सबसे बड़ा जिला होने के साथ-साथ विकास की दृष्टि में भी सदैव अग्रणी भूमिका में रहता है, जिस जिले में 15 विधानसभा क्षेत्र आते हैं अगर हम जिला कांगड़ा के इतिहास, विकास और जागरूकता को देखें तो देखने को मिलता है कि कांगड़ा जिले ने पूर्व के दशकों में अन्य जिलों के विकास के मुकाबले बहुत ज्यादा अपने जिले को हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में रखा है जिसके अनेक उदाहरण पूर्व और वर्तमान में देखने को मिलते हैं और इससे भी बढ़कर है कि जिला कांगड़ा की प्रबुद्ध जनता ने हमेशा ही हर पांच वर्ष बाद हर वर्तमान सरकार को परिवर्तन करने में अहम भूमिका निभाई है।

इसी उम्मीद और विश्वास के साथ की नई सरकार और परिवर्तन जिला व प्रदेश को विकास की दृष्टि में आगे ले जाएगा। जिला कांगड़ा जहां वीरों के नाम से प्रसिद्ध रहा जहां से कारगिल युद्ध के नायक रहे शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा शहीद कैप्टन सौरव कालिया इत्यादि अनेक वीरों ने देश के खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर किया जो इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित है तो वहीं पर्यटन के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुका है, जिसमें धर्मशाला जैसा पर्यटन क्षेत्र आज देश व प्रदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में अहम भूमिका निभा रहा है, जो धौलाधार पहाड़ियां वर्षभर बर्फ से ढकी रहती हैं तो वहीं धर्मशाला स्टेडियम की खूबसूरती और अंतरराष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताओं के कारण धर्मशाला के पर्यटन और रोजगार के अपार संसाधनों में बढ़ोतरी देखने को मिलती हैं वहीं जिले के अनेक क्षेत्रों में धार्मिक स्थल होने के नाते भी पर्यटकों और श्रद्धालुओं का सदैव तांता लगा रहता है, जिसमें माता ज्वाला जी, माता चिंतपूर्णी, मां चामुंडा जी, मां बज्रेश्वरी जी इत्यादि अनेक धार्मिक स्थल जिला कांगड़ा में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है तो वहीं दूसरी ओर जिला कांगड़ा ने विकास की हर दृष्टि से अपने जिले को समय-समय पर बुलंदियों पर पहुंचाया है।

वहीं, जिला कांगड़ा से ही प्रदेश व देश की राजनीति में एक ऐसा व्यक्तित्व जो अपने सिद्धांतों और जनता की सेवा भाव के लिए आज भी वंदनीय है वह है हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार जिनके बैवाकि बोल, जनता की सेवा के प्रति सेवाभाव, प्रदेश के विकास में राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा अपने बहुमूल्य सुझावों व मार्गदर्शन करने का प्रयास करते रहे हैं और पक्ष विपक्ष भी जिनके सिद्धांतों और सुझावों का अनुसरण और मान सम्मान करता रहा है तो वहीं पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली जैसे राजनेताओं ने भी अपने जिले को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने के हमेशा से उच्च प्रयास किए है। इस प्रकार जिला कांगड़ा प्रदेश की राजनीति और परिवर्तन करने में अहम भूमिका में रहता है जो जनता की जागरूकता का परिचय देता है कि हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र व समाज में सदैव परिवर्तन होने चाहिए ताकि भविष्य में राजनीति में नए-नए जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को सेवा का सुअवसर प्राप्त हो सके जो परिवर्तन और जागरूकता अन्य तमाम जिलों के लिए एक उदाहरण है।

इसलिए आज के परिप्रेक्ष्य में भी जिला कांगड़ा की जागरूक जनता सदैव राजनीति से ऊपर उठकर अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और राजनीति में हमेशा एक जागरूकता का परिचय देती है जो अपने आप में एक अनुसरणीय कदम माना जाता है।

# प्राकृतिक संसाधनों पर किसी का व्यक्तिगत अधिकार नहीं



ब्लॉगर
लेखक: मुमुक्षु के ठाकुर
स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार, मोहल्ला ओबड़ी, चंबा

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**जरा** कल्पना कीजिए कि कोई महापुरुष कुछ जंगल, नदी-नाले या कोयले की खानें खरीद ले। फिर वे सैकड़ों-हजारों पेड़ बिना मतलब के काट डाले, पानी में विष डाल दे, या कोयले जलाकर बस यूं ही नष्ट कर दे, या अनाज के ढेरों को राख कर डाले, क्योंकि उसने इन सब को खरीद लिया है।

क्या कोई समाज या देश इसकी इजाजत देगा। जिस देश में तीस करोड़ से भी अधिक लोग गरीबी- रेखा से नीचे रहते हुए जी रहें हों और लाखों लोगों को सिर्फ एक ही वक्त का भोजन नसीब हो ; उस देश, समाज में क्या मात्र मुट्ठी भर लोगों को उनकी झूठी शान केलिए करोड़ों-अरबों रुपए बेवजह नष्ट करने के लिए अनुमति मिल जानी चाहिए, यही नहीं बहुत सारे उच्चकोटि के मूर्ख लोग तो इस स्पर्धा में भी लगे रहते हैं कि कौन कितने धन और संसाधनों को बर्बाद करने में अव्वल आता है और इस हास्यस्पद कवायद में लगभग सभी लोग शामिल हैं। यहां अमीर-गरीब, जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, प्रांत, व्यवसाय में भी कोई भेद नहीं है। दिमाग तो किसी का भी खराब हो सकता है। बहुत बड़ी संख्या में बड़े धनवान लोग तो अक्सर पैसों की बर्बादी करते ही हैं।

मैं उन निर्धन लोगों को भी जानता हूं, जिनकी मासिक आय दो हजार रुपए से भी कम थी और उन्होंने अपने पोते के मुंडन- संस्कार के कार्यक्रम के लिए कई हजार रुपए लोगों से उधार लिए थे । शादी-ब्याह की तो बात ही छोड़िए।

एक बहुत ही खर्चीले शादी-समारोह के बारे में जब लोगों ने पूछा कि भई, किसकी शादी हो रही है, ये तो बहुत ही भव्य-शानदार पंडाल ( टेंट) सजा हुआ है, तो एक आदरणीय महिला बहुत ही गर्व के साथ आगे आकर इतराती हुई बोलीं, जनाब, मेरे भानजे की शादी हो रही है और ये तो सिर्फ अभी एंगेजमेंट का ही फंक्शन है , शादी तो अभी परसों होनी है। फिर देखिए आप। अब आप लोगों के ऐसे दृष्टिकोण और सोच के बारे में क्या कहना चाहेंगे। भेड़-चाल में शामिल लाखों लोगों की ये चिर-परिचित रुग्ण-मानसिकता ही मानी जानी चाहिए। लोगों की यह सोच और कार्य-व्यवहार निश्चित रूप से ही उनके अहंकार और अव्वल दर्जे की मूर्खता की पुष्टि और तुष्टि करता है।

## आपका पत्र

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश को संवारने के लिए स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि देश को स्वच्छ बनाया जा सके। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों व विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सफाई अभियान आयोजित किए जा रहे हैं पर क्या इन अभियानों से ही देश साफ सुथरा हो जाएगा शायद नहीं। अकसर देखा गया है कि नेताओं की रैलियों व जनसभाओं के लिए खूब तैयारियां की जाती हैं। उनके स्वागत के लिए मैदानों और जनसभा के स्थानों को पोस्टरों और बैनरों से सजाया जाता है, लेकिन उनके कार्यक्रम के बाद उस मैदान और जनसभा स्थल की हालत देखते ही बनती है। पूरा मैदान और जनसभा स्थल के चारों और गंदगी ही गंदगी दिखाई देती है। हर जगह पर पोस्टर और बैनर बिखरे पड़े होते हैं जो सफाई अभियान की धज्जियां उडाते हैं। उसके बाद उस मैदान या सभा स्थल की सुध लेने वाला कोई नहीं होता है। यह सब जागरूकता की कमी के कारण होता है। इसलिए लोगों का सफाई के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। ये अभियान तभी सफल होंगे जब लोगों को इनकी जानकारी होगी और सभी इन पर अमल करेंगे। इसके लिए जरूरी है कि लोगों को इनके प्रति जागरूक किया जाए और यह तभी संभव है, जब इसके लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं और लोगों को सफाई के लिए जागरूक किया जाए।
-राकेश

## आपकी डायरी

सच की तस्वीर नहीं
बदली भले जां दे दी
हमने तकरीर नहीं बदली
भले जां दे दी
जिंदगी ऐसे जी जैसे
कि कही थी तूने
तेरी जंजीर नहीं बदली
भले जां दे दी

शायर
कुलदीप गर्ग तरुण
अर्की, सोलन

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बंजार की ज्योति ने पैरा गेम्ज शॉट पुट में जीता गोल्ड, गोवा में हुई थी प्रतियोगिता




**बंजार।** कुल्लू के उपमंडल बंजार की बालागाड़ पंचायत की रहने वाली ज्योति ठाकुर ने राष्ट्रीय पैरा गेम्स शॉट पुट में गोल्ड जीता है। इसके अलावा डिस्क थ्रो की प्रतियोगिता में भी कांस्य जीत कर हिमाचल प्रदेश तथा कुल्लू का नाम रोशन किया है। यह पैरा गेम्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिता गोवा में आयोजित की गई थी। दो मेडल जीतकर ज्योति ठाकुर ने हिमाचल का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसका पूरा श्रेय वह अपने कोच ललित ठाकुर और परिजनों को देती है। खिलाड़ी ज्योति की इस उपलब्धि पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, कुल्लू भाजपा महिला मोर्चा की प्रवक्ता खेमा दीपक और भाजपा मंडी संसदीय क्षेत्र की आईटी संयोजक कुसुमलता दीपक ने बधाई देते हुए कहा कि ज्योति बंजार की बालागाड पंचायत के जलाफड़ गांव के रहने वाले गौतम राम ठाकुर की बेटी हैं और वह बचपन से ही काफी प्रतिभावान रही है। ऐसे में ज्योति की इस उपलब्धि से कुल्लू सहित हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे भारत में रोशन हुआ है।

### हिमाचल प्रदेश स्वात संघ की महासचिव संतोषी शर्मा भारतीय महिला टीम की कोच नियुक्त



टीम के साथ संतोषी शर्मा।

**मंडी।** 20 से 22 जनवरी तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली साउथ एशियाई स्वात (फ्रेंच किक बॉक्सिंग) चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश स्वात संघ की महासचिव संतोषी शर्मा को राष्ट्रीय स्वात संघ के द्वारा भारतीय महिला टीम की कोच नियुक्त किया और साथ ही राष्ट्रीय स्वात संघ की महिला आयोग का अध्यक्ष भी चुना गया है। उम्मीद है कि इस बार भी भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी और भारत विजेता बनेगा। संतोषी शर्मा को कोच बनाए जाने से हिमाचल प्रदेश से चयनित 12 खिलाड़ियों का भी उत्साह दोगुना बढ़ गया है। बाकी सभी खिलाड़ियों में भी उम्मीदें बढ़ गई हैं। इनके चयन पर राष्ट्रीय स्वात संघ के संस्थापक सुखविंद्र सिंह, हिमाचल प्रदेश स्वात संघ के अध्यक्ष मदन लाल, कोषाध्यक्ष बृजलाल, सदस्य संजीव चौहान, प्रदीप चौहान, अजय कुमार, अमर चंद, इंद्र कुमार, रोमा कुमारी समेत हिमाचल प्रदेश के जनप्रतिनिधि खेल प्रेमी व खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी। चयनित खिलाड़ियों में सपना, रेखा, मुस्कान, पंकज, करण, दिव्यांशु, हरीश, ऋषभ, वरुण वालिया, सूर्य प्रताप, इशांत, कृष्णकांत शामिल हैं।

### सावन ने क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में जीता कांस्य एफ्रो एशियन के लिए किया क्वालीफाई




रड़ा-भंखेड़ गांव एहजू कुलदीप बरवाल कांस्य पदक के साथ।

**जोगिंद्रनगर।** रड़ा-भंखेड़ गांव एहजू कुलदीप बरवाल व सुभद्रा देवी के बेटे सावन बरवाल ने 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता, जो कि बिहार के बोधगया शहर में मंगलवार सुबह आयोजित हुई। इसमें कांस्य पदक जीतकर जोगिंद्रनगर का ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश का नाम भी ऊंचा किया। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ में समूचे भारत के 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, सेना, रेलवे, ऑल इंडिया पुलिस व अन्य बोर्डों की लगभग 38 टीमों के 150 पुरुष वर्ग के धावकों ने हिस्सा लिया। सावन बारवाल ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर आने वाली एफ्रो एशियन व एशियन क्रॉस कंट्री के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया, जो जल्द होने जा रही है। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया कि सावन बरवाल 21 जनवरी को मुंबई मैराथन में भाग लेने जा रहा है, इससे पहले सावन एशियन हाफ मैराथन में कांस्य पदक जीत चुके हैं और इसके अलावा इसी वर्ष दिल्ली मैराथन में कांस्य पदक के साथ दो लाख नकद इनामी राशि, कोलकाता मैराथन में स्वर्ण पदक के साथ पौने तीन लाख नकद इनामी राशि व अंतरराष्ट्रीय मैराथन में 10वीं रैंकिंग बनाकर किनिया, इथोपिया युगांडा, मोरक्को जैसे देशों के बीच अपना नाम अंकित कर चुका है।

### अमेरिका लगातार तीसरी जीत से महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में

**रांची।** एलिजाबेथ येगर ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जिससे अमेरिका ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को न्यूजीलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। येगर ने यह महत्वपूर्ण गोल खेल के 17वें मिनट में किया, जिससे अमेरिका पूल बी में शीर्ष पर रहा। अमेरिका ने पूल बी में अपने तीनों मैच जीते। वह वीरवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड ने तीन अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया और अगर अंतिम मैच में इटली मेजबान भारत को हरा देता है तो वह तभी सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा। न्यूजीलैंड ने शुरू में दबाव बनाया, लेकिन अमेरिका ने जल्द ही लय हासिल कर दी। येगर ने अपनी टीम को मिले तीसरे पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम ने बराबरी का गोल करने के लिए काफी प्रयास किये लेकिन अमेरिका की रक्षा पंक्ति ने अच्छी तरह से बचाव किया।

### राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले तीन खिलाड़ियों सहित 11 का डोपिंग प्रतिबंध घटाया

**नई दिल्ली।** पिछले साल गोवा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले तीन एथलीट उन 11 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 20 दिन के अंदर डोपिंग आरोप स्वीकार करने का फायदा मिला है और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया है। इन खिलाड़ियों में ट्रैक एवं फील्ड के तीन एथलीट कमलजीत कौर (100 मीटर और 200 मीटर), अजय कुमार (5000 मीटर और 10000 मीटर) और हरजोधवीर सिंह (5000 मीटर और 10000 मीटर) भी शामिल हैं, जिन्होंने 25 अक्तूबर से 9 नवंबर तक गोवा में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय खेलों के दौरान विभिन्न खेलों के कुल 20 खिलाड़ियों को डोपिंग का दोषी पाया गया था।

### ओलंपिक टेनिस चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मैच जीता

**मेलबर्न।** ओलंपिक टेनिस चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मुकाबला जीता, जबकि एक दिन पहले ही जर्मनी में उत्पीड़न के एक मामले में उन्हें इस साल के आखिर में सुनवाई का सामना करने के आदेश दिए गए हैं । छठी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने जर्मनी के डोमिनिक कोफेर को 4-6, 6-3, 7-6, 6-3 से मात दी। 26 वर्ष के ज्वेरेव पर बर्लिन में मई 2020 में विवाद के बाद एक महिला की पिटाई का आरोप है । वह इन आरोपों का खंडन करते आए हैं । जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने सोमवार को बताया कि सुनवाई 31 अगस्त से होगी।

# अफगान का सूपड़ा साफ करने उतरेगी टीम इंडिया

## अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 मैच आज






**एजेंसी, बेंगलुरु**

**सीरीज** जीत चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में इस लय को बरकरार रखते हुए 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी। जून में होने वाले विश्व कप से पहले यह भारत का आखिरी टी-20 मैच है। मोहाली और इंदौर में मिली जीत के बाद टीम प्रबंधन कोई कोताही बरतना नहीं चाहेगा। दोनों मैचों में छह विकेट से मिली जीत में पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति अहम रही। भारत ने पहले मैच में 159 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में और दूसरे में 173 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

इससे पहले टी-20 में भारतीय टीम शुरू में सावधानी से खेलकर आखिरी ओवरों में हाथ खोलने की रणनीति अपनाती आई है, लेकिन अब बल्लेबाज पहली गेंद से ही आक्रामक खेल रहे हैं और शिवम दुबे तथा विराट कोहली ने इसकी बानगी पेश की।

करीब 14 महीने बाद पहला टी-20 खेल रहे कोहली ने इंदौर में 16 गेंद में 29 रन बनाए। उन्होंने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीबुर रहमान का बखूबी सामना किया और उनकी सात गेंदों में 18 रन बनाए।

आम तौर पर कोहली स्पिनरों के खिलाफ धीमा खेलते हैं, लेकिन इस मैच में उलटा देखने को मिला।

वहीं दुबे पिछले साल डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए तीन साल बाद भारतीय टीम में लौटे। उसके बाद उन्होंने एशियाई खेलों में भाग लिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली।

अपने स्टार स्पिनर राशिद खान के बिना खेल रही अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने दो आक्रामक अर्धशतक लगाए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी अर्धशतक जड़ा। भारत की नजरें इन दोनों युवाओं पर फिर रहेंगी।

इस मैच में बल्लेबाजी क्रम में भले ही बदलाव नहीं किया जाए, लेकिन कुलदीप यादव और आवेश खान को मौका मिल सकता है। कुलदीप को रवि बिश्नोई या वॉशिंगटन सुंदर की जगह और आवेश को मुकेश कुमार की जगह उतारा जा सकता है।

विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा रायपुर में पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे मैच के बाद से टी-20 खेल रहे हैं। उन्हें आराम देने का विचार होने पर संजू सैमसन को उतारा जा सकता है।

दूसरी ओर अफगानिस्तान को सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जो दोनों मैचों में नाकाम रहे हैं।

### कप्तान रोहित के फॉर्म में लौटने की उम्मीद

**कप्तान** रोहित शर्मा के फॉर्म में लौटने की भी उम्मीद कर रही होगी। कप्तान रोहित का बल्ला अभी तक नहीं चला है। पहले मैच में शुभमन गिल के साथ गलतफहमी होने पर वह रन आउट हो गए, जबकि दूसरे मैच में फजलहक फारूकी की गेंद को भांप नहीं सके और सस्ते में विकेट गंवा दिया। दो मैचों में दो ही रन बना सके रोहित के फॉर्म से टीम प्रबंधन चिंतित नहीं होगा, लेकिन आखिरी मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद जरूर होगी ।

- जून में होने वाले विश्व कप से पहले भारत का होगा आखिरी टी-20 मैच



#### भारत

**रोहित** शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

#### अफगानिस्तान

**इब्राहिम** जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

## नई गेंद से गेंदबाजी करने से आत्मविश्वास बढ़ा : अर्शदीप सिंह



**एजेंसी, बेंगलुरु**

**अर्शदीप** सिंह के लिए पिछला साल उतार-चढ़ाव वाला रहा, लेकिन इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को कहा कि हाल के मैचों में नई गेंद से गेंदबाजी करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। अर्शदीप ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा कि पिछले 12 महीने मेरे लिए मिश्रित सफलता वाले रहे। मैंने कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे कुछ नया सीखने को मिला। इसके साथ कुछ उतार-चढ़ाव भी रहे। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में नई गेंद से गेंदबाजी करने से एक गेंदबाज के रूप में उनमें निखार आया। उन्होंने कहा कि हाल में मैंने नई गेंद से गेंदबाजी करनी शुरू की विशेष कर धीमी विकटों पर। पिछले मैच में मैंने विशेष कर बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए कुछ नई वेरिएशन आजमाई जो कारगर रही। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। मैं अपने कौशल को निखारने पर ध्यान दे रहा हूं। अर्शदीप ने कहा कि टीम में भूमिका स्पष्ट होने के कारण उन्हें मदद मिली। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की भूमिकाएं तय हैं। एक गेंदबाज होने के नाते आप जानते हैं कि की आपको शुरू में या बीच के ओवरों में गेंदबाजी करनी पड़ेगी। जब भूमिका स्पष्ट होती है तो आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

## तीसरा टी-20 नहीं खेलेंगे अब्बास अफरीदी, केन विलियमसन बाहर

**एजेंसी, कराची**

**पाकिस्तान** के युवा तेज गेंदबाज अब्बास अफरीदी न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी-20 मैच नहीं खेलेंगे, जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन भी पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।

पाकिस्तान टीम प्रबंधन ने एक बयान में बताया कि अफरीदी की पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है, जिसकी वजह से वह तीसरा मैच नहीं खेलेंगे। बाकी दोनों मैचों में उनकी उपलब्धता के बारे में बाद में फैसला लिया जाएगा। अफरीदी ने इसी श्रृंखला में पाकिस्तान के लिए पदार्पण किया। विलियमसन दूसरे वनडे के दौरान दाहिने पैर की मांसपेशी में खिंचाव के शिकार हो गए। वह तीन फरवरी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले फिट होने के लिए बाकी मैच नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड पहले दोनों मैच जीतकर श्रृंखला में 2-0 से हागे है।







## बांग्लादेश के क्रिकेटर हुसैन पर लगा दो साल का प्रतिबंध

**एजेंसी, दुबई**

**बांग्लादेश** के ऑलराउंडर नासिर हुसैन को अमीरात क्रिकेट बोर्ड कि भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तीन आरोपों को स्वीकार करने के बाद मंगलवार को दो साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया, जिसे छह महीने का निलंबित प्रतिबंध भी शामिल है।



आईसीसी ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में हुसैन पर सितंबर, 2023 में आरोप लगाए थे। इस क्रिकेटर ने इनमें से तीन आरोप स्वीकार किए थे। आईसीसी के अनुसार हुसैन ने उन्हें मिले उपहार का खुलासा नहीं किया था। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने भ्रष्ट कार्यों में शामिल होने के लिए की गई पेशकश के बारे में भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को जानकारी नहीं दी थी। यही नहीं, उन्होंने जांच में सहयोग भी नहीं किया था। बयान के अनुसार इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और प्रतिबंध पर अपनी सहमति जताई है। वह 7 अप्रैल, 2025 के बाद क्रिकेट की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। हुसैन पुणे डेविल्स फ्रेंचाइजी से जुड़े उन आठ लोगों में शामिल थे, जिन पर 2020-21 में अबूधाबी टी-10 में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था।

### ली शी फेंग और ही बिंग जियाओ जीते

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ली शी फेंग ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि चीन की उनकी हमवतन ही बिंग जियाओ ने महिला एकल में सीधे गेम में जीत दर्ज की। ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के तीसरे वरीय शी फेंग ने थाईलैंड के केंटाफोन वेंगचारोएन के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद 19-21, 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता छठी वरीय बिंग जियाओ को हालांकि कनाडा की दुनिया की 27वें नंबर की खिलाड़ी मिशेल ली को 21-17, 21-15 से हराने में अधिक परेशानी नहीं हुई। महिला एकल में इंडोनेशिया की सातवीं वरीय ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने भी पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-10, 21-15 से हराया। पुरुष एकल में जापान के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काकी वातानाबे ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए 13-21, 21-19, 21-11 से जीत दर्ज की।

### ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर सोचना जल्दबाजी होगी

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अभी ओलंपिक क्वालीफिकेशन के बारे में सोचना जल्दबाजी होगी और वह ऐसा करके खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बनाना चाहते। गोपीचंद ने कहा कि यह ओलंपिक वर्ष है और जहां भी जाओ वहां ओलंपिक के बारे में ही बात होती है। मुझे लगता है कि अब भी लगभग आठ टूर्नामेंट होने हैं और लंबा सफर तय करना है। कोच के रूप में मुझे लगता है कि अभी इसके बारे में सोचकर दबाव लेने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि हम प्रक्रिया पर ध्यान दें और क्वालीफिकेशन अपने आप हो जाएगा।

### अल्कराज ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** कार्लोस अल्कराज ने पहले सेट में कड़ा संघर्ष करने के बाद मंगलवार को 37 साल के खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पहला सेट एक घंटे और 12 मिनट तक चला, जिसे अल्कराज ने टाईब्रेकर में जीता, लेकिन इसके बाद अगले दो सेट जीतने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। अल्कराज ने यह मैच 7-6 (5), 6-1, 6-2 से जीता। उनका अगला मुकाबला लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिन्होंने डैन इवांस को 4-6, 7-6 (8), 6-2, 7-6 (4) से हराया। अल्कराज दाहिने पांव की चोट के कारण पिछले साल इस टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन** | पिछले साल की उपविजेता एलेना रिबाकिना ने कैरोलिना प्लिसकोवा को दी शिकस्त

# इगा स्वियातेक ने सोफिया केनिन को हराया

**एजेंसी, मेलबर्न**

**शीर्ष** रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में मंगलवार को पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन को 7-6, 6-2 से हराया। यहां चार बरस पहले खिताब जीत चुकी केनिन ने पहले सेट में कड़ी चुनौती दी, लेकिन स्वियातेक ने टाइब्रेकर में जीत दर्ज की। दूसरे सेट के पांचवें गेम में केनिन की सर्विस तोड़कर उन्होंने जीत दर्ज की। पोलैंड की स्वियातेक ने पांच ग्रैंडस्लैम जीते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब अपने नाम नहीं कर सकी हैं। अब उनका सामना 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिंस से होगा, जिन्होंने 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया।



कर्बर उन तीन पूर्व चैम्पियन में से हैं जो मां बनने के बाद वापसी कर रही हैं । इनमें से एक चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गई । वहीं 2018 की चैम्पियन कैरोलिन वोज्नियाकी दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। पिछले साल की उपविजेता एलेना रिबाकिना भी अगले दौर में पहुंच गई, जिन्होंने दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा को 7-6, 6-4 से हराया।

यहां 2012 और 2013 में खिताब जीत चुकी विक्टोरिया अजारेंका ने इटली की कामिला जियोर्जी को 6-1, 4-6, 6-3 से मात दी। इससे पहले अमेरिका की स्लोएने स्टीफेंस ने 2019 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहली जीत दर्ज करते हुए वाइल्ड कार्डधारी ओलिविया गाडेस्की को 6-3, 6-1 से हराया।

पुरुष वर्ग में 11वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने अलबर्ट रामोस विनोलास को 6-1, 6-3, 6-1 से हराया। वहीं कैमरन नॉरी ने जुआन पाब्लो वारिलास को 6-4, 6-4, 6-2 से मात दी। ग्रिगोर दिमित्रोव ने मर्टोन फुक्सोविक्स को 4-6, 6-3, 7-6, 6-2 से परास्त किया। भारतीय क्वालीफायर सुमित नागल ने 31वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराकर उलटफेर कर दिया।

## ईरान में बोले जयशंकर- लाल सागर में हमलों से हमारा नुकसान

# हूतियों के रडार पर नहीं भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हूती** विद्रोहियों को ईरान का समर्थन हासिल है और वे पश्चिमी देशों के खिलाफ काम कर रहे हैं। भारत सीधे तौर पर हूतियों की रडार पर नहीं है। एक इंटेलिजेंस रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इसके मुताबिक, ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और हिजबुल्लाह मिलकर हूतियों को ट्रेनिंग देते हैं। साथ ही यह जहाजों के जरिए हूती विद्रोहियों को ड्रोन्स, बैलिस्टिक मिसाइलें और दूसरे हथियार भी पहुंचाते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन्हें फैक्टरी बनाने, हथियारों के पार्ट्स की तस्करी करने और कई मामलों में सलाह देने का काम करते हैं। दूसरी तरफ, ईरान पश्चिमी देशों के खिलाफ भारत को एक सहयोगी के तौर पर देखता है।

दरअसल, ईरान मुस्लिम देशों का लीडर बनना चाहता है। हालांकि, ईरान शिया समुदाय वाला देश है, जबकि भारत में ज्यादातर सुन्नी समुदाय के लोग रहते हैं। लाल सागर और हिंद महासागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों को लेकर भारत और चीन ने चिंताएं जताई हैं। ऐसे में ईरान को डर है कि कहीं इस मुद्दे पर दोनों देश अमेरिका के साथ न चले जाएं। ईरान भारत को यह संकेत देना चाहता है कि वो भारत के साथ है। इसी कड़ी में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी सोमवार को दो दिन के दौरे पर ईरान पहुंचे।



### चाबहार पोर्ट, आईएनएसटीसी प्रोजेक्ट पर चर्चा

**हूतियों** के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट और आईएनएसटीसी कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (ईरान से रूस को कनेक्ट करने वाला कॉरिडोर) को लेकर भी चर्चा हुई। ईरान-भारत के बीच 2018 में चाबहार बंदरगाह की डील हुई थी। यह बंदरगाह पाकिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 170 किलोमीटर दूर है। ग्वादर चीन पाकिस्तान के सीपीईसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। 2019 में अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगा दिए थे।

### ईरानी राष्ट्रपति रईसी से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**विदेश** मंत्री जयशंकर ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुस्सैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मुलाकात की। समुद्र में जहाजों पर हो रहे हमलों के मुद्दे पर जयशंकर ने कहा कि भारत के आसपास जहाजों पर हमले अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसका भारत की ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ रहा है, लेकिन किसी भी तनाव की स्थिति में हर हाल में आम नागरिकों की सुरक्षा की जानी चाहिए। दरअसल, इस समुद्री रास्ते से दुनिया के शिपिंग यातायात की लगभग 15 फीसदी आवाजाही होती है।

# जम्मू के रघुनाथ मंदिर में दर्शन मात्र से मोक्ष मिलने की मान्यता

## रघुनाथ मंदिर साल 1857 में महाराजा रणवीर सिंह और उनके पिता ने बनाया

**एजेंसी, जम्मू**

भारत मंदिरों का देश है, इनमें से कई मंदिर विश्व विख्यात हैं और चमत्कारी-रहस्यमयी भी हैं। इन मंदिरों में लोगों की गहरी आस्था है। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में बन रहा राम मंदिर इस समय चर्चा में है, जहां रामलला के दर्शन करने के लिए देश उतावला है। अयोध्या के अलावा देश में कुछ और मशहूर राम मंदिर हैं। जम्मू स्थित रघुनाथ मंदिर भी इसमें से एक है। इस मंदिर का बहुत महत्व है। मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से मोक्ष मिलता है।



### 33 करोड़ देवी-देवताओं के दर्शन

जम्मू के इस रघुनाथ मंदिर की खासियत यह है कि इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालु हिंदुओं के 33 करोड़ देवी-देवताओं के एक साथ दर्शन कर सकते हैं। यहां कई देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ-साथ 33 करोड़ देवी-देवताओं के लिंगम भी बने हुए हैं, जो इस मंदिर को सबसे खास बनाते हैं। साथ ही इस मंदिर में एक ऐसी जगह भी है, जहां चारों धामों के एक साथ दर्शन किए जा सकते हैं। रघुनाथ मंदिर में रामेश्वरम धाम, द्वारकाधीश धाम, बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम के दर्शन होते हैं। इसके अलावा यहां एक कक्ष भगवान सत्यनारायण को समर्पित है। साथ ही दीवारों पर हर महीने चैत्र, वैशाख और उस माह के देवताओं की मूर्तियां उकेरी गई हैं।




### 1875 में हुआ था निर्माण

जम्मू का यह मंदिर भगवान राम को समर्पित है। यहां भगवान राम के साथ-साथ माता सीता और लक्ष्मण की विशाल मूर्तियां हैं। इसके अलावा रामायण और महाभारत के कई पात्रों की भी मूर्तियां हैं। भारत के प्रमुख मंदिरों में शुमार इस मंदिर का निर्माण साल 1857 में महाराजा रणवीर सिंह और उनके पिता ने किया गया। इस मंदिर के अंदर सात धार्मिक स्थल मौजूद हैं। इस मंदिर के बाहर से पांच स्वर्ण कलश नजर आते हैं। वहीं, मंदिर के अंदर के कई कई हिस्सों में सोना लगाया गया है।


### प्राण-प्रतिष्ठा : भोग के लिए आगरा से आए 56 किस्म के पेठे

**अयोध्या।** अपने मूल स्थान पर प्रतिष्ठित होने जा रहे रामलला के लिए अनेक अमूल्य उपहार आ रहे हैं। आगरा के प्रसिद्ध पंछी पेठे की ओर से अलग-अलग स्वाद में श्री रामलला के भोग के लिए 56 किस्म का 560 किलो पेठा पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसहभागिता की अपील पर समाज का प्रत्येक तबका अपने सामर्थ्य के अनुसार जुटा है। पेठे के अलावा अन्य स्थानों से रत्न जड़ित पोशाक, चांदी की थाल, पूजा सामग्री आदि भी मंदिर ट्रस्ट को मिली है। आगरा व्यापार मंडल की ओर से लाया गया पंछी पेठा कारसेवकपुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, विश्व हिंदू परिषद के राजेंद्र सिंह पंकज आदि की उपस्थिति में स्वीकारा गया।



### काशी के शिल्पकार ने सोने, चांदी और हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की अनुकृति

**वाराणसी।** भगवान राम की भक्ति में पूरा देश राममय है। हर कोई भगवान राम के काम में गिलहरी प्रयास करना चाह रहा है। किसी न किसी रूप में हर कोई श्रीराम मंदिर से अपने को जोड़ने का यत्न कर रहा है। ऐसे में गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने भी सोने, चांदी और डायमंड से 108 दिनों की मेहनत से श्री राम मंदिर की रेप्लिका बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लंबी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 पार्ट्स से निर्मित किया गया है।



### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में छह घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आत्मघाती हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों सहित कम से कम छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले की मीर अली तहसील में मचाई क्षेत्र की घुंडीसर जांच चौकी के पास खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। उन्होंने कहा कि हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों सहित कम से कम छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को बन्नू अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। सुरक्षाबलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जो देर रात तक जारी रहा। किसी भी समूह ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में 2022 के बाद से सशस्त्र समूहों के हमलों में फिर से बढ़ोतरी देखी गई है। प्रतिबंधित समूह तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और सरकार के बीच संघर्ष विराम समझौता 2022 में समाप्त होने के बाद से ये हमले बढ़े हैं।

### रक्षामंत्री राजनाथ ने हनुमान सेतु मंदिर में की सफाई



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लखनऊ हनुमान सेतु मंदिर में साफ-सफाई की।

### केजरीवाल के नए बंगले के निर्माण मामले में दिल्ली सरकार को जुर्माना

**नई दिल्ली।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नए बंगले के निर्माण में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के आरोपों वाली याचिका पर जवाब दाखिल नहीं करने पर दिल्ली सरकार पर और पीडब्ल्यूडी विभाग पर जुर्माना लगाया है। एनजीटी ने दिल्ली सरकार पर दस हजार रुपए और पीडब्ल्यूडी विभाग पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### जय श्रीराम बोलने पर लाठी खाई, जेल गए लेकिन मेहनत रंग लाई

**फिरोजाबाद।** राम मंदिर आंदोलन में लाठियां खाकर गिरफ्तारी देने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यवीर गुप्ता का कहना है कि उन्होंने जय श्री राम कहने पर लाठियां खाई, आंदोलन किया, जेल गए लेकिन आज खुशी है कि मुझ जैसे रामभक्तों की मेहनत रंग लाई और अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर बन कर तैयार हो गया है। इसी दिन का हम सभी को बेसब्री से इंतजार था। सत्यवीर गुप्ता का कहना है कि उन्होंने अयोध्या मंदिर आंदोलन के लिए काफी संघर्ष किया था। नवंबर 1990 में तत्कालीन भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में जुलूस निकालकर गिरफ्तारी दी।

जब हिरन गांव स्थित अस्थाई जेल बनाकर उनको बंद किया, वहां अव्यवस्थाओं को लेकर आंदोलन व नारेबाजी की। तत्कालीन तहसीलदार राजेंद्र सिंह एवं पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। पुलिस ने लाठीचार्ज करने के साथ फायरिंग की थी। इसमें मेरे साथ करीब 15 रामभक्त घायल हुए थे। श्री गुप्ता का कहना है कि राम मंदिर बनने के साथ प्राण प्रतिष्ठा होने पर हम सबको बेहद खुशी है और इसी दिन का हम सभी राम भक्तों को इंतजार था। 22 जनवरी को यह इंतजार खत्म हो जाएगा और भव्य श्री राम मंदिर में श्री रामलला विराजमान होंगे।



## वर्ल्ड न्यूज

### हिंसा के बीच इक्वाडोर की जेल से 48 कैदी भागे

**क्विटो।** इक्वाडोर में आठ जनवरी को घोषित आंतरिक सशस्त्र संघर्ष के बीच देश के उत्तरी शहर एस्मेराल्डास की एक जेल से कम से कम 48 कैदी भाग गए। कैदियों के भागने का पता तब चला जब राष्ट्रीय पुलिस और सशस्त्र बलों ने जेल में तलाशी अभियान चलाया। एस्मेराल्डास जेल में रविवार का ऑपरेशन देश की सभी जेलों में सार्वजनिक बलों के एक साथ हस्तक्षेप का हिस्सा था। इसका उद्देश्य पिछले सप्ताह कई जेलों में भड़के दंगों के बाद नियंत्रण हासिल करना था।

### औरंगाबाद में पार्किंग को लेकर विवाद, चार की मौत

**पटना।** बिहार में औरंगाबाद जिले के नबीनगर में एक बुजुर्ग की हत्या से गुस्साए स्थानीय लोगों ने तीन लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी, जबकि गंभीर रूप से घायल दो युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक पलामू जिले के पांच युवक औरंगाबाद जिले के नबीनगर में मेला में आए थे। पार्किंग को लेकर हुए झगड़े में कुल चार लोगों की जान चली गई। नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ पर दुकान के आगे कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ। इस विवाद में कार सवार एक युवक ने दुकान में बैठे एक बुजुर्ग को गोली मार दी।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी के ठिकानों पर ईडी का छापा

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले के संबंध में मंगलवार को पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री जोशी के दो आवासों, जलदाय विभाग के दो ठेकेदारों और दो अधिकारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इस घोटाले पर पिछले छह महीने से ईडी की टीमें जांच कर रही हैं। जयपुर, दिल्ली और गुजरात की दस टीमों ने मंगलवार सुबह छह बजे पांच लोगों के ठिकानों पर दबिश दी। ईडी की कार्रवाई जयपुर और बांसवाड़ा समेत कई इलाकों में चल रही है।

### मणिपुर में छह उग्रवादी किए गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने हथियारों के साथ छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पश्चिम मणिपुर और मोरेह इलाकों में अलग-अलग अभियानों में छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में गोला-बारूद, नकदी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। दो उग्रवादियों ने सोमवार की देर शाम को मोरेह इलाके में गश्त कर रहे पुलिस दल के एक वाहन पर गोलीबारी की थी।

### रनवे पर यात्रियों ने खाया खाना इंडिगो-मुंबई एयरपोर्ट को नोटिस

**दिल्ली।** महाराष्ट्र में मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों के सड़क पर खाना खाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन (एमओसीए) की यूनिट ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने इंडिगो एयरलाइंस और मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। 6ई 2195 विमान रविवार (14 जनवरी) को रात 23:21 बजे डायवर्जन की वजह से मुंबई हवाई अड्डे पर उतरा. इंडिगो ने सुरक्षा जांच की प्रक्रिया का पालन किए बिना 15 जनवरी को यात्रियों को फ्लाइट से एप्रन पर उतरने की अनुमति दे दी।



## भारत की सबसे अमीर अभिनेत्री हैं ऐश्वर्या राय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऐश्वर्या राय बच्चन दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक हैं। वह काबिले तारीफ एक्ट्रेस हैं, जो अपनी प्यारी मुस्कान और कातिलाना अदाओं से किसी को भी घायल कर सकती हैं। बीते वर्षों में, ऐश्वर्या को काफी पहचान मिली है और उनकी लोकप्रियता की कोई सीमा नहीं है। अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के अलावा, एक्ट्रेस कई बड़े ब्रांड्स का चेहरा भी हैं और इसी के साथ अब वो सबसे अमीर एक्ट्रेसेस में से एक भी बन गई हैं।

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से एक ऐश्वर्या दौलत के मामले में भी टॉप पर आ गई हैं। ऐश्वर्या बच्चन ने संपत्ति के मामले में प्रियंका चोपड़ा, अनुष्का शर्मा, करीना कपूर, माधुरी दीक्षित को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की टॉप 10 सबसे अमीर अभिनेत्रियों की लिस्ट सामने आ गई है। इस मामले में ऐश्वर्या सबसे आगे हैं। नयनतारा इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। नयनतारा 100 करोड़ की मालकिन हैं। बॉलीवुड की सबसे अमीर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कुल संपत्ति 800 करोड़ रुपये है। इस बीच अफवाह थी कि ऐश्वर्या और अभिषेक का ब्रेकअप हो गया है। ऐसी भी अफवाहें थीं कि वे तलाक लेने वाले हैं, लेकिन इसके बाद दोनों को एक पार्टी में साथ देखा गया। इसके बाद इन अफवाहों पर विराम लग गया है।

**800 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति है ऐश्वर्या बच्चन के पास**

## सीरिया और इराकी कुर्दिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले

**एजेंसी, तेहरान**

**ईरान** के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने घोषणा की है कि तेहरान विरोधी आतंकवादी हमलों के जवाब में सीरिया और इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में आतंकवादियों और इजरायल की खुफिया सेवा मोसाद के ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है।

आईआरजीसी ने सेपा न्यूज पर प्रकाशित तीन बयानों में हमलों की घोषणा की, जिसमें ऑपरेशन के बारे में बताया और कहा कि यह मध्यरात्रि में किया गया। दक्षिणपूर्वी ईरानी प्रांत करमान और सिस्तान और बलूचिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों के साथ-साथ इजरायल की ओर से ईरानी और प्रतिरोध कमांडरों की हत्याओं की प्रतिक्रिया के रूप में आधी रात को ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। कुर्दिस्तान क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अनुसार, इराकी कुर्दिस्तान की राजधानी एरबिल पर आईआरजीसी की ओर से किए गए मिसाइल हमले के चलते चार लोग मारे गए।



### पूर्व सीडीएस बिपिन रावत के नाम पर रखा गया स्टेडियम का नाम

**जम्मू।** जेएंडके के बारामूला में स्टेडियम का नाम भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के नाम पर रखा गया है। पूर्व सीडीएस बिपिन रावत की दिसंबर 2021 में एक हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी। हादसे के समय वह सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर में सवार थे। हादसा इतना भयानक था कि उसमें पूर्व सीडीएस के साथ और भी कई लोगों की मौत हो गई थी।

### पीएम मोदी डिग्री बयान के मामले में सुप्रीम कोर्ट से संजय सिंह को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर दिए बयान के मामले में गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर से दाखिल मानहानि केस में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अंतरिम राहत दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने अहमदाबाद की एक अदालत में चल रहे मानहानि केस के ट्रायल पर रोक लगा दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मामला गुजरात से बाहर ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया। दरअसल, संजय सिंह ने प्रधानमंत्री को लेकर टिप्पणी की थी। इसको लेकर गुजरात यूनिवर्सिटी ने उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद ट्रायल कोर्ट ने समन जारी कर संजय सिंह को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था।

### हिंदू महिला का धर्मांतरण कराने के मामले में मौलाना समेत पांच किए गिरफ्तार

**हमीरपुर।** जनपद में बीते दिनों एक विवाहित हिंदू महिला से शादी करके धर्मांतरण करवाने के मामले में पुलिस ने मौलाना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मुस्करा थाना क्षेत्र के मस गांव निवासी मनीष गुप्ता पत्नी आकांक्षा के साथ छानी इलाके में किराए का मकान लेकर रहते थे। उनका आरोप है कि डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाले बीएससी छात्र अनीस खां ने उनकी पत्नी को अपने जाल में फंसा लिया। कुछ दिन बाद वह उसे अगवा कर अपने साथ ले गया, जहां उसने उनकी पत्नी से निकाह कर लिया।

धर्म परिवर्तन करवाकर उसका नाम आकांक्षा से फातिमा कर दिया गया। इसका एक वीडियो भी सार्वजनिक हुआ, जिसमें मौलाना निकाह पढ़ा रहा है। पीड़ित मनीष ने आरोपितों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस की टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए आखिरकार मौलाना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बिंवार थाना के प्रभारी निरीक्षक राकेश सरोज ने मंगलवार को बताया कि महिला का धर्मांतरण कराकर निकाह कराने के मामले में मौलाना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें अनीस खां, मौलाना मुस्ताक, राजू खान, बशीर और बेरी गांव निवासी खलील है।

**कार्यक्रम** भारतीय उद्योग परिसंघ के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री बोले

# 2030 तक सड़क हादसों को कम करने का लक्ष्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और 2030 तक दुर्घटना से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य है।

गडकरी ने 'सड़क सुरक्षा-भारतीय सड़कें @2030- सुरक्षा के स्तर को ऊपर उठाना' विषय पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि 'सड़क सुरक्षा के 4ई' -इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग)- प्रवर्तन- शिक्षा और आपातकालीन चिकित्सा सेवा को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना 2022 पर नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं होने से 1.68 लाख मौतें हुईं और चार लाख गंभीर घायल हुए। उन्होंने कहा कि हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं।




### सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि

**गडकरी** ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप सकल घरेलू उत्पाद को 3.14 प्रतिशत का सामाजिक-आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत मौतें 18 से 35 वर्ष की युवा आयु वर्ग में होती हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मृत्यु एक परिवार में कमाने वाले की हानि, नियोक्ता के लिए पेशेवर क्षति और अर्थव्यवस्था के लिए समग्र क्षति है।

### ड्राइवरों की नियमित आंखों की जांच पर जोर दिया

**गडकरी** ने कहा कि नागरिकों के बीच अच्छे यातायात व्यवहार के लिए पुरस्कार की प्रणाली से नागपुर में सकारात्मक परिणाम मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने ड्राइवरों की नियमित आंखों की जांच पर जोर दिया और संगठनों से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत इसके लिए मुफ्त शिविर आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों के बीच शिक्षा और जागरुकता, एनजीओ, स्टार्ट-अप, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आईआईटी, विश्वविद्यालयों, यातायात और राजमार्ग प्राधिकरणों के साथ सहयोग सड़क सुरक्षा के लिए अच्छी प्रथाओं को फैलाने का रास्ता है।